# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 22 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 22, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/voiceofluckn… voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1235 अंकों की गिरावट

व्यापक बिकवाली से सेंसेक्स 1,235 अंकों का गोता लगाते हुए सात महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। } 14



## नक्सल मुक्त भारत का संकल्प : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। } 14

# तुर्किये के होटल में लगी आग, 66 की मौत

एजेंसी



अंकारा। तुर्किये के गृह मंत्री ने कहा कि एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने कहा कि मंगलवार तड़के लगी आग में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हो गए। येरलिकाया ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा, हमें गहरा दुख है। दुर्भाग्य से इस होटल में लगी आग में हमने 66 लोगों की जान गंवा दी।

स्वास्थ्य मंत्री कमाल मेमिसोग्लू ने कहा कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, उस समय वह सो रहे थे। घटना के बाद वह इमारत से बाहर भागे। उन्होंने एनटीवी टेलीविजन को बताया कि इसके बाद उन्होंने होटल से करीब 20 मेहमानों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल में धुआं भर गया था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था। स्की प्रशिक्षक ने एनटीवी टेलीविजन को बताया, मैं अपने कुछ छात्रों से संपर्क नहीं कर पा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि वे ठीक होंगे। टेलीविजन पर दिखाए गए आग के दृश्यों में होटल की छत और ऊपरी मंजिलों में आग लगी हुई दिख रही है। आग लगने का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। एनटीवी टेलीविजन ने अनुमान जताया कि होटल के बाहरी हिस्से पर लकड़ी के आवरण ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ट्रंप के 80 कार्यकारी आदेशों से चौंकी दुनिया

## अमेरिकी सरकार में भारत का बढ़ता दिखा दबदबा, मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने का आदेश

एजेंसी



वाशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथलेने के बाद अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन 80 से ज्यादा कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर पूरी दुनिया को चौंका दिया। इनमें कई आदेश पूर्व राष्ट्रपति जो

❍ **अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ से किया अलग**

बाइडन की ओर से बनाए गए नियमों को खत्म करने के लिए थे।

वहीं, कुछ और आदेश अमेरिका को वैश्विक संगठनों से निकालने और अमेरिकी में तय प्रणालियों को बदलने से भी जुड़े हैं, वहीं दूसरी ओर ट्रंप सरकार में प्रवासी भारतीयों की उपस्थिति ने भी अमेरिका में बढ़ते भारतीय वर्चस्व की ओरपूरी दुनियाका ध्यान आकृष्ट किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस बेहद बुद्धिमान हैं और वह उन्हें ही उप राष्ट्रपति चुनते लेकिन उत्तराधिकारी का चुनाव अलग प्रकार से किया जाता है। उषा (39) के पति जेडी वेंस ने सोमवार को अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। सोमवार को गुलाबी कोट पहने उषा ने एक हाथ में बाइबिल ली हुई थी और दूसरे हाथ में बेटी मीराबेल रोज़ को थामा हुआ था, वहीं वेंस ने अपना बायां हाथ धर्म ग्रंथ पर रखकर और दायां हाथ उठाकर पद की शपथ ली। ट्रंप के अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने और जेडी वेंस के उप राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। ट्रंप ने कहा कि मैं जेडी को काफी समय से जानता हूं। मैंने ओहायो में उनका समर्थन किया था। वह बेहतरीन सांसद रहे और बहुत ही होशियार थे, लेकिन उनसे ज़्यादा होशियार उनकी पत्नी हैं। ट्रंप के ये कहने पर हॉल ठहाकों से गूंज उठा। ट्रंप

❍ **पेरिस जलवायु संधि से भी किया किनारा**

ने फिर जेडी की ओर देखा और कहा कि मैं उन्हें चुनता लेकिन उत्तराधिकार का नियम इस प्रकार से काम नहीं करता। डोनाल्ड ट्रंप ने शपथग्रहण के कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें कुछ प्रमुख आदेश- जन्म से नागरिकता का अधिकार खत्म करने का आदेश, विश्व स्वास्थ्य संगठन को छोड़ने का कदम, राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लागू करने की पहल और अमेरिका में सिर्फ दो लिंगों की पहचान से जुड़ा आदेश है। आव्रजन नीति और ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## आरजी कर मामला: अपील दायर करने की अनुमति मिली

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर अस्पताल के चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या करने के मामले में दोषी को मौत की सजा देने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में अपील दायर की और अदालत से आवश्यक अनुमति प्राप्त की। सियालदह अदालत ने संजय रॉय को मामले में मृत्यु तक कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने की घोषणा की थी और मुख्यमंत्री की इस घोषणा के 24 घंटे से भी कम समय में राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास द्वारा पारित आदेश को चुनौती देने के लिए मंगलवार सुबह न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी की खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर की। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और अपील ...शेष पृष्ठ 14 पर

# किसी के साथ नहीं होगा अन्याय : योगी

## जनता की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें : सीएम

विशेष संवाददाता



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां जनता दर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और त्वरित तथा संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्वाई करें और इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोरखनाथ मंदिर के प्रवास के दौरान मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। बयान के अनुसार, राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। मंगलवार को प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे। गौशाला में उन्होंने कुछ समय बिताया, गोसेवा की, गोवंश को दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और गोशाला के कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# यूपी के माध्यमिक विद्यालयों में भरे जायेंगे दस हजार पद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) व प्रवक्ता के लगभग 10 हजार पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश कैबिनेट ने बाई सकुर्लेशन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ शिक्षा सेवा नियमावली 2024 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

इसके तहत इन पदों पर भर्ती के लिए योग्यता में से समकक्ष शब्द हटा दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों में सहायक अध्यापक व प्रवक्ता के पदों पर भर्ती की जाती है। इसमें सहायक अध्यापक के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता थी। इसी तरह प्रवक्ता पद के लिए संबंधित विषय में स्नातक, बीएड या समकक्ष योग्यता, अर्हता लिखी हुई थी। पिछले दिनों इससे जुड़े कई मामले न्यायालय में गए और समकक्ष योग्यता को लेकर चुनौती दी गई। इसकी वजह से माध्यमिक विद्यालयों में भर्ती काफी समय से प्रभावित थी। ...शेष पृष्ठ 14 पर

# छत्तीसगढ़: एक करोड़ के इनामी नक्सली समेत 16 ढेर



एजेंसी

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक शीर्ष नक्सली नेता सहित कम से कम 12 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सोमवार को इसी अभियान के दौरान मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गई थीं तथा सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा पर मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह फिर से मुठभेड़ हुई, जिसमें 12 और नक्सली मारे गए। इसके साथ ही अभियान में मारे गए नक्सलियों की संख्या 16 हो गई है। गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान माओवादियों की केंद्रीय समिति के सदस्य जयराम उर्फ चलपति के रूप में हुई है, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम था। राखेचा ने बताया कि शेष मारे गए नक्सलियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि इलाके में अभी भी रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है तथा मृत माओवादियों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ से सीआरपीएफ का कोबरा बटालियन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सैफ को अस्पताल से मिली छुट्टी



मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान को मंगलवार शाम यहां स्थित लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई। पांच दिन पहले उनके घर में लूटपाट के प्रयास के दौरान एक व्यक्ति ने उन्हें चाकू मारकर घायल कर दिया था। खान अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद एक कार में सवार हुए और लीलावती अस्पताल से कुछ ही दूरी पर बांद्रा स्थित अपने सतगुरु शरण आवास पहुंचे। सोलह जनवरी की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम धामी ने किया तूफानी चुनाव प्रचार

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में तूफानी चुनाव प्रचार करते हुए ऋषिकेश, रुड़की, हरिद्वार, लक्सर उत्तरकाशी के बड़कोट आदि आधा दर्जन जनसभाओं को सम्बोधित कर व रोड-शो किये। उत्तराखंड में जारी स्थानीय निकायों के चुनावों में आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम हरिद्वार से भाजपा के मेयर प्रत्याशी किरण जैसल के पक्ष में रोड-शो किया, जिसमें जबरदस्त जनसमूह उमड़ा। हरिद्वार के तुलसी चौक से शुरू हुआ रोड-शो हरि की पैड़ी पर सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तराखंड में निकाय चुनाव में हर जगह भाजपा परचम लहराएगी और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है और भाजपा संतुष्टीकरण की राजनीति पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग ने सतत विकास में पूरे देश की रेटिंग में सभी राज्यों से उत्तराखंड पहले पायदान पर आया है। बेरोजगारी दर में एक साल में चार फीसदी की कमी कर दी है। सरकार ने सबके लिए समान नागरिकता कानून, नकल विरोधी कानून लागू किया है। इस अवसर पर हरिद्वार से लोकसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# शामली : एसटीएफ से मुठभेड़ में चार बदमाश ढेर

जिला संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के शामली जिले में पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के साथ मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी अपराधी और उसके तीन साथी मारे गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार सोमवार तथा मंगलवार की दरम्यानी रात झिंझाना थानाक्षेत्र में बिड़ौली चौसाना रोड पर उदपुर भट्टे के पास हुई इस मुठभेड़ में एसटीएफ के एक निरीक्षक को भी गोलियां लगी हैं। एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमिताभ यश ने एक बयान में बताया, सोमवार तथा मंगलवार की दरम्यानी रात एसटीएफ (मेरठ) की टीम के साथ हुई मुठभेड़ में मुस्तफा कग्गा गिरोह के सदस्य अरशद और उसके तीन अन्य साथी मंजीत, सतीश एवं एक अज्ञात मारे गए। यश ने बताया कि अरशद, सहारनपुर के बेहट थाने में दर्ज लूट के एक मामले में वांछित था। मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ने उस पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा कर रखी थी। अरशद के खिलाफ डकैती, लूट और हत्या के लगभग 21 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक सुनील कुमार को मुठभेड़ के दौरान कई गोलियां लगी हैं और उन्हें पहले हरियाणा के करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में चिकित्सकीय सलाह पर उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्वाई की जा रही है। एसटीएफ के एक बयान के अनुसार मुठभेड़ में मारे गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने .30 बोर की कार्बाइन, .30 बोर की एक पिस्तौल, .32 बोर की एक पिस्तौल, 315 बोर के दो तमंचे, 315 बोर का एक पौनिया, 25 अदद जिंदा कारतूस .30 बोर के अलावा विभिन बोर के कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों की सफेद रंग की ब्रेजा कार भी पुलिस ने जब्त कर ली। एसटीएफ के अनुसार 2011 में कुख्यात सरगना मुस्तफा उर्फ कग्गा के पुलिस मुठभेड़ में सहारनपुर में मारे जाने के बाद इस गिरोह की कमान शातिर अपराधी मुकीम काला ने संभाली थी। मुकीम काला को 2015 में एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2021 में चित्रकूट जिला कारागार में गैंगवार में मुकीम काला मारा गया। उसकी मौत के बाद ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी (पृष्ठ-02)

❍ बुद्ध सर्किट भ्रमण के लिए आये नौ देशों के बौद्ध भिक्षु (पृष्ठ-02)

❍ भारतीय प्रतिभाएं हर जगह अपना लोहा मनवा रही हैं (पृष्ठ-14)

❍ भारतीय खाद्य पदार्थों के लिए अपार संभावनाएं (पृष्ठ-14)

❍ रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ बंद (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार कर रहे विराज सागर दास, राजधानी में जलवाये अलाव

# बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को मिली सर्दी से भारी राहत

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार करने के लिए डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा लगातार राजधानी लखनऊ में सामाजिक कार्य तथा गरीबों, असहायों की मदद करने व भीषण सर्दी में अलाव की व्यवस्था कर बढ़-चढ़ कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है।

सर्दी से राहत दिलाने के लिए अलाव जलाने की जहां तक बात है, राजधानी लखनऊ में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन सदैव अपने पुनीत कार्यों के लिए लोकप्रिय रहा है। फाउंडेशन द्वारा इस जाड़े में आम जनता को निजात दिलाने के लिए लगातार राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाये जा रहे हैं। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की एक टीम ने मंगलवार को










जहां ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स ऑफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जेपीसी बैठक : शिया वक्फ बोर्ड ने जताई भविष्य को लेकर चिंता

एजेंसी

लखनऊ। वक्फ संशोधन विधेयक के सिलसिले में गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मंगलवार को यहां एक अहम बैठक हुई। बैठक में शिया वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि तथा सरकार के नुमाइंदे शामिल हुए।

बैठक में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बैठक में जेपीसी सदस्यों के सामने वक्फ संपत्तियों से जुड़े विभिन्न पक्षकारों ने अपनी-अपनी बात रखी। राजभर ने कहा, सरकार की मंशा बिल्कुल साफ है। वह वक्फ संपत्तियों का लाभ गरीब मुसलमानों को भी देना चाहती है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, जिन लोगों ने वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जा किया है, वे ही वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध कर रहे हैं। बैठक में शामिल रहे उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने बताया कि उन्होंने बैठक में अपना पक्ष रखा। जैदी ने बताया कि उन्होंने खासकर वक्फ बिल इस्तेमाल संपत्तियों के भविष्य को लेकर व्याप्त अनिश्चितता को जेपीसी के सामने रखा है। उन्होंने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक के मसविदे में वक्फ बिल इस्तेमाल संपत्तियों को वक्फ की श्रेणी से बाहर करने की बात कही गई है, ऐसे में सवाल ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# महाकुम्भ सनातन संस्कृति का जयघोष और भारत की आर्ष परंपरा की दिव्यता का प्रतीक

## हर्षवर्धन और विक्रमादित्य जैसे प्रचंड पुरुषार्थी प्रशासक हैं योगी आदित्यनाथ : स्वामी अवधेशानंद गिरी

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने महाकुम्भ 2025 के भव्य और सफल

- **महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर ने की सीएम योगी की तारीफ**
- **कहा, योगी जी से भारत को अनेक आकांक्षाएं, आशाएं और अपेक्षाएं, भारत की दृष्टि है उनपर**
- **महाकुम्भ की विराटता, अद्भुत समागम, उत्कृष्ट प्रबंधन योगी आदित्यनाथ के संकल्प का परिणाम**

आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना प्राचीन भारत के महान शासकों हर्षवर्धन और विक्रमादित्य से की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उन महान शासकों की परंपरा को नए युग में संवर्धित किया है। वे केवल एक शासक नहीं, बल्कि प्रचंड पुरुषार्थ और संकल्प के धनी व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों ने महाकुम्भ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।



**भारत की दृष्टि योगी आदित्यनाथ पर :** स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि भारत का भविष्य योगी आदित्यनाथ की ओर देख रहा है। भारत उनसे अनेक आकांक्षाएं, आशाएं और अपेक्षाएं रखे हुआ है। भारत की दृष्टि उनपर है। उनमें पुरुषार्थ और निर्भीकता है। वे अजेय पुरुष और संकल्प के धनी हैं। महाकुम्भ की विराटता, अद्भुत समागम, उत्कृष्ट प्रबंधन उनके संकल्प का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत का राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में योगी जी ने महाकुम्भ को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। आस्था का यहां जो सागर उमड़ा है, इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने बहुत श्रम किया है। चप्पे चप्पे पर उनकी दृष्टि है।

**हम अभिभूत हैं ऐसे शासक और प्रशासक को पाकर :** स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि आज सनातन का सूर्य सर्वत्र अपने आलोक रश्मियों से विश्व को चमत्कृत कर रहा है। भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है। संसार का हर व्यक्ति महाकुम्भ के प्रति आकर्षित हो रहा है। हर क्षेत्र में विशिष्ट प्रबंधन और उच्च स्तरीय व्यवस्था महाकुम्भ में दिख रही है। भक्तों के बड़े सैलाब को नियंत्रित किया जा रहा है। सुखद, हरित, स्वच्छ, पवित्र महाकुम्भ उनके संकल्प में साकार हो रहा है। हम अभिभूत हैं ऐसे शासक और प्रशासक को पाकर, जिनके सत्संकल्प से महाकुम्भ को विश्वव्यापी मान्यता मिली है। यूनेस्को ने इसे सांस्कृतिक अमूर्त धरोहर घोषित किया है। यहां दैवसत्ता और अलौकिकता दिखाई दे रही है। योगी आदित्यनाथ के प्रयास स्तुत्य और अनुकरणीय हैं तथा संकल्प पवित्र हैं। विश्व के लिए महाकुम्भ एक मार्गदर्शक बन रहा है, अनेक देशों की सरकारें सीख सकती हैं कि अल्पकाल में सीमित साधनों में विश्वस्तरीय व्यवस्था कैसे की जा सकती है।

**आस्था का महासागर और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक :** महामंडलेश्वर ने महाकुम्भ को सनातन संस्कृति का जयघोष और भारत की आर्ष परंपरा की दिव्यता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व नर से नारायण और जीव से ब्रह्म बनने की यात्रा का संदेश देता है। महाकुम्भ को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन दिखाता है कि हम अलग अलग जाति, मत और संप्रदाय के होने के बावजूद एकता के सूत्र में बंधे हैं। उन्होंने महाकुम्भ को गंगा के तट पर पवित्रता और संस्कृति का संगम बताया। गंगा में स्नान को आत्मा की शुद्धि और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया।

## महाकुम्भ में पहली बार एनिमेटेड फिल्म का होगा प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भव्य और दिव्य महाकुम्भ में इस बार कई नई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में महाकुम्भ मेले के इतिहास में पहली बार किसी एनिमेटेड फिल्म का प्रदर्शन होने जा रहा है। महाकुम्भ मेले में एक ऐतिहासिक पहल के तहत इंडो-जापानी एनिमेटेड फिल्म ह्यरामायण - द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामह्न का हिंदी संस्करण प्रदर्शित किया जाएगा। यह विशेष स्क्रीनिंग मुख्य अतिथि और प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की उपस्थिति में 22 जनवरी बुधवार को सुबह 10:00 बजे दिव्य प्रेम सेवा शिविर, सेक्टर 6, नेत्र कुंभ के पास आयोजित होगी।

- **रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम का महाकुम्भ में होगा ऐतिहासिक प्रदर्शन**
- **बुधवार को सेक्टर 6 स्थित दिव्य प्रेम सेवा शिविर में होगा विशेष स्क्रीनिंग इवेंट**

फिल्म भगवान श्रीराम की अद्वितीय गाथा, उनकी निष्ठा और अधर्म पर धर्म की विजय को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है। यह महाकुम्भ मेले में बच्चों के लिए खास तौर पर आयोजित की जा रही है। आयोजनकर्ताओं के अनुसार, यह फिल्म परिवारों और हर आयु वर्ग के दर्शकों के लिए प्रेरणादायक और मनोरंजक होगी। यह फिल्म 24 जनवरी 2025 को देशभर में रिलीज की जाएगी। महाकुंभ में इसका प्रदर्शन इसे और अधिक विशेष बनाता है। इस अद्भुत सिनेमाई अनुभव का आनंद लेने के लिए श्रद्धालु सुबह 10 बजे दिव्य प्रेम सेवा शिविर, सेक्टर 6 में आ सकते हैं।

# महाकुंभ को अलौकिक बनाने में कोई कोर-कसर नहीं रखीं : शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत प्रयागराज शहर सहित कुंभ मेला क्षेत्र में 28, 29 एवं 30 जनवरी को श्रद्धालुओं की भारी

- **महाकुंभ मेले के प्रबंधन हेतु ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री तीन दिन से मेला क्षेत्र में डटे**
- **उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये जरूरी निर्देश**

भीड़ रहेगी। मौनी अमावस्या के दिन 08 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाने की संभावना है। इस दृष्टि से अभी से सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं के लिए पूरी तरह से सतर्क रहें। महाकुंभ मेले के प्रबंधन हेतु ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री तीन दिन से मेला क्षेत्र में डटे हैं। मेला



प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्होंने कहा कि महाकुंभ को अद्वितीय और अलौकिक बनाने में कोई कोर-कसर नहीं रखनी है। लोगों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाय और तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाय। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ रही भीड़ के दृष्टिगत खासकर मौनी अमावस्या में महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर युद्ध स्तर पर सक्रिय दिखे। उन्होंने सोमवार को शाम मेला प्राधिकरण कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिया।

उन्होंने मेला में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क, परिवहन, व रेलवे के उच्च अधिकारियों को भी अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए सभी यात्रियों को रोडवेज बस और ट्रेनों के विषय में टोल फ्री नंबर के माध्यम से जानकारी दिया जाये। और मेला क्षेत्र में ऐसे सभी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी बैनर पोस्टर और अन्य माध्यम से प्रचारित किया जाये। भीड़ को सूचना देने और नियंत्रित करने में कहीं पर भी चूक न हो। श्रद्धालुओं के लिए कुंभ क्षेत्र में प्रवेश और निकास और अन्य सुविधाओं को दशार्ने वाले बोर्ड की भी समुचित व्यवस्था हो।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र में आगजनी, भगदड़ की घटना न हो होने पाए, इसकी समुचित व्यवस्था की जाए। मेला क्षेत्र में लगे विद्युत उपकरणों की नियमित निगरानी की जाए तथा लोगों को सचेत किया जाए, जहाँ भी कोई समस्या हो उसकी तुरंत जानकारी दें, जिससे कि समय से समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र में सफाई कार्यो और स्वच्छता की सभी श्रद्धालु प्रशंसा कर रहे हैं, इसे लगातार बनाए रखना है, आने वाले शाही स्नान मौनी अमावस्या को जबरदस्त भीड़ रहेगी, जिससे सफाई व्यवस्था को बनाए रखना चुनौती पूर्ण होगा। फिर भी हमें अपने कार्यों के प्रति गंभीर रहना है और शहर के सभी सामुदायिक व सार्वजनिक शौचायलयों के साथ मेला क्षेत्र में स्थापित शौचायलयों की सफाई पर विशेष ध्यान देना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सड़क और तिराहे पर बिजली और लाइटिंग की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जलकल विभाग के कार्मिक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सीवर सफाई एवं जल निकासी पर विशेष रूप से ध्यान देंगे। महत्वपूर्ण जगहों और शेल्टर होम के पास पानी के टैंकर रखवाए जाए, शेल्टर होम में श्रद्धालुओं के रुकने, उनके खानपान और जलपान व चाय आदि की भी व्यवस्था की जाए।

# महाकुम्भ में सिलेण्डर की जांच अनिवार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा एल.पी.जी.

- **अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पर सख्ती**
- **खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा एलपीजी सुरक्षा पर आयोजित की गई विशेष बैठक**
- **एल.पी.जी. रिसाव से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए दिशानिर्देश जारी**

सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें विभागीय अधिकारियों, एल.पी.जी. वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों, और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एलपीजी के रिसाव से हो रही दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए।

### इन निर्देशों का करना होगा पालन

**सिलेण्डर की जांच अनिवार्य:** एल.पी.जी. सिलेण्डरों की लिकेज जांच तकनीकी सहायकों द्वारा की जाएगी। लिकेज मिलने पर सिलेण्डर की आपूर्ति रोक दी जाएगी।

**सुरक्षा उपकरणों का उपयोग:** उपभोक्ताओं के गैस सिलेण्डर, पाइप और रेगुलेटर की जांच कर, मानक के अनुसार न होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिए गए।

**आकस्मिकता से निपटने की तैयारी:** मेला क्षेत्र में तकनीकी सहायकों की टीमों को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगी।

**गैस आपूर्ति का नियमन:** मेला क्षेत्र में अधिकतम 100 किग्रा गैस तक ही भण्डारण की अनुमति होगी। हर आपूर्ति वाहन का पूरा विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा।

**घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्ती :** गोष्ठी में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सुरक्षित महाकुम्भ की प्रतिबद्धता :** खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी एल.पी.जी. वितरकों और अधिकारियों को मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में यह तय किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। बैठक में प्रमोद शर्मा सीएफओ कुम्भ एवं सुनील कुमार खाद्य एवं रसद अधिकारी मौजूद रहे।

# महाकुंभ में उच्च शिक्षा निदेशालय के कैंप कार्यालय का मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ 2025 के भव्य और दिव्य आयोजन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ मेले में उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज का कैंप कार्यालय स्थापित किया है। इस कैंप कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने महाकुंभ के ऐतिहासिक महत्व और सरकार की दूरदृष्टि पर प्रकाश डालते हुए इसे राष्ट्रीय और सांस्कृतिक धरोहर को जन-जन तक पहुंचाने का बड़ा मिशन बताया।

उच्च शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में 144 वर्षों बाद आयोजित इस महाकुंभ के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डाला और कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा छात्र हितैषी



नीतियों को मेले में आए जनसमुदाय तक पहुंचाने के लिए इस कैंप कार्यालय की स्थापना की गई है। कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमित भारद्वाज ने उच्च शिक्षा मंत्री का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण के साथ स्वागत किया। सहायक निदेशक डॉ. बीएल शर्मा ने भी उच्च शिक्षा मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा नेता की हत्या पर भाजपा सरकार पर मंगलवार को निशाना साधते हुए बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। अपराधी दिन दहाड़े हत्याएं कर रहे है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं है। पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय निदोर्षों को प्रताड़ित कर उनकी जान ले रही है। भाजपा सरकार में लोग सुरक्षित नहीं है।

अमरोहा में सोमवार को सपा के नेता इशरत अली की दिन दहाड़े बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। कासगंज में रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र प्रसाद कश्यप की हत्या हो गयी। गाजियाबाद में बदमाशों ने रुपए से भरा बैग लूट लिया। पूरे-प्रदेश में हर दिन अपराध की सैकड़ों घटनाएं हो रही है। सरकार का कानून-व्यवस्था और पुलिस का अपराध पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। भाजपा सरकार में पुलिस से जनता का भरोसा उठ गया है। इस सरकार में पुलिस मदद के बजाय लूट रही है। कानपुर में डायल 112 पर मदद के लिए फोन मिलाने पर पहुंचे पुलिस वालों ने पीड़ित की ही पिटाई कर पैसे छीन लिये। इसी तरह से भाजपा सरकार में हिरासत में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा सरकार में पुलिस रक्षक की जगह भक्षक बन गई है। संभल में घर से पूछताछ के नाम पर घर से ले गये युवक की हिरासत में मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद जन आक्रोश भड़क गया। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। इस सरकार ने हिरासत में मौतों के मामले में यूपी को नम्बर एक बना दिया है। याद रहे अन्याय करने वाली भाजपा सरकार अब अपने अंतिम दौर में है। जनता भाजपा के अन्याय, उत्पीड़न को देख रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर सपा की सरकार बनायेगी। न्याय और कानून का शासन स्थापित होगा।

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में आज डुबकी लगायेंगे सीएम योगी

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

**12 बजे शुरू होगी बैठक :** महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया

- **कैबिनेट बैठक के बाद त्रिवेणी संगम की पावन धारा में पूरे मंत्रिमंडल के साथ करेंगे स्नान**
- **श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए बदला बैठक का स्थान**
- **मेला प्राधिकरण के बजाय अरैल के त्रिवेणी संकुल में बुधवार को आयोजित होगी बैठक**
- **2019 कुम्भ में भी सीएम योगी ने पूरी कैबिनेट के साथ लगाई थी संगम में आस्था की डुबकी**

है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

**सभी मंत्री करेंगे विधिवत पूजन :** बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

# बुद्ध सर्किट भ्रमण के लिए आये नौ देशों के बौद्ध भिक्षु

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन के संयुक्त तत्वाधान में नौ देशों के बौद्ध भिक्षुओं का दल राज्य भ्रमण के लिए आया है। बौद्ध भिक्खु 18 से 30 जनवरी तक बुद्ध सर्किट से जुड़े गंतव्यों का दर्शन करेंगे। यह दल 19 जनवरी को राजधानी लखनऊ पहुंचा। इनके सम्मान में 20 जनवरी की देर शाम शांति उपवन बौद्ध विहार में संगोष्ठी और स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह दल 21 जनवरी को श्रावस्ती के लिए रवाना हुआ, जो कुशीनगर, सारनाथ और कौशांबी में भ्रमण करेगा। इसके बाद सभी भिक्खु श्रावस्ती के लिए रवाना हो गए। यह दल 22-23 जनवरी को श्रावस्ती, 24-26 जनवरी को कुशीनगर, 27-28 जनवरी को सारनाथ और 29-30 जनवरी को कौशाम्बी पहुंचेगा।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन और लाइट ऑफ बुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धम्म यात्रा में कम्बोडिया, थाईलैंड, वियतनाम, म्यांमार आदि थेरवादी बौद्ध देशों के वो विशिष्ट भिक्खु सम्मिलित हैं, जो प्रतिदिन कम से कम 30 किलोमीटर चारिका करने के अभ्यस्त हैं। साथ में ब्राजील, पुर्तगाल, अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के श्रद्धालु बौद्ध उपासक भी उत्तर प्रदेश के बौद्ध पर्यटन में सम्मिलित हैं। भिक्खुओं का दल प्रत्येक स्थान पर बुद्ध पूजा-पाठ भी करेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि राजधानी लखनऊ के शान्ति उपवन बुद्ध विहार, आलमबाग में 20 जनवरी 2025 को विश्व शान्ति के लिए बुद्ध के वचनों के संग्रह धम्मपद का अखंड पाठ, नृत्य नाटिका, फिल्म प्रदर्शन, संघदान आदि किया गया।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और डॉ. कुमार विश्वास ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुंभनगर/लखनऊ।** भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत और लोक आस्था के महापर्व एवं धर्म, अध्यात्म एवं संस्कृतियों के महासमागम महाकुम्भ 2025 में सम्मिलित होते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द एवं प्रख्यात कवि युग वक्ता एवं अपने-अपने राम के जरिये प्रभु श्री राम की कथा का वैज्ञानिक एवं तार्किक विश्लेषण करने

- **औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश सरकार की ओर से किया स्वागत**
- **मंत्री नन्दी ने पूर्व राष्ट्रपति का हाथ पकड़ कर कराया स्नान**

वाले डॉ. कुमार विश्वास ने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। मंत्री नन्दी ने संगम घाट पर भारत गणराज्य के पूर्व



राष्ट्रपति का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। वहीं डॉ. कुमार विश्वास ने मां गंगा का जयकारा लगाते हुए एवं श्री राम धुन गुनगुनाते हुए स्नान किया।

मंत्री नन्दी ने मंगलवार को दिन में संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत एवं अभिन्दन किया। वीआईपी घाट पर पर पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ संगम की पवित्र जलधारा में डुबकी लगाई। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति का हाथ पकड़ कर स्नान में उनका सहयोग किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने प्रयागराज में आयोजित नव्य, भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ के आयोजन एवं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। पूर्व राष्ट्रपति ने स्नान के बाद मंत्रोच्चारण के बीच सपरिवार मां गंगा, यमुना एवं अदृष्य सरस्वती की पूजा-अर्चना की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए एवं उनके सवालों का जवाब देते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देश के आर्थिक विकास में गेम चेंजर साबित होगा। इससे देश के जीडीपी इकोनॉमी कंडीशन में काफी सुधार होगा। स्नान एवं पूजा के बाद पूर्व राष्ट्रपति मेला क्षेत्र के सेक्टर 24 स्थापित नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचे जहां उन्होंने शिविर का उद्घाटन किया। प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। डॉ. कुमार विश्वास भी नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचे। प्रख्यात कवि एवं राम कथा मर्मज्ञ डॉ. कुमार विश्वास का भी मंत्री नन्दी ने संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट पर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मां गंगा की महिमा का गुणगान करते हुए डॉ. कुमार विश्वास ने मंत्री नन्दी के साथ पवित्र जलधारा में डुबकी लगाई।

स्नान के दौरान कुमार विश्वास ने ये गंगा का किनारा है, ये गंगाा का किनारा है... गुनगुनाने के साथ ही गंगा के महात्म्य को वर्णित कर रही लाइनों को पढ़ते हुए कहा। **तपस्वी राम के चरणों चढ़ी उपहार तक आई, हमारी मां हमारे लोक के स्वीकार तक आई :** कुमार विश्वास ने कहा कि 144 वर्षों में यह संयोग जुड़ा है। यह परम सौभाग्य है। महाकुम्भ के इस आध्यात्मिक चेतना एवं स्पंदन से पूरे विश्व को मार्ग मिलेगा और भारत के विश्व गुरू बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। कुमार विश्वास ने कहा कि हमारी अपेक्षा यही है कि तमाम

- **पूर्व राष्ट्रपति ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर का किया उद्घाटन**
- **पूर्व राष्ट्रपति ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन देश के आर्थिक विकास में गेम चेंजर साबित होगा**

राजनीतिक दल अपनी टिप्पड़ियां बंद कर मां गंगा की जल धारा में डुबकी लगाएं। क्योंकि यह महाकुम्भ सर्वजन हिताय आयोजन है। जहां सभी जाति, धर्म, सम्प्रदाय एवं पंथ के लोगों का स्वागत एवं अभिनन्दन है।

संक्षेप

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत



**प्रतापगढ़।** तीव्र गति से डंपर ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के जोधेपुर गांव बेंदुआन अठेहा निवासी दयाराम गुप्ता का पुत्र सूरज 20 सोमवार को देर शाम अठेहा बाजार से साइकिल से घर लौट रहा था। अठेहा में बड़ौदा बैंक के पास पीछे से अमेठी की तरफ से आ रहे डंपर ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। इलाज के लिए परिजन उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये। इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की सांसे थम गयीं। जानकारी मिलने पर रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक चार भाईयों मे सबसे बड़ा था। वह रोजमर्रा मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता था।

## व्यापारी के निधन पर जताया गया शोक

**प्रतापगढ़।** नगर के व्यापारी अशोक मोदनवाल 52 का मंगलवार की सुबह गंभीर बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर बाजार में शोक छा गया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने व्यापारी के निधन पर दुःख जताया है। वहीं व्यापार मण्डल की हुई शोक सभा में अशोक मोदनवाल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, अंजनी कौशल, एबादुर्रहमान, सदाशिव जायसवाल, पप्पू जायसवाल, डॉ. ओमप्रकाश जायसवाल, झुन्ना तिवारी, राजकुमार मिश्र, डॉ. सुनील मोदनवाल आदि रहे।

## दो पर मारपीट, दलित उत्पीड़न का केस

प्रतापगढ़। क्रिकेट मैच के दौरान हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत रसूलपुर गुलरहा गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र रामखेलावन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बारह जनवरी को वह गांव में ही चल रहे क्रिकेट टूनार्मेण्ट में मैच खेलने गया था। आरोप है कि इसी बीच गांव के प्रभाकर तिवारी उर्फ ज्ञानू पुत्र स्व. सुरेश नारायण तिवारी तथा अमन तिवारी पुत्र वीरेन्द्र तिवारी वहां पहुंचे और मैच खेलने को लेकर दबाव बनाने लगे। पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दी और मारापीटा। वहां मौजूद लोगों के बीचबचाव करने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद प्रभाकर व अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जुर्म और जरायम पर पुलिस का खौफ, खाकी का रुतबा बुलंद

- जुर्म और जरायम पर बेल्हा में खाकी की तड़तड़ाहट से जीरो टॉलरेंस को मिल रही नजीर
- कड़क मिजाज एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान में बदमाशों से खुलकर लोहा ले रही खाकी

ज्ञानप्रकाश शुक्ल



**प्रतापगढ़।** बेल्हा में इधर जुर्म और जरायम पर पुलिस का खौफ भी खाकी का रूतबा बुलन्द किये हुए लगातार दिख रहा है। कमाण्ड हाउस की हनक जुर्म और जरायम की कमर तोडने मे काफी हद तक कानून के राज को कडक बनाए हुए है। वही पुलिस के सफलतापूर्वक अपराध नियंत्रण अभियान से लोगों में सकून की नींद बहाल होने का सकून भी हर चेहरे पर देखा जा रहा है। जिले के युवा एवं तेजतर्रार पुलिस कप्तान डॉ. अनिल कुमार बेल्हा में खुलकर अपनी यादगार पारी खेल रहे हैं। पुलिस बेखौफ बदमाशों से खुलकर लोहा ले रही है। पुलिस की गोलियों की तडतड़ाहट आये दिन बेल्हा में अब बदमाशों को लहूलुहान करने का दमखम जान की बाजी पर साहस व शौर्य का प्रदर्शन कर रही है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात पुलिस ने बदमाशों से सीधा लोहा लिया। दो अर्न्तजनपदीय बदमाश न केवल दबोचे गये बल्कि पुलिस टीम पर फायरिंग का रिस्क उन्हें भारी पड़ा। दोनों बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली जुर्म और जरायम को कराहने के लिए मजबूर कर बैठी। एसपी डॉ. अनिल कुमार का बेहतर पुलिस प्रबंधन और जनसंवाद की शैली प्रतापगढ़ में कानून और व्यवस्था की यूपी पुलिस के लिए अब नजीर भी आंकी जाने लगी है। एसपी कार्यालय में रोज पीड़ितों की सीधी सुनवाई और मातहतों पर लापरवाही को लेकर कडी दण्डात्मक कार्रवाई अपराध नियंत्रण के योगी सरकार के जीरो टालरेंस पर प्रतापगढ़ मुहर लगा रहा है। एसपी कार्यालय से लेकर थानों में जन सुनवाई की पारदर्शिता और महाकुम्भ के दौरान रात में पुलिस का हाईअलर्ट मोड मे होना बेल्हा की कानून व्यवस्था के लिए कमाण्ड हाउस की मजबूत किलेबंदी सफलता पर सफलता लेने की ओर है। प्रतापगढ़ में बदमाशों के पैर पर गोली की हनक सुनाई पड़ना अमन पसंद लोगों के लिए चैन की नींद ले आयी है। एसपी डॉ. अनिल कुमार जिले मे ईमानदारी तथा कड़क मिजाजी के लिए मशहूर हो उठे हैं। एसपी का खौफ और खाकी की गर्माहट जुर्म और जरायम के लिए प्रतापगढ़ बदमाशों के लिए खौफजदा हो उठा है। एसपी के मिशन प्रतापगढ़ को लेकर व्यापारियों को भी कारोबारी के क्षेत्र में निर्भय माहौल सराहना के सुर में है। वहीं संभ्रान्त नागरिकों के साथ अधिवक्ताओं तथा सामाजिक संगठनों के लोगों में भी बेल्हा की शांतिमय कानून व्यवस्था को लेकर तारीफ के सुर खाकी के मनोबल को मजबूत संबल प्रदान कर रहा है।

## संभल दंगा मामले में आयोग की कार्रवाई शुरू

**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुए दंगों से प्रभावित इलाकों का मंगलवार को निरीक्षण किया और लोगों के बयान दर्ज करने के लिए सुनवाई शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले साल के अंत में गठित आयोग ने शाही जामा मस्जिद क्षेत्र सहित इन स्थानों का फिर से दौरा किया, जहां 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। न्यायिक आयोग में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा, उप्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक अरविंद कुमार जैन और राज्य के पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं। सरकार ने आयोग का गठन दंगों की जांच करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए किया है। इसके पहले भी आयोग ने संभल का दौरा किया था।

आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार विश्नोई और मुरादाबाद रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मुनिराज जी भी थे। आयोग के सदस्यों ने नेतृत्व में टीम ने एक घंटे से अधिक समय तक व्यापक निरीक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने संभल में चंदौसी रोड पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पहुंचकर सुनवाई शुरू की। आयोग के सदस्य आज शाम चार बजे तक लोगों का बयान दर्ज करेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए आयोग के सदस्य और पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन ने कहा, 'हमने यह शिविर इसलिए लगाया है ताकि जो लोग अपना पक्ष रखना चाहते हैं और जानकारी देना चाहते हैं, उन्हें लखनऊ न जाना पड़े। यह उनकी सुविधा के लिए है। हम उनकी बात सुनने के लिए 4-5 घंटे यहां रहेंगे।'

## गोलीबारी कर वीडियो साझा करने वाले आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़, एक के पैर में गोली लगी

**मेरठ।** मेरठ में पिस्तौल से गोलीबारी कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपियों से पुलिस दल की मंगलवार को मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार की सुबह जानी पुलिस दल द्वारा वीडियो से जुड़े आरोपियों को पकड़ने के लिए वाहनों की जांच की जा रही थी और उसी दौरान यह घटना हुई।

## जरूरतमंदों को बांटे गये कंबल, राहत में लाभार्थी



**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बेलहा गांव में मंगलवार को जरूरतमंदों को कंबल बांटा गया। सेवा प्रथम फाउंडेशन की ओर से परम्परागत कंबल वितरण में सैकड़ो लाभार्थियों ने कंबल पाकर राहत महसूस हुई दिखी। संयोजक एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष इं. अतुल शुक्ला ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा निश्छल होनी चाहिए। लाभार्थी हरी लाल गौतम, नरेन्द्र सिंह, सोनिया यादव, सबीना बानो आदि ने आयोजन को सराहा। कार्यक्रम का संचालन अभिनव शुक्ल ने किया। इस मौके पर कृष्णदत्त शुक्ल, चक्रधर शुक्ल, अवशेष शुक्ल, अधिवक्ता आलोक शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता, दिनेश यादव, विद्याधर शुक्ल आदि रहे।

## मन की निर्मलता में है प्रभु की कृपा-पं. जगदीप तिवारी

**प्रतापगढ़।** नगर के संगम चौराहे के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के भक्त वात्सल्य का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास वृंदावन से पधारे पं. जगदीप तिवारी ने कहा कि भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए मन को सदैव निर्मल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से श्रीकृष्ण की आराधना का प्रतिफल भक्त को सदैव भगवान के वात्सल्य में मिला करता है। उन्होंने कहा कि मनोकामना सदैव स्वान्तः सुखाय की जगह सर्वसुख की होनी चाहिए। कथाव्यास जगदीप तिवारी ने श्रीमदभागवतगीता के हर स्त्रोत को जीवन पथ का सुमंगल मार्गदर्शन निरूपित किया। वहीं कथा में भगवान बांके बिहारी के सुमधुर भजन पर महिला श्रद्धालुओं को मनमोहक भाव नृत्य में रमे देखा गया। समाजसेवी देवीदयाल द्विवेदी तथा जगदीश द्विवेदी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। अधिवक्ता मुकेश द्विवेदी ने कथाव्यास को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर मिथलेश जायसवाल, अमितेश शुक्ल, दिनेश सिंह, हेमन्त पाण्डेय, पं. रामकृष्ण ओझा, रामलोचन त्रिपाठी आदि रहे।

# मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को पैर में लगी गोली

- बदमाशों पर शिकंजा कसने को लेकर खाकी की हुई वाहवाही, टीम को मिलेगा इनाम



**प्रतापगढ़।** एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस को मुठभेड़ में दो शातिर अर्न्तजनपदीय बदमाशो को दबोचने में बड़ी कामयाबी मिली है। बदमाशों के साथ पुलिस की हुई साहसिक मुठभेड़ में सोमवार की रात लालगंज पुलिस ने हिरासत मे लिए गए बदमाशों से धोखाधड़ी कर पीड़ित से हडपे गये नकदी के साथ तमंचे व कारतूस भी बरामद किये हैं। जिले के एसपी डॉ. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव सोमवार की रात फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस की चेकिंग अभियान के तहत कोतवाली के उधरनपुर नाले के समीप अचानक बदमाशों से आमना सामना हो गया। फोर्स को देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी जबाबी फायरिंग करते हुए बदमाशों से लोहा ले लिया। पुलिस की जबाबी फायरिंग में दोनों शातिर बदमाशों के पैर में गोली लग गयी। पुलिस की गोली लगने पर बदमाश लहूलुहान होकर गिर पड़े। पुलिस टीम ने बदमाशों को दबोचा। पकड़े गये बदमाश जिले की नगर कोतवाली के अचलपुर निवासी मो. अख्तर के पुत्र शोएब उर्फ रफी 29 के बाएं पैर एवं सांगीपुर थाना के तारापुर निवासी रामसुंदर सिंह के पुत्र रामसिंह 52 के दाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाशों को पुलिस इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आयी। प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल बदमाशो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में मंगलवार को बदमाशो का उपचार जारी बताया गया। घायल बदमाश शोएब उर्फ रफी के पास से तमंचा व कारतूस तथा धोखाधड़ी के छः हजार रुपए एवं रामसिंह के पास से भी तमंचा व कारतूस के साथ धोखाधड़ी के दो हजार रुपए बरामद हुए हैं। बदमाशों के पास से मोबाइल फोन व सीजर बाइक भी बरामद करने में पुलिस को कामयाबी मिली है। घायल बदमाश शोएब उर्फ रफी एवं रामसिंह के खिलाफ प्रतापगढ़ थाना अमेठी व रायबरेली तथा सुल्तानपुर जिलो के थानों में लूट, हत्या के प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं मे केस दर्ज है। पुलिस पूछताछ में बीती दस जनवरी को लालगंज नगर के बैंक आफ इण्डिया शाखा से पचास हजार रुपए निकाल कर आ रहे अझारा निवासी विंध्यवासिनी तिवारी से धोखाधडी कर पचास हजार रुपए के मुकदमें मे भी आरोपियों की संलिप्तता का पदार्फाश हुआ है। मंगलवार को पुलिस और बदमाशो के बीच मुठभेड की चर्चा हॉट बाजार व ग्रामीण क्षेत्र में सरगर्म दिखी। लोगों मे पुलिस की बदमाशो पर शिंकजे कसने की कार्रवाई की सराहना भी होती दिखी। लालगंज पुलिस की इस सफलता की जानकारी मिलने पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल बदमाशों से पूछताछ किया। वहीं एसपी डॉ. अनिल कुमार ने भी कोतवाली पुलिस के साहसिक मुठभेड को अपराध नियंत्रण अभियान की सफलता करार दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने भी प्रतापगढ़ पुलिस की सफलता को लेकर एसपी समेत पुलिस टीम को प्रशंसा प्रवृष्टि दिये जाने की बात कही है।

## फैक्ट्री में गैस रिसाव से दो लोगों की मौत

**बुलंदशहर।** जिले के सिकंदराबाद क्षेत्र में मंगलवार को एक फैक्टरी में गैस रिसाव के कारण दम घुटने की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया है। जिलाधिकारी श्रुति ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी में गैस रिसाव से दो लोगों की मौत हो गई है और उनकी पहचान अंकुश और सत्येन्द्र के रूप में हुई है। जिलाधिकारी ने हादसे की जांच करने के निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रशांत कुमार ने बताया कि सिकन्दराबाद औद्योगिक क्षेत्र में बैटरी पुनर्चक्रण संयंत्र में सुबह करीब साढ़े आठ बजे तीन व्यक्ति गैस के सम्पर्क में आने से बेहोश हुए। कुमार के अनुसार तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सैनिक बंधु की बैठक

**मेरठ।** पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह भी उपस्थित रहे। नवागत जिलाधिकरी ने प्रथम बार बैठक की अध्यक्षता की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूतपूर्व सैनिको व उनके आश्रितो के लम्बित मसले खासकर जमीन के विवाद का एक निश्चित समय में निस्तारण किया जाये। अनित कुमार के जमीन से अधिक मिटटी खनन के जल्द निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्यतः जमीनी विवाद, शस्त्र लाईसेन्स नवीनीकरण, रास्ते सम्बन्धित विवाद व पुलिस सम्बन्धित मामलो पर त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। मेरठ विकास प्राधिकरण की ओर से अवर अभियन्ता हंसराज सिंह उपस्थित रहे, कार्यालय के सामने सैनिक वाटिका के रख-रखाव व पूर्व में प्रेषित सुझावो को पूर्ण करने हेतु उन्हें अवगत कराया गया। भूतपूर्व सैनिक देवेन्द्र सिंह त्यागी की जमीन से सम्बन्धित प्रकरण को अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह ने निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

## देर रात चोरों से मुठभेड़, एक को गोली लगी

**आगरा।** बीती देर रात लोहामंडी पुलिस की चोरों से हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। बदमाश के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ की सूचना पर एसीपी भी मौके पर पहुंच गए। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया है। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि जीआईसी ग्राउंड की दीवार के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र से अपाचे मोटरसाइकिल चोरी करने वाले बदमाश कोठी मीना बाजार की तरफ आ रहे हैं। थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने उन्हें पकड़ने के लिए चेकिंग शुरू कर दी। कोठी मीना बाजार की तरफ पुलिस को आते देखकर बदमाशों ने पुलिस के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश जगदीशपुरा क्षेत्र का इकबाल है। उसका एक साथी भी पुलिस ने पकड़ लिया, जिसका नाम प्रिंस है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

## यूटा करवायेगा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान



**आगरा।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) आगरा की जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक संजय पैलेस में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन एवं विस्तार करना, संगठन को मजबूती प्रदान करना, शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना और शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने पर चर्च की गई।

बैठक में फतेहपुर सीकरी के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह को कर्नाटक के मंगलौर में आयोजित साउथ एशिया मास्टर्स चैंपियनशिप में 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीतने पर सम्मानित किया गया।

जिला संयोजक दिनेश चाहर ने बताया कि यूटा भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर रहा है जिसके परिणाम स्वरूप यूटा की प्रेरणा से प्रदेश भर में अब तक 200 से अधिक भ्रष्ट, भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा पकड़े जा चुके हैं तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है।।

जिलाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी ने बताया कि शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें शासन स्तर तक पहुंचाई जाएंगी। जिला महामंत्री देवेंद्र कुमार कुशवाह ने बताया कि जनपद से शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विभाग के अधिकारियों के सामने रखा जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला संयोजक दिनेश चाहर, जिलाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, जिला महामंत्री देवेंद्र कुमार कुशवाह, डॉ० प्रीति सिंह, भोला सिंह गुर्जर, नृपेंद्र प्रताप सिंह गहलोत, यनीश रावत, मनीष कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, भूपेंद्र सिंह, वेद यादवेंद्र, यश प्रताप सिंह, अनिल बघेल, नारायण सिंह परिहार, अजीत सिंह, रेखा चौधरी, रवि सिंघल, राम प्रकाश चौधरी, एवं नरेंद्र सिकरवार मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

**गोंडा।** जिले की एक अदालत ने दहेज हत्या के करीब तीन साल पुराने एक मामले में आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 45 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अभिनव चतुर्वेदी ने मंगलवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित अदालत) नम्रता अग्रवाल ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयान तथा अधिवक्ताओं के तर्कों के आधार पर आरोपी पति वसीम को दहेज हत्या का दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास तथा 45 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माने की रकम अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने मृतका के ससुर रोज अली को दोषमुक्त करार दिया।

चतुर्वेदी ने घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा निवासी रजीउद्दीन ने नौ सितंबर 2022 को स्थानीय थाने पर अपने दामाद व समधी के खिलाफ अपनी पुत्री को दहेज के लिए जलाकर मार डालने का मुकदमा दर्ज कराया था। प्राथमिकी में कहा गया था कि उन्होंने अपनी बेटी शबनम की शादी ग्राम नरहरिया कल्लूपुरवा निवासी वसीम के साथ की थी। शादी के बाद पति वसीम, ससुर रोज अली, ननद फसीना और वसीना दहेज में बुलेट मोटर साइकिल, सोने की चेन तथा अंगूठी की मांग को लेकर शबनम को प्रताड़ित करने लगे और अंततः उसे मारकर जला दिया गया।

विवेचना के दौरान साक्ष्य के आधार पर विवेचक ने अभियुक्त रोज अली व वसीम के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र प्रेषित किया। चतुर्वेदी के अनुसार, सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने दोषी पति वसीम को सजा सुनाई और उसके पिता को दोषमुक्त कर दिया।

## दूसरे व्यक्ति की जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरफ्तार



**बलरामपुर।** प्राप्त सूचना के अनुसार मकुदमा राजकुमार उर्फ राम भूलन पुत्र सुमिरन निवासी ग्राम अगया बुजुर्ग (कुरकुटपुरवा) थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर द्वारा लिखित सूचना दिया कि कुछ लोगो द्वारा वादी के गाटा संख्या 47 मि0 / 1.1490 हे० जो कि ग्राम अगया बुजुर्ग में स्थित है को छलपूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी विक्रेता द्वारा व क्रेता तथा रजिस्ट्री के गवाहान की मिलीभगत से प्रार्थी की उक्त भूमि मे से 9 बीघा 19 बिस्वा को विभिन्न तिथियों में बैनामा कर देने के सम्बन्ध में थाना रेहरा बाजार पर राम दुलारी पत्नी छंगाराम निवासी ग्राम सहायकपुरवा गुमडी थाना श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर आदि 20 नफर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा उक्त पंजीकृत अभियोग जिसमें बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी कर बड़े क्षेत्रफल की जमीन की हुई जालसाजी की घटना के अनावरण हेतु दिय गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला बलरामपुर श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री जितेन्द्र कुमार प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी थाना रेहरा बाजार बलरामपुर के नेतृत्व मेंथाना रेहरा बाजार पुलिस टीम द्वारा बड़े पैमाने पर की गयी धोखाधड़ी की घटना का अनावरण करते हुए मुख्य अभियुक्तगण (बैनामा कराने वाले) को संबंधित अभियुक्तगण अशोक कुमार पुत्र भानु प्रताप निवासी गोमड़ी सोनापार थाना श्रीदत्तगंज. दीनानाथ पुत्र स्व0 रामकुमार निवासी छोटका मेघवा बढईकपुरवा थाना धाने पुर जनपद गोंडा को ग्राम कालू बनकट बेलेरिया तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है जिन्हें न्यायालय रवाना किया गया। पूछताछ का विवरण गिरफ्तार अभियुक्तो से गहन पूछताछ करने पर उन लोगो ने बताया कि हम लोगों का एक गिरोह है हम लोग सीधे साधे लोगो की जमीन को निशाना बनाकर उनका फर्जी आधार कार्ड बनवाकर उसकी जमीन को बेचकर अच्छा खासा पैसा कमा लेते है और उसी से मौज मस्ती करते है और घर का खर्चा भी चलाते है हम लोगो ने इस मामले में भी राजकुमार उर्फ राम भूलन के नाम का फर्जी आधार कार्ड दीनानाथ के नाम तैयार करवाया गया था और जमीन को बेच दिया गया था।

- 9 बीघा 19 बिस्वा जमीन बैनामा करने वाले गिरोह के 02 शातिर मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

## किरावली तहसील में भारी हंगामा, गिरते गिरते बचे एसडीएम, जड़ा थप्पड़

**किरावली/आगरा।** तहसील किरावली परिसर में आज उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब फरियाद लेकर पहुंचे कीठम के कुछ लोगों ने एसडीएम को पकड़कर गिराने की कोशिश की। इस पर गुस्साए एसडीएम ने एक व्यक्ति को थप्पड़ जड़ दिया। इन लोगों, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, से बचकर एसडीएम अपनी ?फिस में घुस गए। एसडीएम को डीएम की मीटिंग में जाना था। इन लोगों की वजह से एसडीएम को दौड़ लगानी पड़ गई और वे एक प्राइवेट गाड़ी का सहारा लेना पड़ा। एसडीएम किरावली राजेश कुमार जासवाल को जिलाधिकारी द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लेने के लिए आगरा जाना था। तहसील किरावली में बड़ी संख्या में फरियादी आए हुए थे। एसडीएम आगरा जाने के लिए अपनी ?फिस से बाहर निकले तो कुछ वकील उनके पास पहुंचे और अपनी बात कहने लगे। एसडीएम ने चलते-चलते ही इनकी बात सुनी। इसी दौरान कीठम गांव से आईं कुछ महिलाएं और एक पुरुष एसडीएम के सामने आ गए और अपनी फरियाद सुनाने लगे। एसडीएम ने इन लोगों से कहा कि वे डीएम की मीटिंग में जा रहे हैं। अब लौटकर ही वे उनकी समस्या सुन पाएंगे। इतना कहते हुए एसडीएम अपनी गाड़ी में बैठ गए। यह देख कीठम के ये लोग उग्र हो गए। महिलाएं एसडीएम की गाड़ी के आगे खड़ी हो गईं और अपनी बात सुनने के लिए हंगामा करने लगीं। एसडीएम आगरा जाने के लिए पहले ही आधा घंटे लेट हो चुके थे, इसलिए उन्होंने बार-बार कहा कि वे इस समय बैठक में जा रहे हैं, लेकिन महिलाएं उनकी गाड़ी के आगे से नहीं हटीं। महिलाएं एसडीएम की गाड़ी के बोनट पर हाथ मारने लगीं। इस पर एसडीएम अपनी गाड़ी से उतरकर पैदल-पैदल अपने आफिस की ओर जाने को बढ़े। इस पर हंगामा करती महिलाओं के साथ आए एक व्यक्ति ने एसडीएम को रोकने के लिए इस तरह पकड़ा कि वे गिरते-गिरते बचे। इस पर गुस्साए एसडीएम ने इस व्यक्ति को थप्पड़ जड़ दिया और तेज कदमों से अपनी आफिस में चले गए।

# महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

- मिशन शक्ति विशेष अभियान



बलरामपुर। समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्राविधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।

महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार * के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन- 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## भूटान की राजमाता ने शाही परिवार के साथ ताजमहल देखा

**आगरा।** भूटान की राजमाता शेरिंग यांगदोन ने भूटान शाही परिवार के सदस्यों के साथ ताजमहल देखा और परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक बिताया। राजमाता ने ताज महल के अंदर शाही परिवार के साथ फोटो खिंचवाईं। भूटानी शाही परिवार को टूरिस्ट गाइड शमशुद्दीन ने ताज महल दिखाया और इसके बारे में जानकारी दी। शमशुद्दीन ने बताया कि राजमाता 30 साल पहले भी ताजमहल देखने आई थीं और यह उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान यांगदोन ने एक बार फिर ताजमहल के इतिहास के बारे में जाना। शाही परिवार के सदस्यों ने स्मारक के बारे में, इसके निर्माण और नक्काशी सहित कई सवाल भी पूछे।

संक्षेप

## नीलांचल की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**इटावा।** भरथना में एक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय व्यक्ति की नीलांचल एक्सप्रेस से टकराने के कारण मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब हाजीपुर निवासी देव सिंह यादव बंद रेलवे फाटक से साइकिल के साथ रेलवे ट्रैक पार करने का प्रयास कर रहे थे। घटना भरथना रेलवे स्टेशन के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित रेलवे फाटक के पास हुई। यह क्रॉसिंग पहले से ही बंद थी क्योंकि यहां फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण हो चुका है। देव सिंह तहसील से अपना काम निपटाकर लौट रहे थे जब कानपुर से दिल्ली जा रही सुपरफास्ट ट्रेन नंबर अप 2875 नीलांचल एक्सप्रेस से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल के कुछ हिस्से ट्रेन के इंजन में फंस गए जिससे ट्रेन को पोल के पास रोकना पड़ा। लोको पायलट को इंजन से उतरकर फंसे हुए मलबे को हटाना पड़ा, जिससे ट्रेन करीब 10 मिनट तक वहीं खड़ी रही।


## सूचना

सूचित करना है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स संख्या यू.पी 41 20040026457 मे मेरे पिता का नाम AZAJ AHMAD अंकित है। जो कि गलत है। सही नाम AZAJ ALI है। इसरार अहमद पुत्र एजाज अली निवासी-असदनगर, दश्हराबाग, थाना नगर कोतवाली, बाराबंकी।

## न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट-7
हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण सूचना)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय कादीपुर
मु.नं.-टी.20240468040 6540
ता. पेशी- 30.01.2025
मु.अ.धा.-116 उ.प्र.रा.सहिता 2006 ग्राम गोरई पर अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर।
लाल बच्ची देवी ...... वादी

बनाम

1. विपिन कुमार
2. वरूण } पुत्रगण स्व. जगदम्बा प्रसाद
3. श्रीमती सीमा देवी पत्नी स्व. जगदम्बा प्रसाद
4. पवन कुमार
5. कुलदीप कुमार } सुत गण स्व. समर बहादुर सिंह
6. सावित्री देवी पत्नी स्व. समर बहादुर सिंह
7. सीमा सिंह पत्नी स्व. संजय सिंह
8. शिवम सिंह
9. शिवांश सिंह } सुतगण स्व. संजय सिंह
10. विनय कुमार
11. अजय कुमार } सुत स्व. राजेन्द्र बहादुर
12. तेज बहादुर
13. शेर बहादुर
14. धर्मेन्द्र प्रताप
15. महेन्द्र प्रताप
16. राम बहादुर
17. रन बहादुर } सुतगण स्व. श्यामला प्रसाद सिंह
18. जर्नादन सुंट स्व. जय बहादुर
19. विद्या देवी पत्नी स्व. जय बहादुर
20. वीरेन्द्र बहादुर सुत स्व. केशरी सिंह
21. अमर बहादुर सिंह
22. उदय प्रताप सिंह
23. वीर बहादुर सिंह } सुतगण स्व. राम सिंह
24. राजेन्द्र सिंह सुत स्व. संग्राम सिंह
25. लाल बहादुर सिंह सुत स्व. शंकर सिंह
26. सुनील सुत स्व. जगदम्बा प्रसाद
27. देवेन्द्र प्रताप
28. सुरेन्द्र प्रताप } सुतगण स्व. केशरी सिंह
29. सरदार सिंह
30. रण विजय सिंह
31. अखण्ड प्रताप } सुतगण स्व. राम सिंह
32. सत्येन्द्र सिंह
33. जितेंन्द्र सिंह } सुतगण स्व. संग्राम सिंह
34. सुशील सुत स्व. जगदम्बा प्रसाद
35. अशोक कुमार सुत स्व. केशरी सिंह
36. अरुण कुमार सिंह
37. दीपक सिंह } सुतगण स्व. जगदीश प्रसाद सिंह
38. दुष्यन्त सिंह सुत स्व. ज्ञान सिंह
39. रेखा सिंह पत्नी पवन कुमार
40. सुशीला पत्नी राम हरख सिंह
41. विनोद कुमार,
42. सुनील कुमार सिंह } सुतगण स्व. राम हरख सिंह
43. अमन सिंह सुत स्व. मनोज कुमार सिंह

समस्त निवासीगण ग्राम गोरई पर अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर। ...प्रतिवादी

चूंकि उपरानामांकित वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत स्थायी आदेश के दायर की है लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकददमा से बखूबी वाकिफ हो व तारीख 30.01.2025 वक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वारत के खिलाफ वजह दिखावें। अगर ऐसा न करेंगे तो दरख्वास्त मजकूर को गैर हाजिरी में एकतरफा समाप्त होगी।

आज व तारीख 20 माह 01 सन 2025 ई. मेरे दरख्वास्त और मुहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक)**
**कादीपुर, सुलतानपुर**


# तहसील प्रशासन ने पूरी कर ली बुलडोजर चलाने की तैयारी

## नायब तहसीलदार ने कब्जा हटाने के लिये दिया एक दिन की मोहलत

- **एसडीएम बांसगांव की सख्त कार्यवाही से भूमाफियाओं में हड़कंप**
- **गगहा ब्लाक की ग्राम पंचायत पाजूपार में सरकारी तालाब पर अवैध कब्जे का मामला**



**गगहा, गोरखपुर।** गगहा ब्लाक के ग्राम पंचायत पाजूपार में गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के सटे तालाब की भूमि पर भूमाफिया द्वारा अवैध तरीके से दुकान बनाकर अवैध रूप से अतिक्रमण कल भाड़ा वसूलता था। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम बांसगांव ने अपने अधिनस्थों व पुलिस बल के साथ दो सप्ताह पूर्व तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया था और मातहतों को कड़ी फटकार लगाया था उसके बाद से ही पोखरे को अतिक्रमण मुक्त कराने की मुकम्मल तैयारी शुरू कर दी गयी थी। मंगलवार को बांसगांव के नायब तहसीलदार जिवेंद्र त्रिपाठी अपने साथ कानूनगो व हल्का लेखपाल व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर दुकानदारों को एक दिन की मोहलत देते हुए कहा कि कल हर हाल में अवैध निर्माण को जमीदोजहद करते हुए तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा उसके पहले अपने-अपने सामानों को सुरक्षित स्थान पर हटा लें। साहब के इस फरमान से दुकानदारों के होश उड़ गए वहीं भूमाफिया भी काफी परेशान है।

**वर्ष 1996 से है तालाब पर भूमाफिया का कब्जा**

ग्राम पंचायत पाजूपार में स्थित तालाब आराजी नम्बर 302क,302 ख व301 पर भूमाफिया लगभग तीन दशकों से काबिज था कुछ दिनों बाद तालाब की कीमती भूमि पर दबंगई के बल पर आधा दर्जन दुकान बनवा लिया और भाड़ा वसूलने लगा। उक्त भूमाफिया ने वर्ष 1996 में वाद संख्या 811/96 बांसगांव न्यायालय में दाखिल किया था।

**तत्कालीन प्रधान की मिलीभगत से भूमाफिया ने किया था कब्जा**

ग्राम पंचायत पाजूपार में अवैध कब्जे में वर्ष 2000-05तक के तत्कालीन प्रधान की भूमिका भी काफी संदिग्ध रही।उस समय पाजूपार ग्राम पंचायत जमीनलौहरपुर का एक राजस्व ग्राम था।चचाओं के मुताबिक प्रधान रामसनेही व उनके प्रतिनिधि जीतबहाल गौड़ ने भूमाफिया रामबृक्ष यादव से मोटी रकम लेकर सरकारी तालाब पर कब्जा दिलाया था।परिसीमन बदला और पाजूपार खुद ग्राम पंचायत के अस्तित्व में आया।वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अर्पित पाण्डेय(प्रियेश) ने सरकारी जमीनों की खोजबीन शुरू किया तो पता चला की भूमाफिया ने ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से दुकान बनवाया है उन्होंने इसकी जानकारी तहसील प्रशासन को दिया था।

**भूमाफिया जायेगा जेल अतिक्रमण हटाया जायेगा :एसडीएम**

उपजिलाधिकारी बांसगांव केशरीनन्दन तिवारी ने दूरभाष पर बताया कि प्रदेश सरकार भूमाफियाओं के खिलाफ शख्त है ऐसे में कोई ब्यक्ति सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण कराया है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी।पाजूपार में भूमाफिया को जेल भेजूंगा अवैध निर्माण गिरवाया जाएगा।

## जागृति ने पास किया एफएमजीई परीक्षा

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** नगर पंचायत चौरीचौरा के वार्ड नम्बर 12 अटल नगर निवासी अशोक राव की पुत्री जागृति राव ने नेशनल बोर्ड ऑफ एक्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस ऑफ इंडिया से फरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एक्जामिनेशन परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जागृति राव ने बताया कि इस सफलता का मुख्य श्रेय मेरे माता पिता को है। जिन्होंने एमबीबीएस की तैयारी के लिए जागरूक किया। इस सफलता से जागृति राव के स्वास्थ्य चिकित्सक बनने पर क्षेत्र के एडवेंट हॉस्पिटल के प्रबन्धक सुधीर कुमार, बृजेश पाठक, ओमप्रकाश गुप्ता, पिंटू सिंह, सभासद रामकरन, जेई राकेश प्रसाद, श्रीनिवास व द्रौपदी देवी सहित तमाम लोगों ने बधाई दी है।

## 25 को मतदाता दिवस

**इटावा।** डीएमी, जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने 25 जनवरी को पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोग के निदेर्शानुसार समस्त कार्यालयों, विभागों में विभागाध्यक्ष द्वारा मतदाता दिवस का आयोजन कर अपने अधिनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदाता शपथ सुबह 11 बजे दिलायी जानी है।

## बाबा गंभीर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में बासूडीहा और भलुवान अगले दौर में



मझगांवा,गोरखपुर। गंभीरपुर रामलीला मैदान में आयोजित बाबा गंभीर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को दो मैच खेले गए। जिसमें भेड़ी को हराकर बासूडीहा, सिहाइजपार को हराकर भलुवान टूनार्मेंट के अगले दौर में पहुंच गई। पहले मैच में भेड़ी ने टॉस फिल्डिंग का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी बासूडीहा की टीम ने 8 ओवरों में 83 रन बनाए। जवाब में भेड़ी की टीम 39 रन पर आल आउट हो गई। दूसरे मैच में भलुवान ने टॉस जीतकर फिल्डिंग का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिहाइजपार की टीम ने 8 ओवरों में 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासूडीहा की टीम ने तीन गेंद शेष रहते ही लक्ष्य का पिछा कर लिया। मुख्य अतिथि के रुप में एलआईसी इंडिया के डॉ. अजय कुमार शर्मा और भलुवान के ग्राम प्रधान करमेश यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान किसान नेता विकास सिंह, आयोजक शुभम सिंह, राघवेन्द्र सिंह, पवन शाही, धीरज सिंह, विनोद सिंह आदि मौजूद रहें।

- **भेड़ी को हराकर बासूडीहा, सिहाइजपार को हराकर भलुवान टूर्नामेंट के अगले दौर में**

## व्यापारियों नें डीएम का जताया आभार

**इटावा।** जनपद प्रर्दशनी के व्यापारियों नें उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में जिलाधिकारी अवनीश राय के कार्यालय पहुंचकर प्रर्दशनी की अच्छी व्यवस्था, साफ सफाई, सुरक्षा तथा नुमाइश का समय आदि बड़ाये जानें को लेकर शाल, प्रतीक चिन्ह, बुके आदि देकर सम्मानित किया तथा उनका आभार जताया, नुमाइश व्यापार मंडल के सचिव मु. दिलशाद नें कहा कि जिलाधिकारी व जनरल सेक्रेटरी एसडीएम सदर नें हमेशा हम व्यापारियों की समस्याओं को सुना एंव उनका निदान कराया, इस अवसर पर उघोग मंच के अध्यक्ष भारतेंद्रनाथ भारद्वाज, मु.आमिर, रेडिमेड ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता आदि सहित नुमाइश के व्यापारी मौजूद रहे।

## 25 लाख की जालसाजी करने वाले जालसाज को पुलिस ने दबोचकर भेजा जेल

चौरीचौरा, गोरखपुर। सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 25 लाख की जालसाजी करने वाले देवरिया जिले के भीखमपुर रोड गरुणपार निवासी जालसाज मामा को चौरीचौरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा राहुल शुक्ला ने बताया कि झंगहा थानाक्षेत्र के विश्वनाथपुर निवासी आकाश चन्द यादव ने देवरिया जिले के भीखमपुर रोड गरुड़पार निवासी विनय कुमार यादव पर नौकरी के नाम पर 25 लाख रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र पर 5 माह तक रुद्रपुर के बहोरा दलपतपुर प्राथमिक विद्यालय में नौकरी कराने और जालसाजी का खुलासा होने पर पैसा वापस मांगने पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए चौरीचौरा थाना में धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 316(2), 191(2), 115(2), 352, 351(2), 351(3), 138 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में आरोपी जालसाज विनय कुमार यादव पुत्र महानन्द यादव को थानाक्षेत्र के सतहवा ओवरब्रिज के पास से मंगलवार को अ ५ीपने हमराह एसआई कृष्ण कुमार सिंह, एसआई सौरभ झा, व एसआई नीरज मौर्य के साथ गिरफ्तार किया गया।

## मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों का बिछिया जेल बाईपास रोड के पास दो स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। परियोजना प्रबंधक रतनसेन सिंह ने कार्यप्रगति की पूरी जानकारी और आने वाली बाधाओ से अवगत कराया, जिसपर मंडलायुक्त ने आने वाली बाधाओं का यथाशीघ्र निस्तारण करके कार्यो को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को नाले की दीवार को नियत तिथि तक पूर्ण करने और मलबे आदि का निस्तारण यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# आईटीएम के प्राध्यकों ने सफलता पूर्वक पूरा किया क्यूआईपी-पीजी प्रमाण पत्र



- **आईटीएम के लिए गौरव का क्षण**

**गीडा, गोरखपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) गीडा के लिए यह गर्व का क्षण है कि संस्थान के सहायक प्राध्यापक ज्ञान प्रताप सिंह और गुंजन यादव (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित क्यूआईपी-पीजी प्रमाणपत्र कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्यक्रम जुलाई 2024 से जनवरी 2025 के बीच आईआईआईटी लखनऊ में एआईसीटीई द्वारा आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन.के. सिंह ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि ज्ञान प्रताप सिंह और गुंजन यादव की यह उपलब्धि न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि अन्य शिक्षकों और छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है। आईटीएम गीडा अपने प्राध्यापकों के समर्पण और निरंतर प्रयासों पर गर्व करता है। संस्थान के प्रबंधन और सभी संकाय सदस्यों ने भी दोनों प्राध्यापकों को इस विशेष शैक्षणिक सफलता के लिए बधाई दी।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चौरीचौरा पुलिस ने जेल भेज दिया। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर इसी थानाक्षेत्र के अवधपुर गढ़वा टोला निवासी राहुल पुत्र रमाकान्त पर अपनी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर राहुल शुक्ला ने बताया कि आरोपी को अपने हमराह एसआई मनीष कुमार श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल उदय प्रताप सिंह, महिला कांस्टेबल शाहीन परवीन के साथ तरकुलहा मन्दिर गेट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## मंदिर के पास मिला अधेड़ का शव

**चरगांवा, गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के विष्णु मंदिर स्थित एक विद्यालय के पास मंगलवार की शाम अधेड़ शख्स की शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच कर रही है। शाहपुर इलाके के असुरन विष्णु मंदिर स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करने वाले पादरी बाजार निवासी अंकित शाह मंगलवार की शाम 5:30 बजे एक विद्यालय के पास बाथरूम करने गया था तभी लगभग 55 वर्षीय अधेड़ की शव देखकर शोर मचाया जिसके बाद लोगों ने शाहपुर पुलिस को सूचना दी।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि. पारेषण भवनए कक्ष सँख्या 212, एस.एल.डी. सी. परिसर, निकट मंत्री आवास, विभूति खण्ड-2, गोमती नगर, लखनऊ ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों/अधिकृत बिलाओं/ निमार्ताओं से निम्नलिखित कार्य के सम्पादन हेतु सीलबन्द ई-निविदायें दो भागों में ई-टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है। अति अल्प कालीन ई-निविदा संख्या-15-विपाखद्वि(ल)/2024-25 वि. पारे. खण्ड-11, लखनऊ के अधीन 220 केवी उपकेन्द्र चिनहट पर 132 केवी एवं 220 केवी सी. टी. एवं पी.टी. बदलने एवं अन्य सम्बन्धित कार्य धरोहर राशि रू. 3500.00 ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 29.01.2025 समय 13.00 बजे, ई-निविदा भाग-2 (प्राइज पार्ट) खुलने की तिथि हेतु तदोनुसार बेवसाइट पर सूचित किया जायेगा। ई-निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 590.00 (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित)। ई-निविदा का भाग प्रथम व द्वितीय-प्राइज बिड (दरें एंव शर्तें) www.etender.up.nic.in पर भरी जायेगी। भाग-1 में धरोहर धनराशि व निविदा प्रपत्र मूल्य जोकि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, लखनऊ के खाता सॅख्या-0758002100009361, IFSC code - PUNB0691100 पंजाब नेशनल बैंक, शाखा विजयन्त खण्ड, लखनऊ में RTGS/NEFT के माध्यम से स्थानान्तरण कर यू.टी.आर. सँख्या तथा पे-स्लिप की प्रति www.etender. up.nic.in web site पर निविदा प्रपत्रों के साथ स्व प्रमाणित पैन एवं जी.एस.टी. में पॅजीकरण प्रमाण-पत्र, कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र व अर्हकारी शर्तें एवं अन्य सम्बन्धी प्रपत्र तथा निविदाओं के द्वितीय भाग में मूल्य/दरें www. etender.up.nic.in पर दिनॉक 29.01.2025 निविदा सँख्या 15 हेतु) को 04.00 बजे तक ही Up-Load की जानी है। ई-निविदा के प्रथम भाग के प्रपत्र निर्धारित तिथि पर 12.00 बजे अथवा उसके उपरान्त ही Down-Load किये जायेगें। निविदाओं के प्रथम भाग के मूल्यॉकन के उपरान्त उपयुक्त पायी गयी निविदाओं के ही द्वितीय भाग Down-Load/ खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, नियम व अर्हकारी शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है जो www. etender.up.nic.in द्वारा Down-Load या अवलोकित की जा सकती है। ई-निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में ई-निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय तक स्वीकार की जायेगी एंव निर्धारित समय पर खोली जायेगी। ई-निविदाओं को बिना कोई कारण बताये ई-निविदा/ई-निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''(पत्रांक : 63, दिनांक 21.01.2025)**


## तेल से भरे चार ड्रम सहित गिरफ्तार

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना पुलिस ने विजली के ट्रांसफार्मर से लदे ट्रको से तेल की चोरी करने वाले एक अभियुक्त को मलाजनी के समीप एक ढाबे से तेल से भरे चार ड्रम की पाइप रबर सहित गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी नागेन्द्र चैबे के निर्देशन में बीती रात थाना पुलिस बांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम दुडहा तिराहे पर खड़े होकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी उन्हें सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक दावे का मालिक जिन ट्रैकों में ट्रांसफार्मर लोड होते हैं उन ट्रक ड्राइवर से तेल को सस्ते दामों में खरीद कर महंगे दामों में बेचकर लाभ कमाता है इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रामसहाय, उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी मय फोर्स के ढाबे पर पहुंचे तो भगदड़ मच गई पुलिस ने घेराबंदी कर ढाबे के मालिक सर्वेश यादव पुत्र रामनाथ यादव निवासी केवाला को गिरफ्तार कर लिया जब ढाबे की तलाशी ली गई तो ढाबे से चार ड्रम तेल से भरे हुए 650 लीटर ट्रांसफार्मर तेल तथा एक कीप व दो रबड़ के पाइप मौके से बरामद किए। क्षेत्राधिकारी नागेन्द्र चैबे ने बताया कि उक्त ढाबा ज्यादा नहीं चलता ट्रक ड्राइवर यहां आते हैं और चाय पीते हैं पूर्व में भी भारी मात्रा में चोरी का डीजल यहां बरामद हुआ था।

# लड़ना चाहिए था, आप टूट गये मित्र

फॉलोअप

- **राजा की मौत के मामले में नौ के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा**

**दीपक तिवारी/गगहा/ गोरखपुर।** गगहा पुलिस सोमवार को भैंसहां निवासी सत्येंद्र यादव की शिकायत पर इसी थाना क्षेत्र के युवती सहित नौ लोगों पर राजा यादव को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



भैंसहां निवासी जीतनारायण यादव के छ पुत्रों में पांचवे नंबर का पुत्र राजा प्रेम प्रसंग में आकर बीते शुक्रवार को जहर खा लिया था। परिजन ईलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये थे। जहां उसकी मौत हो गयी थी। घटना के बाद स्वजन सदमे में डूबे है। मृतक राजा यादव रकहट चौराहे पर जन सेवा केंद्र चलाकर परिवार की पूरी जिम्मेदारी संभाल रहा था। इस बार वह पंचायत चुनाव में चुनाव लड़ने की तैयारी में था। हंसमुख मिलनसार युवक की मृत्यु के बाद क्षेत्र के जानने वाले भी स्तब्ध है। राजा के फेसबुक फ्रेंडली सर्किल में जुड़े 72 लोगों ने कमेंट और 461 लोगों ने वीडियो को शेयर किया है। कंमेट में लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मित्र आपके साथ गलत हुआ है। किसी ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा मित्र आपकी कमी खलती रहेगी। किसी ने लिखा है कि मित्र आप इतनी जल्दी कैसे टूट गये। आपको लड़ना चाहिए था।

**नौ के खिलाफ केस दर्ज :** सत्येंद्र यादव की शिकायत पर पुलिस रिंकी उर्फ रिंकू यादव, विजय नारायण, शैलेष, कविता, लुटुरी देवी, गृजेश उर्फ बृजेश, सत्येंद्र, श्रवण, विंदेश्वरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## समाजवादी युवजन सभा ने जताया विरोध

**चरगांवा,गोरखपुर।** पूर्व मुख़्यमंत्री स्व मुलायम सिंह यादव के खिलाफ महंथ राजू दास के द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करने पर आज समाजवादी युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष शुभेन्दु यादव के नेतृत्व में समाजवादी युवजन सभा के कार्यकताओं के साथ पादरी बाजार में पुतला जलाकर उनके खिलाफ कार्यवाही का माँग किया गया विरोध जताने में युवजन सभा के पदाधिकारी व पिपराइच के सभासद इसराफील शाह अखिलेश यादव छोटू विनय कन्नौजिया अमित यादव पंकज यादव अमित कन्नौजिया गिरजेश यादव व वकील शामिल रहें।

# ई रिक्शा चालकों का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

**इटावा।** पुलिस व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक सीओ सिटी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा ने सम्बोधित करते हुये कहा ई रिक्शा चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन किया जा रहा है। उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा बाजारों में खाली चल रहे ई रिक्शा का रूट निधार्रित करने एवं दुकानों के बहार चार पहिया वाहन न खड़े हो उसके लिये प्रशासन से उचित व्यवस्था की मांग रखी जिस पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। व्यापारी नेता वर्षा दुबे ने कहा कि उनके यहां चोरी का छह माह बाद भी खुलासा नहीं हुआ है जिस पर कार्यवाही करने का अस्वाशन दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सैफई, अधिशाषी अधिकारी नगर, शहर कोतवाल सहित व्यापारी नेता शंहशाह वारसी, अशोक जाटव, भारतेंद्र भारद्वाज, धर्मेंद्र यादव सहित जनपद के सभी थाना प्रभारी व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन ने साइबर अपराध की घटनाओं को प्रमुख प्रमुखता से उठाया। जिलाप्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा सर्दी को देखते हुए शहर के प्रमुख चैराहे पर अलाव की व्यवस्था की जाए। युवा जिलामहामंत्री रंजीत कुशवाहा ने कहा व्यापारियों को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिए जाएं। बैठक में जिलाउपाध्यक्ष प्रवीण द्ववेदी, लल्लू वारसी, विकास, राघवेंद्र सिंह राठौर, जिलामंत्री संजीव राजपूत, जिलामंत्री विजनेश शुक्ला, नगर अध्यक्ष बीना, मो. उवैश युवा नगर मंत्री, राजकुमार भदौरिया, अजय तोमर, यासीन चौधरी रिंकू, सौरभ राठौर, वसीम राईन, राजू, श्रीकृष्णा उपस्थित रहे।

# नारायन कॉलेज में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित

**इटावा।** नारायन कालेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स के विशाल सभागार में जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद द्वारा ब्लाक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें ब्लाक स्तरीय विभिन्न विद्यालयों के छात्र, छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन एवं समूह गायन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. श्रेता तिवारी निदेशिका नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सम्मानित अतिथि पूनम शर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, आयोजनकर्ता मोहित सिंह पर्यटन अधिकारी, जिला पर्यटन एवं संस्क्रति परिषद, मनोज गायक एवं राजीव कुमार सांस्कृतिक कार्यक्रम विशलेषक के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। एकल नृत्य प्रतिभागियों ने मंच पर विभिन्न मुद्राओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसमें नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स की छात्रा नैना शुक्ला कक्षा-5 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने अपने संयोजन एवं नृत्य कुशलता से दर्शकों के मन को मोह लिया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वादन प्रतियोगिता में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के छात्र तेजस का बांसुरी वादन में द्वितीय स्थान रहा तथा गायन प्रतियोगिता में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के समूह गान के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान अपने नाम किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांस्कृतिक ज्ञान छात्र, छात्राओं को अपनी धरोहर से जोड़े रखने का अच्छा माध्यम होता है। भारत एक ऐसा देश है जहां विभिन्न संस्कृतियों की अतुल्य धरोहर को नृत्य एवं गायन के द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का आभार व्यक्त करते हुये डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके प्रशिक्षकों को शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम में संदीप यादव, नृत्य प्रशिक्षक, कृष्णकान्त संगीत प्रशिक्षक, रिंकी शुक्ला निर्णायक समिति की सदस्या, निशा पाण्डेय एवं नेहा चैहान का विशेष योगदान रहा।

## गिट्टी से भरा डंपर रेलिंग तोड़कर हवा में लटका

**इटावा।** यूपी-एमपी सीमा पर स्थित चंबल नदी पुल पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से भिंड से गिट्टी लेकर आ रहा डंपर सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गया। डंपर पुल की रेलिंग तोड़कर हवा में लटक गया जिससे चालक और खलासी की जान पर बन गई। घटना सुबह 7 बजे बढ़पुरा थाना क्षेत्र में हुई। चालक और खलासी ने साहस दिखाते हुए डंपर की खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे की सूचना मिलते ही पीएनसी टोल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। टोल कर्मियों ने क्रेन की व्यवस्था की और रेस्क्यू आपरेशन के बाद डंफर को सुरक्षित निकाला गया हालांकि इस मामले में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक स्थिति बेहद भयावह थी।


## कार्यालय नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-1089/न.पं.नि. /नि.सू.-मु.मं.न.सृ.यो./2024-25, दिनांकः- 21/01/2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक-04/02/26 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक-23/01/25 से दिनांक-04/02425 वेब को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(दिनेश कुमार शुक्ल)** अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत निघासन

**(बद्री प्रसाद)** अध्यक्ष नगर पंचायत निघासन

संक्षेप

## बिजली चोरी रोकने के लिए विजिलेंस टीम ने की छापेमारी

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर के ईदगाह पावर हाउस के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ले स्थित कन्या विद्यालय में खेलकूद की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए झूले और अन्य खेल सामग्री स्थापित कराए जाने का कार्य बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर किया गया। इस कार्य का ठेका एक निजी कंपनी को दिया गया था। आरोप है कि यह कंपनी निर्माण कार्य के लिए बिजली चोरी का सहारा ले रही थी। कई दिनों तक यह काम चोरी की बिजली से चलता रहा। अचानक विजिलेंस टीम ने ईदगाह मोहल्ले में छापेमारी की, जिसमें कन्या विद्यालय का यह निर्माण कार्य भी पकड़ा गया। विजिलेंस टीम की कार्रवाई के बाद अधिशासी अभियंता, डिवीजन फर्स्ट ने इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि कितने दिनों से बिजली चोरी कर यह कार्य किया जा रहा था। मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया गया है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मैगलगंज खीरी। थाना क्षेत्र मैगलगंज के रेलवे ट्रैक के पास ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के मैगलगंज स्टेशन से रेलवे ट्रैक संख्या 43 पर एक युवक का ट्रेन से कटा शव पड़े होने की सूचना स्थानीय प्रशासन को मिली। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव के पास मिले कागजों के आधार पर मृतक की शिनाख्त सौरभ कुमार राठौर पुत्र शिवशरन लाल निवासी सरावन थाना पिहानी जनपद हरदोई के रूप में हुई। मैगलगंज पुलिस ने परिजनों को सूचित करने के बाद शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है। स्टेशन मास्टर आलोक कुमार ने बताया कि ट्रेक संख्या 43 के पास एक शव पड़ा होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस प्रशासन व जीआरपी को सूचना दे दी गई है।

## पुलिस ने 4 चोरों को दबोचा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली पुलिस ने अन्र्तजनपदीय चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चौपहिया वाहन समेत चोरी का तमाम सामान बरामद करने का दावा किया है। वहीं वैश्य समाज ने पुलिस के इस खुलासे को फर्जी बताया है। अपर पु लिस अधीक्षक नेपाल सिंह व सीओ गवेन्द्रपाल गौतम ने चोरी का खुलासा करते हुये बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे लगभग तहसील मोड के पास से कोंधवा जाने वाली सडक से चार अर्न्तजनपदीय चोरो को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में वारिस अली पुत्र मुबारक अली निवासी काशीराम आवास गोला, सिराजुद्दीन उर्फ सिराज पुत्र असलम ग्राम बासुरा थाना रामपुर मथुरा सीतापुर, मो0 अफजल पुत्र फजलुर्रहमान निवासी पैगम्बरपुर थाना लोनी कटरा जिला बाराबंकी व फुरकान पुत्र मेंहदी हसन मोहल्ला गढी गोला नाम पता बताया। जिनके पास से पांच अदद पीली धातु के पतीला, दो अदद थाल, एक एलसीडी, एक गैस सिलेंडर, एक अर्टिगा कार यू पी 81ए टी 2476, एक पल्सर बाइक यू पी 32 एफ यू 3531 सहित 10120 रुपए नगद मिले हैं। चोरों के पास से दो अदद 12 बोर तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। वारिस अली पर गोला सहित अन्य थाने में 12 मुकदमे, सिराजुद्दीन और अफजल पर छह मुकदमे, फुरकान पर गोला थाने में दो मुकदमे पंजीकृत हैं।

# गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम खफा, स्पष्टीकरण तलब

## डीएम ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ब्लॉक नकहा के परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बीएस प्रवीण तिवारी, नकहा बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी मौजूद रहे। मिशन मैदान के तहत निमार्णाधीन खेल मैदान की प्रगति देखी और विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षिक गुणवत्ता को भी परखा। यूपीएस पतरासी के खेल मैदान में गुणवत्ताविहीन काम पर डीएम बेहद खफा नजर आई। ग्राम सेक्रेटरी/सचिव प्रिया वर्मा, प्रधानाध्यापक बंदना सिंह का स्पष्टीकरण तलब किया। वही बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी शिथिल पर्यवेक्षक पर फटकार भी लगाई। डीएम ब्लॉक नकहा के परिषदीय विद्यालय रवही मुबारकपुर, सेवकहा और पतरासी पहुंची, जहां उन्होंने संविलियन विद्यालय रवही मुबारकपुर और यूपीएस पतरासी में बृहद खेल मैदान और झूले आदि का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि विभिन्न खेलों के लिए बनाए गए खेल मैदानो में व्हाइट पट्टी के बीच हरी घास लगवाए। निर्देश दिए कि लगाए गए पोल्स के बीच बच्चों की हाइट के अनुसार नेट बंधवाई जाए। ताकि सुगमता से बच्चे खेल सके। उन्होंने लगाए जा रहे झूलों की गुणवत्ता भी परखी। प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि खेल सामग्री का प्रॉपर रखरखाव सुनिश्चित करते हुए झूलों की क्रियाशीलता को सुनिश्चित कराया जाए। संविलियन रवही मुबारकपुर खेल मैदान स्तरविहीन पाया और पाथवे के निर्माण में कमियां मिली। बीडीओ को शिथिल पर्यवेक्षण पर फटकार लगाकर पाई गई। कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्लासेज में जाकर शैक्षिक गुणवत्ता भी जांची। मौजूद नौनिहालों से प्रश्न किया सही जवाब देने पर उत्साहवर्धन करते हुए टॉफियों का वितरण किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय सेवकहा पहुंचकर विद्यालय की छत पर बनाए जा रहे रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन का औचक निरीक्षण किया और तय समय पर गुणवत्ता के साथ गेमिंग जोन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

## सीएमओ ने किया निश्चय शिविर का निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) टीबी खोजी अभियान के तहत जिले की 1165 ग्राम पंचायत में निश्चय शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अधीक्षक डा. गणेश कुमार और सीपीएम योगेश कुमार पाल ने शिविर का निरीक्षण किया।

सीएमओ डा.संतोष गुप्ता ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले समूह के टीबी के रोगियों की खोज की जा रही है। सीएचसी गोला के ग्राम मढ़िया में निश्चय शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान 100 से अधिक मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 32 लोगों की बलगम की जांच की गई। शिविर में बलगम की जांच के साथ ही शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी कराई गई। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धि जन और कुपोषित बच्चे, एचआईवी से ग्रसित मरीज, कम बीएमआई वाले व्यक्ति जिनका बीएमआई 18.5 से कम है। शुगर के मरीज व नशा करने वाले व्यक्ति आदि की पहचान कर उनकी जांच कराई जाएगी। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा. गणेश, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आयुष्मान आशुतोष श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत निकाली रैली

लखीमपुर खीरी। शासन के निर्देश पर भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत प्राचार्या प्रो गीता शुक्ला ने शिक्षिकाओं तथा छात्राओं को शपथ दिलायी। प्राचार्य ने कहा कि सब लोग सड़क संस्कृति का पालन अवश्य करे। यातायात नियमों का पालन करें। कार्यक्रम अधिकारी विमलेश ने कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की। शिवांगी सक्सेना, डॉ क्षमा तिवारी, डॉ प्रीति सिंह ने सड़क जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान छात्राएँ तथा शिक्षिकाओं ने आस पास के लोगों को जागरूक किया। बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चला रहे। लोगों को हेलमेट पहनने के लिए कहा। रैली विभिन्न चौराहों से होती हुई महाविद्यालय वापस आ गई।

## नगर आयुक्त ने लोगों की सुनीं जन समस्याएं

शाहजहांपुर/नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए जन-सुनवाई दिवस में 08 समस्यायें / शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 02 शिकायतों/ समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त मो0 अनवर हुसैन, मुख्य अभियंता एस0के0 अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## महिला की पिटाई में चार पर केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव रछेला में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने सरेराह लात घुसा और डंडों से पिटाई कर जख्मी कर दिया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव रछेला निवासी गुड्डी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया सुबह 10 बजे करीब तो आप मकान के सामने रास्ते में खड़ी थी। पड़ोसी द्रगपाल, हरिओम, वीरपाल और विजय ने एक राय होकर महिला को पदकर लात घुसा और डंडों से जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस में जख्मी महिला को सी एच सी पर भर्ती कराकर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## के.के अध्यक्ष, अनूप बने मंत्री



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सेंट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर केके शुक्ला गुडडू और महामंत्री पद पर अनूप कुमार वर्मा निर्वाचित हुए। देर शाम आए परिणाम में केके शुक्ला गुडडू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामकुमर गौतम को 4 मतों से हराया। वहीं महामंत्री अनूप कुमार वर्मा ने 128 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी संदीप अवस्थी को 3 मतों से पराजित किया। मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी विमल श्रीवास्तव, सहायक निर्वाचन अधिकारी रामजी लाल दीक्षित, विजय प्रकाश वर्मा, पंकज वर्मा और आलोक गुप्ता की संयुक्त टीम की देखरेख में सेंट्रल बार एसोसिएशन का मतदान कराया गया। अध्यक्ष पद पर के.के शुक्ला गुडडू को 91, रामकुमार गौतम 87, प्रदीप सिंह काजल 44, कालिका प्रसाद 25 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर तारिक इस्लाम 137 मत, अचल श्रीवास्तव को 109 मत मिले। जिसमें तारिक इस्लाम 28 मतों से निर्वाचित हुये। महामंत्री पद पर अनूप कुमार वर्मा 128 मत, संदीप कुमार अवस्थी 125 को मत मिले। जिसमें अनूप कुमार वर्मा 3 मतो से निर्वाचित हुये। संयुक्त मंत्री पद पर सुमित गिरि और कोषाध्यक्ष पद पर अमित कुमार का एकल नामांकन होने से उनका निर्विरोध निर्वाचित हुए है।

## आज से किसानों को मिलेगा नये सत्र का गन्ना भुगतान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्थानीय चीनी मिल द्वारा मौजूदा पेराई सत्र का गन्ना भुगतान शुरू नहीं किया है। जिसे लेकर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी। उसके बाद आज 22 जनवरी से गन्ना भुगतान देने मिल अधिकारियों ने भरोसा दिया है। गुरुवार को खम्भार खेड़ा में आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

चीनी मिल ने पिछले पेराई सत्र का बमुशिकल भुगतान किया है। अब नए सत्र का भुगतान देना अभी शुरू नहीं किया तो मंगलवार को राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने अपने साथियों के साथ चीनी मिल पहुंच मिल के यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन से मिलकर 22 जनवरी से भुगतान कराने की बात की जिस पर यूनिट हेड ने गन्ना समिति का बकाया कमीशन देने के बाद किसानों के भुगतान करने की बात कह दी तो किसान नेता भड़क गए कहा अगर 22 जनवरी से भुगतान शुरू न हुआ तो चीनी मिल के गेट पर अनिश्चित कालीन सत्याग्रह शुरू कर दिया जाएगा। किसान नेताओं ने कहा कि पहले किसानों के बकाया गन्ना भुगतान करें फिर गन्ना समिति का कमीशन दें। काफी जद्दोजहद के बाद आज 22 जनवरी से इस पेराई सत्र का बकाया गन्ना भुगतान देने पर सहमति बनी है। संगठन के प्रतिनिधि मंडल में बादाम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, महेंद्र कुमार, गोधन लाल आदि शामिल थे। चीनी मिल के जितेंद्र सिंह जादौन का कहना है नए सत्र का गन्ना भुगतान आज से शुरू कर दिया जाएगा।

## राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



शाहजहांपुर /राज्य मानवाधिकार आयोग, उत्तर प्रदेश के सदस्य न्याय मूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा द्वारा मंगलवार को शाहजहांपुर जेल में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया

सर्वप्रथम कारागार के मुख्य द्वार पर राजीव लोचन मल्होत्रा का जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के द्वारा स्वागत किया गया तथा उन्हें जेल कर्मियों द्वारा सलामी दी गई। महिला बैरक में निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न सामानों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया जिसमें पेंटिंग ,जरी जरदोजी के कार्य ,भगवान जी के आसन, सिलाई कढ़ाई के द्वारा तैयार विभिन्न प्रकार के दुपट्टे ,बैठने के आसन ,भगवान जी की पोशाक, गाय के गोबर से तैयार धूप बत्ती, दीपक, कलात्मक गमले एवं विभिन्न प्रकार के बैग आदि शामिल थे समस्त सामानों को देखकर सदस्य महोदय अत्यंत प्रसन्न हुए ।अलग-अलग महिलाओं से मिले जिन्होंने उक्त सामान तैयार किया था ।इसके बाद उनके द्वारा बच्चों के क्रैच एवं महिलाओं के प्रशिक्षण केंद्र को भी देखा वह बच्चों से भी मिले और उन्हें दी जा रही शिक्षा आदि की जानकारी प्राप्त की बच्चों द्वारा तैयार की गई विभिन्न प्रकार की ड्राइंग को उन्होंने देखा और उसे सराहा तथा उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में प्रश्न भी किए जिसका बच्चों ने सही-सही जवाब दिया इस पर सदस्य महोदय इस बात से प्रसन्न हुए की जेल में रहकर के भी बच्चे इतने होशियार हो गए हैं। तत्पश्चात उनके द्वारा सभी महिला बंदियों से उनको दी जा रही सुविधाओं जैसे भोजन, चिकित्सा ,कौशल प्रशिक्षण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की महिला बंदियों ने बताया कि यहां उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है ।जेल अधीक्षक हमारा पूरा ध्यान रखते हैं उसमें हमारी कपड़ों की पूर्ति ,हाइजीन एवं कॉस्मेटिक आइटम आदि सभी की पूर्ति करते हैं विभिन्न सहयोगी संगठनों से संपर्क करके हमें हमारी जरूरत से भी ज्यादा सभी चीज उपलब्ध कराते हैं। हमें अनेक प्रकार से कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराकर हमें अनेक चीजें बनाना सिखा दिया है। जेल में हम लोगों के बीच में खेलकूद ,मनोरंजन, योग सभी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराते हैं जिससे हम लोग यहां बहुत खुश है। इस अवसर पर जय गणेश सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मेहरोत्रा के द्वारा महिला बंदियों को जरी जरदोजी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूनम मेहरोत्रा इसके पूर्व में भी महिला बंदियों को जरी जरदोजी, गाय के गोबर से धूप बत्ती, दिए, कलात्मक गमले आदि का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व में ही चला चुकी हैं।

## गायत्री परिवार का निःशुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण आज से

लखीमपुर खीरी। अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ जनपद लखीमपुर खीरी द्वारा चलाए जा रहे संगीत से संस्कार अभियान का लखीमपुर के सीतापुर रोड स्थित गुरुनानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या मीनाक्षी तिवारी ने स्वागत किया और विद्यालय में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ टीम को निःशुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर के लिए सहर्ष अनुमति प्रदान की। विद्यालय में गायत्री परिवार के इस निःशुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज प्रातः 9 बजे होगा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या मीनाक्षी तिवारी ने छात्राओं को प्रेरित हुए बताया ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते जब कोई कला स्वयं आपके द्वार पर आकर और वह भी निःशुल्क, आपको आपको कृतार्थ करे। अतः संगीत में रुचि रखने वाली छात्राओं को इस निःशुल्क ढपली वादन शिविर में ढपली सीखकर अवश्य लाभ उठाना चाहिए। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने सभी को ढपली बजाकर देशभक्ति के गीत भी सुनाए जिससे अधिक छात्राएं शिविर में पंजीकरण के लिए प्रेरित हुई हैं ।विदित हो संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत लखीमपुर में यह युवा प्रकोष्ठ का दूसरा निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर है।

## गोकर्ण कॉरिडोरः रिटेनिंग वाल का काम शुरू



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण को लेकर ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से रिटेनिंग वाल का काम तेजी से शुरू हो गया है। इसी के साथ गोकर्ण तीर्थ पर नीलकंठ मैदान और ध्वस्त किए गए बरेली धर्मशाला के पास सीढ़ियों का निर्माण लगभग एक पखवाड़ा से चल रहा है,जो मंगलवार को जारी रहा।

कॉरिडोर निर्माण को लेकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को शिव मंदिर परिक्षेत्र का निरीक्षण किया था। लोगों का अनुमान है कि निरीक्षण के बाद काम में तेजी आएगी। कारिडोर निर्माण को लेकर लगभग डेढ़ महीना पहले काम शुरू हुआ था, जो अब तेजी के साथ चलता हुआ दिखाई दे रहा है। महाशिवरात्रि से पहले गोकर्ण तीर्थ का काम पूरा होने को लेकर काम तेजी के साथ किया जा रहा है। जिसमें नीलकंठ मैदान की तरफ सीढ़ियों का काम पूरा हो चुका है, ध्वस्त किए गए बद्री प्रसाद बरेली धर्मशाला के पास भी काम चलता हुआ दिखाई दिया। हालांकि कई लोगों द्वारा ध्वस्तीकरण को लेकर न्यायालय की शरण लेने के कारण ध्वस्त करने का काम बंद है। हालांकि डल्लू राम धर्मशाला के पास स्थित बिंदु शाह का मकान ध्वस्त किया जाना है। जिसको लेकर उनके द्वारा कुछ दिनों की मोहलत मांगी गई थी। पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मार्गो का निर्माण भी तेजी के साथ किया जा रहा है। जून के महीने में पीलीभीत धर्मशाला के सामने पौराणिक शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग निर्माण को लेकर नाली के ऊपर से पक्का निर्माण हटाया गया था और नालियों का निर्माण कराया जाना शुरू किया गया था। जिसके बाद रोडवेज बस अड्डा और स्टेशन से आने वाले मुख्य मार्ग, कानपुर धर्मशाला से आने वाले मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मंगलवार को पौराणिक शिव मंदिर के उत्तर गेट के पास नालियों और मार्ग निर्माण होता दिखाई दिया।

## बुजुर्ग से हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा



निघासन-खीरी। सोमवार को हुई दिनदहाड़े लूट कांड का निघासन पुलिस ने खुलासा किया। कोतवाल महेश चंद ने सजगता दिखाते हुए तत्काल टीम गठित कर अपराधियों को दस घंटे के भीतर सलाखों के पीछे भेजा है। कोतवाली निघासन क्षेत्र के अंतर्गत बुजुर्ग से हुई लूट का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया। बताते चले की दुगार्पुरवा निवासी प्यारे लाल सोमवार को जिला सहकारी बैंक से दस हजार रुपये निकालकर ऑटो से घर लौट रहे थे निकट दुगार्पुरवा भट्ठा के पास गन्ने की पत्ती बांधने खेत में गए तभी एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रस्सी से बांधकर रुपए लूट लिये बुजुर्ग की सूझबूझ से एक बदमाश मौके पर ही पकड़ा गया आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों की मदद से बाइक समेत आरोपी को पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान बैरिया गांव के जमाल अहमद के रूप में हुई। मौके पर आरोपी के पास से प्लास्टिक की रस्सी बरामद हुई। पुलिस ने मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को पकड़ा जो कि जमाल पुत्र इकबाल निवासी बैरिया सद्दाम पुत्र कल्लू और कुर्सील पुत्र डल्ला निवासी गण डांडुरी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से लूट के हजार रुपए 12 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस एक सुपर स्प्लेंडर बाइक और प्लास्टिक की रस्सी बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक आदित्य कुमार यादव, महिला उपनिरीक्षक महिमा पाण्डेय, उपनिरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, कॉन्स्टेबल अतुल कुमार व सलमान मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1385/ई-निविदा सूचना/ नं.प.सिं.भे./2024-25 दिनांकः 17.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को वित्तीय वर्ष 2024-25 में शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्यों हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक 07.02.2025 को समय अपरान्ह 03.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र **https://etender.up. nic.in** पर उपलब्ध हैं । जो कि दिनांक 18.01.2025 से 07.02.2015 को समय अपरान्ह 03.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में नकद/डिमान्ड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. जो कि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा के नाम बन्धक मान्य हो संलग्न एवं निविदा मूल्य नगद नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा खीरी कार्यालय में जमा कर रसीद या बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट अपलोड करना अनिवार्य होगा। कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत सिंगाही में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य । | 3447500.00 | 344750.00 | 3500.00 | 03 माह |

**निविदा की अन्य नियम व शर्ते निम्नवत हैं।**

1. निविदा प्रपत्र की हार्ड कापीए निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि व निविदा शुल्क जमा साक्ष्य की प्रति, एवं समस्त टेक्निकल डाक्यूमेन्ट टी-4 व टी-5 एवं जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र सहित निर्धारित दिनांक 07.02. 2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में जमा किये जा सकते हैं। तथा निविदा दिनांक 02.02.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे के पश्चात खोले जा सकते हैं।
2. निविदादाता को 100 रूपया के स्टाम्प पेपर पर स्व घोषणा-पत्र (टी-6) संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदादाता की पंजीकरण व हैसियत की सीमा निदेशक स्थानीय निकाय के पत्र संख्या-तक.सेल/07/निदे./2019. दिनांक 28.06.2019 के अनुसार होनी चाहिए।
4. निकाय में अपंजीकृत निविदादाता की निविदा न्यूनतम दर पर प्राप्त होने की दशा में निदेशालय के पत्र संख्या. एक/706/कम्यू.सेल/2019, दिनांक 06.11.2019 के अनुसार नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
5. 10 प्रतिशत से कम दर पर प्राप्त होनें वाली निविदाओं में शासनादेश संख्या-8/2017/836/23-7-17-176 (सा.)/06. दिनांक 08.06.2017 व शासनादेश संख्या-622/23-12-2012-2/आडिट/08टी.सी.-2, लो.नि.वि.-12, दिनांक 08.06.2012 में प्राप्त निदेशों का पालन किया जायेगा।
6. प्राक्कलन में निर्धारित मानकों एवं विशिष्टियों व निर्धारित आगणन/डिजाइन के अनुसार कराया जाना होगा, निर्धारित समय के अन्दर तथा आगणन में दिये गये मानक के अनुरूप कार्य न करनें अथवा विलम्ब की दशा में ठेकेदार के विरूद्ध दण्डात्मक (जमानत धनराशि जब्ती/निविदा निरस्त) कार्यवाही की जायेगी।
7. निर्माण कार्य निकाय के अधिकारियों/कर्मचारियों/अवर अभियन्ता नगर पंचायत की देख-रेख एवं उनके निर्देशानुसार कराना होगा, कार्य के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जांचोपरान्त कार्य मानक के अनुसार नहीं पाए जानें पर अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी को ठेका निरस्त करने/निर्माण कार्य में कमी की क्षतिपूर्ति की राशि बिल से कटौती करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
8. यदि उपरोक्त कार्यों पर शासन / जिला /नगर पंचायत स्तर पर पृथक से कोई संशोधन आदेश जारी किया जाता है तो उक्त आदेश का अनुपालन निविदादाता /ठेकेदार को करना होगा। अन्यथा की स्थिति में दण्डात्मक (जमानत धनराशि जब्ती / निविदा निरस्त) कार्यवाही की जायेगी।
9. निविदा को किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताये स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में निहित होगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
11. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
12. अन्य नियम/शर्तें व आगणन प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा से प्राप्त किये जा सकते हैं।

**अधिशाषी अधिकारी/उपजिलाधिकारी**
**नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा**
**लखीमपुर-खीरी**

संक्षेप

## शहीद हेमू कालाणी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**बरेली।** शहीदे आजम भगत सिंह की क्रांतिकारिता से प्रभावित सिंधी समाज के (19) वर्षीय युवक हेमू कालाणी ने भी देश को आजाद कराने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था।

मंगलवार को सर्किट हाउस चौराहे पर युवा सिंधी समाज ट्रस्ट के बैनर तले शहीद हेमू कालाणी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर डॉ. विनोद पागरानी ने कहा कि शहीद हेमू कालाणी के जीवन परिचय को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने कहा कि समाज यदि संगठित रहेगा तभी समस्याओं से मुक्त रहेगा। अध्यक्ष विजय मूलचंदानी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हेमू कालाणी पर भी शहीदे आजम भगत सिंह का बहुत प्रभाव था और वही उनके आदर्श भी थे। 19 वर्ष की अल्पायु में ही वे देश के लिए कुर्बान हो गए। इस मौके पर दुर्गेश खटवानी मुकेश खटवानी रवि अग्रवाल दिलीप केसवानी को परमार्थी सम्मान से भी नवाजा गया।

# बार और बेंच के सामंजस्य से मिलेगा वादकारियों को न्याय: जिला जज



**कुशीनगर।** सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, कसया कुशीनगर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि जिला जज सुशील कुमार शशि ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि और अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। बच्चियों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य

● सिविल कोर्ट बार संघ कसया के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला जज ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

अतिथि जिला जज श्री शशि ने कहा कि बार और बेंच के सहयोग से वादकारियों को न्याय मिलेगा। मुझ पर भरोशा रखें। यहां की सभी समस्याएं होंगी। विधायक ने कहा कि न्यायपालिका व विधायिका के संयुक्त पहल से ही आमजन को न्याय मिलेगा। भदन्त ज्ञानेश्वर ने धम्म पाठ किया और एक हाल बनवाने की घोषणा की। पूर्व अध्यक्ष व सदस्य बार काउंसिल मधुसूदन त्रिपाठी, अरुण कुमार त्रिपाठी ने अधिवक्ता और वादकारियों के हितों की चर्चा की। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता हितों की रक्षा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि सीजेएम कविता सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन मयंक प्रकाश, न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया संजय कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन, अवकाश प्राप्त जिला जज संतोष श्रीवास्तव, पूर्व जिला जज उपेन्द्र भूषण मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किये। बार अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री अश्वनी कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी, उपाध्यक्ष केशव मद्धेशिया सहित सदस्य को शपथ दिलाई गई। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, बुके, स्मृति चिन्ह देकर बार अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री अश्वनी कुमार शुक्ला, एल्डर कमेटी चेयरमैन असलम लारी, बद्री नरायण दुबे, पंचनन्द मिश्रा, अवधेश पाण्डेय, रघुनाथ यादव, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, ओंकार नाथ पांडेय, रमेश वर्मा, तनवीर हाशमी, आनन्द राय आदि ने किया। आय व्यय का लेखा जोखा पूर्व महामन्त्री हज्जान प्रकाश द्विवेदी ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद पाठक व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, संजय कुमार सिंह बघेल, जय श्री सिंह, दिव्य प्रकाश मणि, अरविंद कुमार दुबे, जलज सिंह, सोहराब अली, मिश्र, संदीप कुमार राय, रामदेनी सिंह, उदयभान यादव, शकुन पटेल आदि मौजूद रहे।

## साले की हत्या करने वाले बहनोई को आजीवन कारावास

**बरेली।** बरेली में साले की गोली मारकर हत्या करने वाले बहनोई को आजीवन साश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही डेढ़ लाख रुपए का अर्थदंड (जुर्माना) लगाया है। यह राशि पीड़ित परिवार को दी जाएगी। बताया जाता है कि आरोपी बहनोई अक्सर बहन के साथ घरेलू हिंसा (मारपीट) करता था। जिसके चलते मृतक अपने भाई और गांव के लोगों को लेकर बहनोई को समझाने आया था। मगर, बहनोई ने सभी की मौजूदगी में बहन के साथ मारपीट कर दी। जिसके चलते उन्हें समझाया गया, लेकिन उन्होंने ससुराल से आए लोगों पर ही अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी। यह गोली सालों और भांजे के साथ कई अन्य लोगों को लग गई। इनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर, साले की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले की अपर सत्र न्यायधीश (एडीजे) तबरेज अहमद ने सुनवाई कर आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही डेढ़ लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।

## रोटरी क्लब सेंट्रल ने आयोजित किया सम्मान समारोह



**देवरिया।** रोटरी कब ने पत्रकारों का सम्मान के लिए एक सम्मानित समारोह आयोजित किया है कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती शीला श्रीवास्तव सचिव श्रीमती प्रियंका जोशी द्वारा गणेश वंदना की गई ' तत्पश्चात अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर विपिन बिहारी शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो 1905 से शुरू हुआ है देवरिया में रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल के नाम से वर्ष 2003 से शुरू हुई है इस संस्था का उद्देश्य आपसी भाईचारा, सामाजिक उत्थान, गरीबों की सेवा के साथ में एक दूसरे की जरूरत पड़ने पर सेवा करना है ' कार्यक्रम में सनबीम स्कूल के डायरेक्टर अवनीश मिश्रा जी, जोनल सेक्रेटरी अतुल बरनवाल, ब्यूरो प्रमुख स्वतंत्र चेतना बृजेश चंद्र शर्मा, , रिपोर्टर हिंदुस्तान शशिकांत मिश्रा जी, ब्यूरो चीफ मनोज शुक्ला, रिपोर्टर अमर उजाला राजीव यादव, रिपोर्टर आज अंबरीश मणी जी, ब्यूरो चीफ आपकी आवाज निगम पांडे, फोटो जर्नलिस्ट हिंदुस्तान घनश्याम रावत, छाया कर अमर उजाला अनूप कुमार तिवारी, को माला पहना कर स्वागत किया गया एवं सम्मान पत्र,गिफ्ट और गमले का पौधा देकर सम्मानित किया गया ' इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव सचिव प्रियंका जोशी का स्वागत बुके और गिफ्ट देकर किया गया ' इस अवसर पर अखिलेन्द्र शाही, कुंवर विजय सिंह, राकेश धर द्विवेदी,लालजी गुप्ता,हिमांशु सिंह,कंचन बरनवाल,एस एन चतुर्वेदी, इमरान लारी पीयूष अग्रवाल,मयंक अग्रवाल,शरद अग्रवाल,गोपाल कृष्ण सिंह, बृजेश सिंह राजा उपस्थित रहे ।

## शीतलहर,ठिठुरन से जनजीवन बेहाल

**देवरिया।** पिछले कई दिनों से चल रही शीतलहर और कपा देने वाली ठण्ड ,ठिठुरन से जहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है वहीं घने कोहरे व दिनभर धुंध ने सड़क और रेल यातायात पर ब्रेक से लगा दिया है ।मौसम में हो रहे उत्तर चढ़ाव से रोजमर्रा के कार्य बाधित हो रहे हैं ।घरों से बाहर निकले लोग ठण्ड और ठिठुरन के चलते जल्दी जल्दी अपना काम निपटाकर घर लौटने को मजबूर हैं । सड़कों रास्तों ,बाजारों ,चौराहों पर दिन में घण्टे दो घण्टे के बाद वीरानी छह जा रही है ।शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोगबाग ठिठुर रहे हैं । दिनभर गलन के बीच खुले स्कूलों के बच्चों और अध्यापकों की हालत देखने लायक है ।घर से सिकुड़े,ठिठुरे पीठ पर बैग लादे ,नाक मुह पोछते स्कूल जाते आते बच्चों को देख लोग भले हई रहम का रहे है लेकिन संचालक व प्रशासन आंखें मुदे हैं यद्यपि परिषदीय विद्यालयों में भीषण ठण्ड के चलते नामात्र के बच्चे ही पहुच रहे हैं । गुरु जी लोग भी ठिठुर ठिठुर करअपनी ड्यूटी निभा रहे हैं ।कार्यालयों में लोग हीटर जलाकर शीतलहर,,कई जिलों में धूप निकलने की सूचनाओं, महाकुंभ , का हिसाब किताब कर समय बिता रहे हैं । सुबह कोहरा व धुंध की चलते रेल एवं सड़क मार्ग प्रभावित हो रहा है न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है दिन दिन भर शीतलहर पछुआ हवा लोगों को कपकपा रही है ।लंबी दूरी की बस सेवा पर मौसम का प्रभाव पड़ रहा है ।प्रयागराज ,दिल्ली तथा लखनऊ कानपुर अयोध्या से आने जाने वाली बसें निर्धारित समय से घंटों देरी से पहुंच रही है ।प्राइवेट बस सेवा भी प्रभावित हो रही है। मुंबई और नई दिल्ली से आने वाली ट्रेने भी कोहरे के करण काफी विलंब से चल रही है। ठंड के चलते वैसे भी ट्रेनों और बसों में सवारियां कम दिख रहे हैं। भीषण ठंड के बावजूद मलिन बस्तियों चौराहा रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर अलाव की व्यवस्था न होने से लोंगों की मुश्किल कम नहीं हो रही हैं । कोहरे व धुंध के चलते पशुपालकों की दुश्वारियां बढ़ गई है। पशुओं को ठंड से बचाने और उनके चारे पानी का इंतजाम उनके लिए ठंड बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो के विजेता खिलाड़ियों को एसपी ने किया सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया।** ताइक्वान्डो फेडरेशन आफ इण्डिया के तत्वधान में उ0प्र0 ताइक्वान्डो संघ द्वारा 18 से20 जनवरी तक आयोजित ओपेन राष्ट्रीय राजाजीपुरम इण्डोर स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 1500 प्रतियोगियो ने प्रतिभाग किया जिसमें जनपद देवरिया के 16 खिलाड़ियो ने उ0प्र0 की तरफ से खेलते हुये 4 स्वर्ण , 3 रजत तथा 3 कास्य सहित कुल 10 पदक प्राप्त कर जनपद देवरिया का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में तनु वर्मा जूनियर बालिका अण्डर 55 किलो ग्राम के फाइनल में लखनऊ साई के खिलाड़ी को 0-10 एवं 2-14 से पराजित कर स्वर्ण पदक, तुषिका वर्मा जूनियर बालिका अण्डर 52 किलो ग्राम में मणिपुर के खिलाड़ी को 1-12 एवं 0-12 से हराकर स्वर्ण पदक, अभिषेक कुमार जूनियर बालक अण्डर 59 किलो ग्राम के फाइनल में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी से पराजित होकर रजत पदक ,अशु कुमार सब जूनियर बालक अण्डर 50 किलो ग्राम के फाइनल में पराजित होकर रजत पदक, अदिति त्रिपाठी सीनियर महिला अण्डर 49 किलोग्राम में पराजित होकर रजत पदक, गाग्री मिश्रा, पुणिमा मौर्या एवं आयुषी कुशवाहा ने कास्य पदक एवं फ्रेसर गुप में सुभि त्रिपाठी और अर्थव त्रिपाठी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

विजेताओं के देवरिया आने पर जिला ताइक्वान्डो संघ एवं जिला खेल कार्यालय देवरिया के समन्वय से सम्मान समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक *विक्रान्त वीर* ने खिलाडियो को मेडल पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और भविष्य के लिये शुभकामनाये देते हुये कहा की इसी प्रकार अपने खेल में आगे बढते हुये जनपद,प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उल्लेखनीय है की ये सभी खिलाड़ी रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम के ताइक्वान्डो प्रशिक्षक गिरीश सिंह द्वारा विगत कई वर्षो से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनकी इस सफलता पर जिला क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने कहा की सफलता से अति उत्साहित न होकर अपनी मजिल की तरफ बढने का एक पड़ाव मानकर भविष्य में अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निरन्तर मेहनत करना आवश्यक है।,जिला ताइक्वान्डो संघ के अध्यक्ष डा0 संजय कानोडिया,जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष सजय केडिया सचिव अजय जायसवाल,प्रशिक्षक अवधेश यादव,लालू यादव,शकील अहमद,दिवाकर मणि त्रिपाठी,मिथुन प्रजापति,अभिषेक सिंह,अंकित चैहान,विशाल कुमार राहुल कुमार आदि लोगो ने खिलाडियों के इस खिलाडियों उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दिया।

## ईट भट्ठा कर पुलिस की छापेमारी से मची अफरा - तफरी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पुरनाछापर मे स्थित एक ईट भट्ठा पर पुलिस ने की छापेमारी ।छापेमारी के दौरान ईट भट्ठा पर अफरातफरी का हुआ माहोल ।बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम पैदल मार्च करने के बाद पुरनाछापर ईट भट्ठा पर शराब बनाने व बेचने के अभियान पर छापेमारी की पुलिस को देखते ही अफरातफरी का माहौल बन गया ।पुलिस टीम गहनता के साथ ईट भट्ठा के सम्भावित सभी स्थानो की जाँच की गयी ।लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नही लग पाया ।इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी कर पुलिस यह सन्देश दे रही है कि अगर किसी ईट भट्ठे पर देशी शराब बनाने व बेचते हुए कोई मजदूर पाया गया तो मजदूरों सहित ईट भट्ठे के मालिक के विरुद्ध भी कार्यवाही की जायेगी ।

## जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक संपन्न



**कुशीनगर।** जनपदीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई ।बैठक में पन्नेलाल पुत्र रामदौड़ निवासी मंगलपुर तहसील हाटा जनपद कुशीनगर एवं नीरज गोंड पुत्र ओमकारनाथ गोंड निवासी वार्ड नं0-17 थरूआडीह नगर पालिका परिषद हाटा जनपद कुशीनगर द्वारा जिला जाति प्रमाण-पत्र सत्यापन समिति के समक्ष अपना-अपना पक्ष रखा गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) वैभव मिश्रा प्रतिनिधि उप जिलाधिकारी हाटा तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार व जनसमस्याओं को लेकर भाकपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



**कुशीनगर।** जिले के तमकुहीराज तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर भाकपा कार्यकताओं ने सरकार विरोधी

● एडीएम को पत्रक सौंपने के बाद धरना हुआ समाप्त

नारेबाजी करते हुए नगर में भ्रमण किया, इसके उपरांत तहसील मुख्यालय पर पहुँच धरना दिया। धरना के दौरान स्थल पर एसडीएम पहुँच कर पत्रक लिया। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ ।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाकपा नेता का. लल्लन राय, एडवोकेट मतिउल्लह के अगुवाई में सौकड़ों भाकपा कार्यकर्ताओं ने एक जलूस के रूप में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुँच धरना दिये ।भाकपा कार्यकताओं ने तहसील में व्याप्त भ्राष्टाचार का आरोप लगा गरीब व निरीह जनता का राजस्वकर्मियों पर शोषण का आरोप लगा रहे थे। अपंजीकृत बैनामे को नियम विरुद्ध खारिज दाखिल करने, लेखपाल व कानूनगों पर धन उगाही कर गरीब व कमजोर लोगों को न्याय से वंचित करने का भी आरोप लगाया।

### भाकपा कार्यकर्ताओं की मुख्य मांग

मुख्य मागों में सीओ चकबंदी की तहसील मुख्यालय पर स्थापना करना, रामपुर बंगरा के मुसहरों को बुनियादी सुविधा देते सरकारी बजंर की जमीन को दबंगों से मुक्त करा पात्र मुसहरों को पट्टा देने, नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा के भ्राष्टाचार की जांच कर कार्रवाई करने, तहसील में कार्यरत्त प्राइवेट मुंसियो को संविदा पर रख उनकी जवावदेही तय करना, सरकारी राशन के दुकानों की ऑनलाइन केवाईसी सुविधा उपलब्ध कराने, गन्ने की घटतौली रोकने और 500 रुपये गन्ने का रेट तय करने, एनएच 727 बी में पड़ने वाले किसानों के भूमि का उचित मुआवजानिजीकरण रोकने, हर पात्र व्यक्ति को आवास कराने, वृद्ध व विधवा पेंशन बढ़ाने आदि सहित कुल 15 मांग शामिल है।

## बरहज में विधान से समाधान जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

**देवरीया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के संयुक्त निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के निर्देशन में ह्यह्यविधान से समाधानह्यह्य कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाक बरहज में महिलाओं के विधिक अधिकारों हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ ।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के हितार्थ हेतु महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं महिलाओं का कार्य स्थल पर लैगिंग उत्पीड़न निवारण एवं लिंग चयन और लिंग निर्धारण के निषेध पर जन जागरुकता तथा लैंगिक समानता हेतु प्रावधानों का प्रचार प्रसार एवं थर्ड जेंडर के मौलिक अधिकार तथा आपदा पीड़ित का अधिकार एवं समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 तथा महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण से सम्बन्धित कानूनों के बारे में विस्तार से वर्णन कर उपस्थित महिलाओं को नालसा द्वारा निर्मित विड़ियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से भी जागरूक किया गया। उन्होने कहा कि संविधान के द्वारा ही महिलाओं को अपने अधिकार प्राप्त हो रहें है। तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नामित रिर्सोस पर्सन अरविन्द कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता, जनपद न्यायालय, देवरिया एवं रिर्सोस पर्सन सावित्री राय, अध्यक्ष, सी0डब्ल्यू0सी0, देवरिया द्वारा महिलाओं से संबंधित कानून, एसिड अटैक, दुष्कर्म, अपहरण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के बारे में, कानूनों के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना, जिससे उन्हें वास्तविक जीवन स्थितियों में चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयुक्त बनाया जा सके।

महिलाओं को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न चैनलों यानी एन०सी०डब्ल्यू०ए नालसा, पुलिस, कार्यपालिका, न्यायपालिका और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करने और उनका उपयोग करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के टोल-फ्री नम्बर के बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण ईकाइ देवरिया जय प्रकाश तिवारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया । खण्ड विकास अधिकारी, बरहज द्वारा कौशल विकास के साथ-साथ वित्तीय स्वतंत्रता तथा महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में महिलाओं को जागरूक करना के सम्बन्ध में भी चर्चा किया गया।

इस अवसर पर अरविन्द कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता, जनपद न्यायालय, देवरिया एवं सावित्री राय, अध्यक्ष, सी0डब्ल्यू0सी0, देवरिया, जयप्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण, इकाई देवरिया एवं सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## जनपद में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारितः डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 2025-26 में पौधरोपण हेतु जनपद में 35.00 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष विभागवार अलग अलग लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसके सापेक्ष कुशीनगर हेतु वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित कुल 32 संबंधित विभागों का वर्ष 2025 पौधरोपण के लक्ष्य का निर्धारण हुआ है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के क्रम में बताया कि वन विभाग को 1038900, पर्यावरण विभाग को 149000, ग्राम्य विकास विभाग को 1571000, पंचायतीराज विभाग को 160000, राजस्व विभाग को 132000 एवं नगर विकास विभाग को 21000 का लक्ष्य आवंटित किया गया है, इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, रेशम कृषि विभाग सहित कुल 32 विभागों को लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित किया है कि उपरोक्त निर्धारित लक्षणों की प्राप्ति हेतु अग्रिम मृदा कार्य हेतु स्थल चयन कर चयनित स्थलों की सूची तत्काल प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग कुशीनगर के कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि स समय पीएमएस पोर्टल पर अपलोड/ फीडिंग की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि वृक्षारोपण अभियान के सफल क्रियान्वयन में हेतु वृक्षारोपण कार्य योजना प्रभागीय वनाधिकारी कुशीनगर को तत्काल प्रस्तुत करें। पौधरोपण से संबंधित विभाग के अधिकारी वर्ष 2025 पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शासन से प्राप्त निदेर्शों का अक्षरशः पालन करना एवं आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष स्थल चयन की सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# कुशीनगर की टीम बनी एकता कप की चैंपियन



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर विकास खण्ड के ग्राम सभा रुदवलिया बटलोहिया के पूर्वान्चल फुटबाल क्लब द्वारा आयेजित एकता कप फुटबाल टूनार्मेंट में मंगलवार कोकुशीनगर क्लब ने युवा क्लब बटलोहिया को एक गोल से हराकर एकता कप पर अपना कब्जा जमा लिया।

दोपहर को प्रारंभ हुए फाइनल मैच में कुशीनगर क्लब के खिलाडि ?ों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया और शुरू से मैच पर अपना पकड़ मजबूत बनाए रखा। नतीजा पहले हाफ की समाप्ति पर कुशीनगर एक शून्य से आगे रहा। दूसरे हाफ में युवा क्लब बटलोहिया के खिलाड़ियों ने मैच में वापसी की बहुत कोशिश की लेकिन अंततः उन्हें कोई सफलता नहीं मिली और मैच एक गोल से हार गई। कुशीनगर के कप्तान फिरोज को टूनामेंट का श्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इसके पूर्व मैच का उद्घाटन समाजसेवी एवं आर.के.एस ईंट उद्योग प्रोपराइटर भानुप्रताप सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबाल हमेशा से ग्रामीण परिवेश का लोकप्रिय खेल रहा है ।ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से युवाओं में एक अच्छा सन्देश जायेगा। क्रिकेट की तरह ग्रामीण क्षेत्रों से अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी भी प्रदेश एवं देश स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।

## टीबी रोगियों संग रखे भावनात्मक लगाव: डॉ. अजय शुक्ला




जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में चलाये जा रहे गोद अभियान के क्रम में मंगलवार को टीबी क्लीनिक के सभागार में आईएमए कुशीनगर द्वारा

● संभ्रांत व्यक्ति टीबी रोगियों को गोद लेने आगे आवे: डीटीओ

27 टीबी रोगियों को तीसरे माह की प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गयी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि आईएमए के पूर्व सचिव डॉ अजय शुक्ला ने कहा कि टीबी मरीजों को पोषण की पोटली देने के साथ ही भावनात्मक लगाव भी रखें। उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी समय समय लेते रहे। उन्होंने ने कहा कि रोगी के साथ रहने वालों की भी जाँच जरूर कराकर उनके बचाव हेतु दवा दे दे ताकि समाज में कोई नया मरीज न बन पाये। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को मिलकर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन. त्रिपाठी ने आईएमए के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुये समाज के संभ्रांत व्यक्तियों से अपील किया कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रतिमाह उपचार चलने तक पोषण पोटली देने के लिये आगे आना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत पीपीएम नितेश राय द्वारा किया गया तथा आभार एसटीएलएस विशाल जयसवाल ने ज्ञापित किया। इस दौरान एसटीएस विवेक यादव,टीबीएचबी राकेश कुमार सिंह, डीईओ अरमान अहमद, पांडेय, अविनाश गुप्ता, सूर्या शर्मा, एलटी अनिल सिंह, दीपक दुबे,राजा, विद्या, वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## स्कूली वैन में आचनक लगी आग, बाल -बाल बचे छात्र

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। जिले के विशुनपुर कला के समीप बच्चों को छोड़ने जा रहे स्कूली वैन में मंगलवार की दोपहर को अचानक आग लग गई। धुआं निकलता देख स्कूली बच्चे शोर करने लगे। जिसके बाद चालक ने वाहन को खड़ा कर लिया और बच्चों को सुरक्षित उतार दिया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। उधर स्कूली वैन में आग लगने की सूचना के बाद खलबली मच गई। मिली जानकारी के अनुसार बरियारपुर थाना क्षेत्र के महुआनी में एक प्राइवेट विद्यालय है। विद्यालय में बच्चों को ले आने व ले जाने के लिए वैन लगाई गई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर विद्यालय की छुट्टी होने के बाद विद्यालय की वैन बच्चों को छोड़ने के लिए विशुनपुर कला की तरफ जा रही थी। अभी वह महुआनी चौराहे के समीप पहुंची थी कि अचानक शार्ट सर्किट से वैन में आग लग गई। धुंआ निकलता देख बच्चों ने शोर किया तो चालक ने वाहन रोक दिया और फिर बच्चों को वैन से नीचे उतार दिया। इसके बाद कुछ ही देर में देखते ही देखते धू-धू कर वैन जल गई। इस संबंध में पूछने पर बरियारपुर की थानाध्यक्ष कंचन राय ने कहाकि घटना की जानकारी मिली है। सभी बच्चे सुरक्षित हैं कहीं कोई घबड़ाने वाली बात नहीं है।

## यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घनाओं की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान जारी



**देवरिया।** बिना हेलमेट वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत चालान किया गया। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल व दोपहिया वाहनों पर तीन सवारियां बैठाने वालों , सड़क पर गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जुमार्ने लगाए गए ।यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना, सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना। यह अभियान नागरिकों को यातायात के नियमों के महत्व को समझाने और उन्हें सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करने हेतु चलाया गया ।यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके ।यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह द्वारा आज शहर के कई स्थानों कसया ओवरब्रिज , मालवीय रोड, सुभाष चौक एवं बस स्टैंड पर अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 212 वाहनों का चालान , दो वाहनों को सीज किया गया।

संक्षेप

## आग से घर जलकर खाक

महमूदाबाद/सीतापुर।विद्युत शाट सर्किट से लगी आग से एक घर जलकर खाक हो गया। अग्निकांड में नकदी समेत करीब 50 हजार की संपत्ति का नुकसान है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।सदरपुर के नदवा हेलेपारा में जंग बहादुर पुत्र मनोहर लाल के घर के ऊपर से निकले विद्युत तार में शाट सर्किट होने से मंगलवार की दोपहर घर में आग लग गई। अग्निकांड में सात हजार की नकदी, कपड़ा, बर्तन, अनाज समेत करीब 50 हजार की संपत्ति जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

## किशोर को अगवा कर अप्राकृतिक कृत्य की कोशिश

महमूदाबाद/सीतापुर।महमूदाबाद कस्बे में परचून की दुकान पर खड़े एक नाबालिग किशोर को अगवा कर अप्राकृतिक कृत्य की कोशिश की गई। अपने साथ गलत होता देख किशोर ने शोर मचाना शुरू किया तो आरोपी डरकर भाग गया। पीड़ित ने किसी तरह घर के नंबर पर फोन कर मामले की सूचना दी। पीड़ित की मां ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।नगर क्षेत्र के वार्ड निवासिनी महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका 10 वर्षीय पुत्र मोहल्ले के बाहर परचून की दुकान पर खड़ा था तभी वहां नशे की हालत में कुरैशी मार्ग निवासी फैय्याज पुत्र सच्चऊ आया और किशोर से कहा कि तुम्हारे चाचा ने बुलाया है। किशोर उसके साथ बाइक पर बैठ गया। फैय्याज किशोर को दो किमी दूर रामपुर मथुरा मार्ग पर जंगल में ले जाकर गाड़ी रोकी और असलहा दिखाकर अप्राकृतिक कृत्य की कोशिश की। किशोर ने किसी तरह धक्का देकर शोर मचाया और पास की एक दुकानदार के फोन से घर पर जानकारी दी। पीड़ित के परिजन मौके पर पहुंचे और किशोर को सुरक्षित बरामद करते हुए घर ले गए। पीड़ित की मां ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## बुजुर्ग को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

महमूदाबाद/सीतापुर।सदरपुर में खेत से वापस घर जा रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से बुजुर्ग सड़क किनारे गिरकर घायल हो गया। घायल को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।सदरपुर के रंडा लच्छीपुर के सोनासर (60) पुत्र दयाशंकर अपने खेत में लगी गेहूं की फसल देखने सोमवार की रात गए थे। देर शाम वह पैदल वापस घर आ रहे थे। इस दौरान मोतीलालपुरवा के पास बाइक ने पीछे से इन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सोनासर गिरकर गंभीररूप से घायल हो गए। घायल सोनासर को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर मुकुल प्रकाश ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, तहरीर मिलने पर केस दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## निःशुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन 3 से

उन्नाव। सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान द्वारा आगामी 3 फरवरी को ग्राम भिखारी खेड़ा हसनगंज में आयोजित 13वां निःशुल्क मोतियाबिन्द कैम्प के व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु एक जन जागरूकता रैली का आयोजन संस्था अध्यक्ष ने किया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने रैली में शामिल होकर सभी लोगो की हौंसला अफजाई की। वही पर रैली के माध्यम से क्षेत्रीय लोगो से अपील की, अधिकाधिक लोग निः शुल्क मोतियाबिंद कैम्प में ग्राम भिखारी खेड़ा आकर आँख की रोशनी पाकर लाभान्वित हो। रैली ग्राम निजामपुर पचगहना की गलियों से निकल कर मौला बाक़ीपुर गजफ़्फ़र नगर होते हुए हसनगंज में समाप्त हुई। रैली में रेशू तिवारी, मनोज पाल, छोटेलाल, अजीत सिंह, पप्पू सिंह, अरुण दीक्षित, विकास पाल, आशु, विनोद सहित आधा सैकड़ा लोग इस रैली के हिस्सा बने।

# प्रेस वार्ता में सांसद की पत्नी ने बताया सारे आरोप निराधार



जिला संवाददाता(vol)

● सांसद को अपने बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस ने सो कॉल नोटिस तामील कराई

सीतापुर। बीते कई दिनों से महिला द्वारा कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर शारीरिक शोषण का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद हो रही चर्चाओं के बीच सांसद की पत्नी नीलम राठौर पहली बार मीडिया के सामने आई। उन्होंने 45 सेकंड में ही प्रेस वार्ता को समाप्त कर अपने पति के ऊपर लगाए गए सारे आरोप निराधार बताते हुए न्यायालय पर पूरा भरोसा जताए जाने की बात कही।

मीडिया के सवालों के जवाब दिए बगैर ही सांसद की पत्नी अपनी बात 45 सेकंड में ही खत्म कर वापस चली गई। दूसरी ओर सांसद के आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान नगर कोतवाल अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम सांसद आवास पहुंचकर सांसद की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने इस दौरान सांसद आवास की तलाशी लेते हुए पत्नी को एक नोटिस तामील कराई है। नोटिस के तहत सांसद को अपने बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस ने सो कॉल ( बुलावा नोटिस) भेजा है। शहर कोतवाल ने बताया कि सांसद के बयानों के आधार पर ही विवेचना को आगे बढ़ाया जाएगा। सांसद राकेश राठौर की पत्नी नीलम राठौर ने प्रेस वार्ता के दौरान अपने पति को निर्दोष बताते हुए सभी आरोप निराधार होने की बात कही है वहीं उन्होंने कहा कि न्यायालय हमें न्याय जरूर देगा। पत्नी ने कहा कि उन्हें अपने पति पर पूरा भरोसा है और वह सही है, क्योंकि वह हर मायने में लोगों की मदद करते हैं। प्रस्वर्ता के दौरान ही पुलिस टीम ने आवास पहुंचकर लोगों की धड़कनें बढ़ा दी थी।

## पुलिस ने महाकुंभ पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा नेता को किया गिरफ्तार



महमूदाबाद/सीतापुर। सपा के पूर्व विधानसभाध्यक्ष द्वारा कुंभ को लेकर की गई अभद्र पोस्ट के बाद तनाव फैल गया। ग्रामीण नारेबाजी करते हुए रामपुरकलां थाने जा पहुंची। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्जकर आनन-फानन में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सूचना पर छात्रसभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य सपाई थाने पहुंचे और पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया।सपा के बिसवां विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रामपुरकलां के मझिगवां के श्याम यादव पुत्र जगदीश ने एक्स पर ऊपर पोस्ट अभद्र टिप्पणी की जो वायरल होने के बाद हिंदू समाज में आक्रोश फैल गया। पोस्ट के विरोध में कई ग्रामीण थाने पहुंच गए और श्याम यादव द्वारा की गई अभद्र पोस्ट की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने भज्जूपुर चौड़िया के राधवराम शुक्ल पुत्र संतशरण की तहरीर पर आरोपी श्याम यादव के खिलाफ केस दर्जकर आनन-फानन में उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। सूचना के बाद सपा छात्रसभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव समेत कई अन्य सपाई थाने पर पहुंचे और पुलिस द्वारा श्याम यादव पर की गई कार्रवाई की निंदा की। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया कि श्याम यादव द्वारा एक्स हैंडल पर डाली गई पोस्ट से तनाव फैल रहा था। आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर उसे जेल भेज दिया गया है, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# सदर विधायक के आश्वासन पर शिक्षकों का अनशन स्थगित

## विधायक ने अपर मुख्य सचिव से वार्ता कर निस्तारण का दिया आश्वासन



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ का क्रमिक अनशन सायं 4:30 बजे से प्रारम्भ हुआ।

इसमें चयन वेतन आदेश के उपरान्त निर्धारण ना होना, चयन वेतन पत्रावलियां लम्बित होना, ब्लाक नवाबगंज की लेखा पर्ची में विसंगति, दिव्यांग यात्रा भत्ता का देय न होना, नेशनल पेंशन वृद्धि, जी पी एफ आन लाइन न होना एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु एक घण्टा प्रतिदिन अनवरत समस्याओं के निस्तारण तक क्रमिक अनशन जारी रखने का निश्चय किया गया था। क्रमिक पेंशन के दौरान सदर विधायक पंकज गुप्ता ने आकर शिक्षक संगठन से शिक्षकों की समस्याओं से सम्बन्धित वार्ता की तथा चयन वेतन मान की बात को जायज बताते हुए इसे जिला अधिकारी के समक्ष बात रखने व निस्तारित कराने का आश्वासन प्रदान किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विधायक को यह बताया गया कि मेरे द्वारा आदेश दिया जा चुका है। किन्तु वित्त लेखा अधिकारी द्वारा लम्बित किया जा रहा है। सदर विधायक के आश्वासन पर क्रमिक अनशन स्थगित किया गया। क्रमिक

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अपर मुख्य सचिव (वित्त) दीपक कुमार एवं डीएम गौरांग राठी से वार्ता कर शीघ्र समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही तब तक शिक्षकों से अनशन स्थगित करने का अनुरोध किया। बता दें कि शिक्षक अपनी मांगो को लेकर कार्यालय में क्रमिक अनशन पर एकत्रित हुए। शिक्षकों ने अपनी मांगो को लेकर बीएसए कार्यालय में अनशन जारी रखा। इस दौरान जानकारी पर पहुंचे सदर विधायक ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का सामाधान जल्दी ही करवाया जाए। इसके लिए जिस स्तर पर अधिकारियों से बात करती पडेगी वह की जाएगी।

अनशन में प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सेंगर, जिला अध्यक्ष के. एस मिश्रा, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, महामंत्री अवनीश पाल, जिला लेखाकार चन्द्र प्रकाश दीक्षित, विवेक द्विवेदी, संगठन मंत्री अनिल वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेयी, जिला उपाध्यक्ष राकेश बघेल, यूपी एक्स सर्विसमैन टीचर एसोसिएशन संस्थापक राजेश यादव, नवाबगंज महामंत्री अमित शर्मा, पुरवा अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, पुरवा महामंत्री पवन कुमार पाण्डेय, पुरवा कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह पटेल, पुरवा मीडिया प्रभारी पंकज राजपूत, नवाबगंज वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा, नवाबगंज उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार अवस्थी, सुचित्रा बाजपेयी, राधा मिश्रा, मुकेन्द्र कुमार ब्लाक कोषाध्यक्ष औरास, मो. हसीब, विशाल प्रताप, अर्चना सिंह ए.आर.पी, देवेन्द्र यादव, शिव कुमार, वैष्णव कनौजिया, सुशान्त पटेल, कुंवर सिद्धार्थ, अटेवा जिला संयोजक अर्पित मिश्रा, अटेवा जिला संरक्षक उमेश मौर्या, अटेवा जिला महामंत्री राजकरन यादव आदि है।

## निर्माण के 15 दिन में उखड़ गई सड़क

सीतापुर। जनपद लखनऊ के विकास खण्ड बक्सी तालाब के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खानपुर तिराहे से अटेसुआं तिराहे तक नंई सड़क का निर्माण कार्य जो 15 दिन पूर्व पी डब्लू डी द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया गया है। उस सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। सड़क निर्माण हुआ है, जो देखने लायक है। सड़क निर्माण को लेकर के एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इसको भ्रष्टाचार कहे या और कुछ। पार्टी के प्रदेश महासचिव ने कहा कि उक्त सडक का निर्माण केवल 15 दिन पहले हुआ था। वह तो सड़क निर्माण हल्की-फुल्की बारिश में उखड़ने लगी। गांव के छोटे-छोटे बच्चे उस सड़क की गिट्टी को खेलते दिखाई दिये। इससे अच्छा होता सड़क न बनती। ऐसी सड़क बनाने से क्या फायदा। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सड़को के निर्माण पर कंई लाख रूपयों का बजट देती है। सड़क मार्ग जनता की सुविधा के लिये है। लेकिन यह सड़क निर्माण से ऐसा प्रतीत होता है कि यह सड़क निर्माण कार्य केवल सरकारी धनराशि बन्दर बांट करने की नियति से की गई। जेई पीडब्लूडी की मदद से ऐसा निर्माण कार्य कराकर भुगतान लेकर बन्दर बांट किया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिम्मेदार जेई पीडब्लूडी और एई पीडब्लूडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाये। स्वीकृति धनराशि की वसूली कराकर पुनः सड़क निर्माण कार्य कराया जाये। तभी कहीं भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी को डर लगेगा।

## पत्नी, पुत्री व पुत्र का शव गांव पहुंचते ही माहौल हुआ गमगीन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। मुन्नी खेड़ा गांव के निवासी सेना में नौकरी कर रहे आलोक सिंह की पत्नी, पुत्री और पुत्र की बांगरमऊ नगर के न्यू कटरा मोहल्ले में अपने मकान में रविवार रात सोते समय हुई। मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में दुःख का माहौल बन गया। सोमवार रात पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। देर रात पति के पहुँचने पर एक बार फिर दहाड़ मारकर रोने की आवाजों से गांव दहल उठा। मंगलवार को तीनों शवों का अन्तिम संस्कार नाना मऊ घाट पर कर दिया गया। मुन्नी खेड़ा गांव निवासी सुन्दर सिंह का पुत्र आलोक सिंह सेना में कश्मीर में सूबेदार के पद पर तैनात है। उसका विवाह क्षेत्र के गांव भड़सर नौशाहरा गांव की रचना सिंह के साथ हुआ था। उसके लगभग आठ वर्षीय एक पुत्र वैभव तथा लगभग दो वर्षीय एक पुत्री वैष्णवी थी। आलोक ने बांगरमऊ के न्यू कटरा मोहल्ले में जमीन लेकर एक मकान बनवा लिया था जिसमें उसकी पत्नी बच्चों के साथ रहती थी। रविवार को पत्नी और बच्चे खाना खाकर कमरे में सो गए। ठंड से बचने के लिए एक अंगीठी जलाकर रख ली। सुबह आलोक जो अपनी ड्यूटी पर था उसने फोन मिलाया तो फोन नहीं उठा तो आलोक ने घर वालों को सूचना दी जिसपर उसके परिजन वहाँ पहुंचे और किसी तरह अंदर जाकर देखा तो रचना और उसकी पुत्री और पुत्र को वहाँ पड़ा देखकर भौचक रह गए और इसकी सूचना आलोक को दी जिसके बाद कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों का अनुमान था कि अंगीठी से उठने वाले धुएँ के कारण यह अनहोनी हो गई।

## पटरी दुकानदारों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। पुलिस लाइन के पटरी दुकानदारों की समस्याओ को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता के नेतृत्व में लगभग एक सैकड़ा व्यापारियों ने जिला अधिकारी अभिषेक आनंद को संबोधित एक ज्ञापन सौपा तथा उनसे मांग की गई की व्यापारियों का उत्पीड़न बंद किया जाए।जिलाधिकारी को सौपे गये ज्ञापन में कहा गया की प्रशासन द्वारा पूर्व में नाप करवा कर जो जगह चिन्हित की गई थी। उसी की सीमा रेखा में व्यापारी अपना कारोबार कर रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग द्वारा नाला का भी निर्माण भी कराया गया है। जिसमें व्यापारियों को नाले से पीछे अपना कारोबार करने को कहा गया था सभी व्यापारी दी गई गाइडलाइन का पालन कर रहे हैं तथा नाले से पीछे रहकर अपने रोजी-रोटी को कमा कर अपने परिवार का पालन पोषण करने का काम कर रहे हैं। किंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा व्यापारियों को नोटिस भेज करके उन्हें बेदखल करने की चेतावनी दी जा रही है जो अनुचित है। व्यापारीयों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी ने अपने नोटिस में व्यापारियों द्वारा पक्के निर्माण का आरोप लगाया है संगठन द्वारा कहा गया अगर कहीं भी कोई भी पक्का निर्माण पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए किंतु निर्दोष पर दुकानदारों पर अगर झूठा आरोप लगाकर उन्हें उजाड़ने की कोशिश की गई तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा हर स्तर पर इसका विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से केडी निषाद ,सोनू गुप्ता ,कृष्ण बिहारी गुप्ता ,श्रीमती इंदू कश्यप ,कमलेश गिहार ,जगदीश लोधी ,बृजेश रस्तोगी सहित लगभग एक सैकड़ा व्यापारियों की उपस्थिति रही।

# सकरन पुलिस ने शातिर बदमाश को दबोचा

जिला संवाददाता(vol)

सकरन/सीतापुर। करीब दस दिन पूर्व चोरी, मारपीट व हत्या के मामले में



पुलिस ने एक वांछित को अवैध असलहा मय कारतूस व देशी बम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए अभियुक्त पर करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

बीते 8 जनवरी को थाना क्षेत्र सकरन के भड़ौली मजरा लखनियापुर के बेदप्रकाश के यहां चोरी की नीयत से करीब चार बदमाश घर मे घुसे थे। इसी दौरान आहट होने पर गृहस्वामी वेदप्रकाश व उसका भाई फुद्दी जाग गए और एक बदमाश को पड़ोस के गन्ने के खेत मे पकड़ लिया। शोर सुनकर ग्रामीण भी आ गए। बदमाशों ने अपने को घिरा देख फायर झोंक दी। गुस्साए ग्रामीणों ने जनपद खीरी के थाना क्षेत्र धौरहरा के महराजनगर निवासी अमीन को मौत के घाट उतार दिया था। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में व पुलिस उपाधीक्षक बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सकरन पुलिस व एसओजी टीम ने जनपद खीरी के अंतर्गत थाना क्षेत्र धौरहरा के पट्टेपुरवा मजरा महराजनगर निवासी जगदीश पुत्र सकटू उर्फ सन्तू को टापर पुरवा पलौली मोड़ से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक अवैध असलहा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक देशी बम आदि बरामद हुआ है। पकड़े गए अभियुक्त पर पूर्व में चोरी नकबजनी आदि से सम्बंधित गम्भीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सकरन कृष्ण कुमार, उपनिरीक्षक आरएन द्विवेदी, आरक्षी रवि प्रकाश, नरेंद्र सिंह, मनोज पाल आदि व एसओजी टीम में निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह अपनी टीम के शामिल रहे। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि अभियुक्त बहुत ही शातिर किश्म का अपराधी है जिस पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने हेतु इसी प्रकार कार्यवाही की जाती रहेगी। अभियुक्त पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आर्म्स एक्ट जैसी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

## छापेमारी में 60 किग्रा चाय व चार सौ पैकेट पान मसाला बरामद



महमूदाबाद/सीतापुर। महमूदाबाद नगर में सभासद के घर 60 किग्रा चाय व चार सौ पैकेट पान मसाला राजस्व व खाद्य विभाग की संयुक्त छापेमारी में बरामद हुआ है। टीम ने बरामद सामग्री को सीज करते हुए जांच के लिए नमूने भरकर भेजे हैं। आशंका है किएसटीएफ द्वारा लखनऊ में कार्रवाई के दौरान पकड़ी गई चाय यहां भी सप्लाई हो रही थी। सभासद के पास न तो बिक्री का लाइसेंस मिला है और न ही खरीद का कोई बिल वह टीम को दिखा सके। एसडीएम शिखा शुक्ला ने नायब तहसीलदार महेंद्र नाथ तिवारी व खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र सोनकर के साथ नगर के कटरा मोहल्ले में सभासद सैफ उर्फ अहसान के घर पर मंगलवार की दोपहर छापा मार दी।

छापेमारी में सैफ के घर से टीम ने 60 किग्रा चाय व चार सौ पान मसाला बरामद किए। टीम के मांगने पर सैफ वर्ष 2024-25 का न तो खाद्य लाइसेंस दिखा सके और न ही खरीद के बिल प्रस्तुत कर सके। टीम ने बरामद सामग्री को सीज करते हुए नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। आशंका जताई जा रही है किएसटीएफ द्वारा लखनऊ में कार्रवाई के दौरान पकड़ी गई चाय यहां भी सप्लाई हो रही थी। एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि सूचना मिली थी कि कटरा वार्ड में एक घर में नकली चाय बेंची जा रही थी। इसी के तहत राजस्व व खाद्य सुरक्षा की टीम का गठन कर छापेमारी की गई है। बरामद सामग्री को सीज करते हुए नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात के नियम हादसों को रोकने में सहायक: एसडीएम



सीतापुर। मंगलवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा तहसील प्रशासन के समन्वय से वाहन चेकिंग का सघन अभियान चलाया गया। उप जिलाधिकारी, सदर अभिनव कुमार यादव के नेत्रत्व में ओवरलोड वाहनों व सड़क पर अवैध रूप से खड़ें वाहनों की जॉच की गयी। जॉच के दौरान 05 वाहनों को सीज कर कुल 09 वाहनों का चालान काटा गया। उप जिलाधिकारी सदर ने चालको को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात के नियम सड़कों पर हादसों को रोकने में सहायक है। ओवरलोडिंग गाड़ियों के साथ मार्गो को भी खराब कर देती है, जिससे हादसों की सम्भावना बढ़ जाती है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों को अपनाकर सड़क हादसों को कम किया जा सकता है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगो को जागरूक करने के साथ यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरूद्ध एमवी एक्त के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है।

## विधायक के जन्मदिन पर रामचरितमानस का पाठ

महमूदाबाद/सीतापुर। विधायक आशा मौर्य के जन्मदिन पर उनके सिधौली मार्ग स्थित आवास पर अखंड रामचरितमानस का पाठ के समापन के पश्चात भंडारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्य को पूव्र जिलाध्यक्ष अचिन मेहलोत्रा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्त, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ल, सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चयरमैन आरके वाजपेयी, मोहन बारी, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट के कार्यालय अधीक्षक राजेश सिंह, राहुल सिंह, मनोज शुक्ल, अंकुर सिंह आदि ने विधायक को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर आकाश मौर्य, आशीष मौर्य, अतुल चित्रांश, कपिल वर्मा, रवि अवस्थी, सीपी निगम, कमलेश राजपूत, अम्बरीश वर्मा, विजय सिंह वर्मा, सीपी तिवारी, शिवम सिंह, विशाल गुप्त सहित बड़ी संख्या में लोग मैजूद रहे।

## महिला ने बिजली बिल वसूलने गई टीम पर छेड़छाड़ और नकदी लूटने का लगाया आरोप

महमूदाबाद/सीतापुर।कोतवाली क्षेत्र के केदारपुर पावर हाउस के अंतर्गत बिजली बिल वसूलने गई टीम पर महिला ने घर में घुसकर छेड़छाड़ और नकदी लूट ले जाने का आरोप लगाया है।वहीं विद्युत विभाग का कहना है कि महिला का बिजली बिल बकाया है। उसका कनेक्शन काटा गया है इसीलिए आरोप लगा रही है।केदारपुर पावर हाउस के अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जेई कृष्णानंद मौर्य अपने आठ सहयोगियों के साथ घर आए और कहा बिजली बिल जमा नहीं है। तुम्हें हमारे साथ शारीरिक संबंध बनाने पड़ेंगे। विरोध करने पर घर में घुस गए और घर में रखी दस हजार की नकदी और करीब दो लाख के जेवर छीन ले गए। एसडीओ पवन मौर्या ने बताया कि महिला झूठा आरोप लगा रही है। महिला का 14410 रुपए विद्युत बिल बकाया था। टीम कनेक्शन काटने गई थी। कनेक्शन काटते हुए वीडियोग्राफी कराई गई है। महिला मार पीट पर उतारू थी। जेई की ओर से महिला के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

## युवक से डी फार्मा कराने के नाम पर चार लाख 20 हजार रुपये हड़पने का आरोप

महमूदाबाद/सीतापुर।डीफार्मा कराने के नाम पर युवक से चार लाख 20 हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। केस दर्जकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।महमूदाबाद के सिरौली के आतिफ पुत्र शाहिद ने बताया है कि डी फार्मा कराने के नाम पर 2021 में मरसी हास्पिटल लखनऊ के ओसामा नोमानी पुत्र कवि नोमानी के खाते में उसके मामा डा. इरफान खान के खाते से एक लाख 60 हजार, साले इमरान के खाते से दो लाख 30 हजार, बेहमा की अमीना व काजल से 50-50 हजार, रेखा के खाते से 30 हजार समेत कुल चार लाख 20 हजार रुपए आन लाइन भेजे गए। आरोप है कि ओसामा नोमानी चार साल से मुझे व मेरे साथियों को फर्जी पेपर देकर टाल रहे हैं। आरोप है कि जब ओसामा से मिलकर प्रपत्र देने या पैसा वापस देने की मांग की गई तो उनके द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाल अनिय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

## शीतलहर से बचाव के लिए बांटे कंबल



उन्नाव। डीएम गौरांग राठी के कुशल नेतृत्व में शीतलहर/ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए सरस्वती मेडिकल कालेज कुशहरी से प्राप्त 500 कम्बल तहसील हसनगंज अंतर्गत स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विकासखण्ड हसनगंज/ औरास/ नवाबगंज/ मियागंज व राजकीय बालिका विद्यालय नवाबगंज में आवासित बालिकाओं को रामदेव निषाद, उप जिलाधिकारी व आशुतोष पाण्डेय तहसीलदार हसनगंज द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी व संबंधित विद्यालय की वार्डन की उपस्थिति में प्रत्येक विद्यालय में 100-100 कम्बल वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त आवासित बालिकाओं को डायल 112, महिला सुरक्षा, शिक्षा, खेलकूद आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बालिकाओं को जागरूक किया गया।

## कोल्ड्रिंक के बल्लेबाजों ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया



तम्बौर/सीतापुर। कस्बे के शराफत अली एसीसी सीमेंट स्टोर के सामने तीन दिवसीय बाबा कोलड्रिंक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसमें कस्बा क्षेत्र की लगभग 15 टीमों ने भाग लिया। चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घघाटन पूर्व चैयरमैन झब्बन बेग, वहीद ठेकेदार,सैय्यद मो0 रेहान सभासद, दाऊद खान, साबिर अली पी टी आई,ने फीता काटकर किया। कमेंटरी मास्टर ओसामा खान , तौकीर खान, अकलीम खान ने की, टूर्नामेंट में हिंदुस्तान क्लब, परफेक्ट क्लब,जुगनू केटर्स क्लब, चांद इंटरप्राइजेज, फाइटर क्लब, लखनऊ बेकरी, लखनऊ क्लिनिक, नेशनल पब्लिक, फ्री फायर एलेवन, एसके प्लाईवुड, ऐ वी एलेवन, एम के पब्लिक, पठान सुपर, लखनऊ बेकरी सैकेंड, टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बाबा कोलड्रिंग और टाईगर इलेवन के मध्य खेला गया। तास जीतकर बाबा कोलड्रिंक ने पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया टाइगर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 50 रन का स्कोर बनाया लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबा कोलड्रिंक के बल्लेबाजों ने महज 4.3 ओवर मे 51रन बना कर फाईनल का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट मे फाईनल विजेता व उप विजेता टीमों को समाजसेवी विमल ट्रेडर्स, शौकत अली ठेकेदार, अफसर ठेकेदार,सैय्यद रेहान सभासद ने नगद वा ट्राफी दें कर सम्मानित किया स इस मौके पर पूर्व चेयरमैन नसीम नेता, कामरान ठेकेदार, उस्मान खान, फराज अहमद, फारूक अब्दुल्लाह, गुफरान खान, सादाब खान, ताजदार खान, मो अखलाक, मो जैद, लतीफ सभासद, अनीस मामा, डॉ0 आमिर, सादिक डुमनी, परवेज खान, इमरान टेलर, चनाव सभासद सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## मोमोज बेचने वाले की बाइक चोरी

**ललितपुर।** जिला जालौन व हाल शिवबिहार कालोनी कैलगुवां बाईपास निवासी कमल पुत्र अरविन्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह वर्णी कॉलेज के पास मोमोस का हाथ ठेला लगाता है। बताया कि 18 जनवरी को शाम करीब 7 बजे वह अपनी दुकान पर पल्सर 125 सी.सी. मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 92 ए.ई. 8604 खड़ी किये था। बताया कि वह दुकान बंद कर घर जाने के लिए खड़ा हुआ तो उसने देखा कि उसकी मोटर साइकिल गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने मामला दर्ज कर बाइक खोजे जाने की मांग की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खेत में पड़ा मिला किसान का शव

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बम्हौरीनागल में एक किसान का शव नाले में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय राघवेन्द्र पुत्र गोपाल के रूप में हुई है। रविवार शाम जब राघवेन्द्र अपने खेत में सिंचाई करने गया था। सोमवार सुबह तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पूरे दिन की खोजबीन के बाद शाम को उसका शव खेत के पास स्थित नाले में मिला। परिजन तुरंत शव को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचित कर दिया। परिजनों के अनुसार, राघवेन्द्र की शादी 15 साल पहले हुई थी और वह दो पुत्र और एक पुत्री का पिता था। दो भाइयों में सबसे छोटा राघवेन्द्र खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसके साथ कैसी दुर्घटना हुई। पुलिस मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से टैक्सी चालक की मौत

**ललितपुर।** नेशनल हाई-वे 44 स्थित ग्राम लखनपुरा के पास ललितपुर की ओर से आ रही टैक्सी में पीछे से किसी अज्ञात बाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी क्षतिग्रस्त हो गई और चालाक व्यक्ति नीचे सुबह मृत अवस्था में मिला। टैक्सी संख्या- यू.पी. 94 ए.टी. 0283 ललितपुर से बाँसी की ओर आ रहा था। वह जैसे ही लखनपुरा के पास टैक्सी चालक ग्राम गढि ?ा निवासी केसर कुशवाहा पुत्र रखु कुशवाहा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

सूचना पर पहुंचे बांसी चैकी इंचार्ज कुलदीप राणा ने टैक्सी जप्त कर शव को मोर्चरी भिजवाए मृतक के परिजनों को जब सुबह सूचना मिली तो घर में कोहरा मच गया। परिजनों के अनुसार केसर कुशवाहा खेती बाड़ी और टैक्सी चला कर अपने घर परिवार का भरण पोषण करता था। केसर की मृत्यु होने के बाद परिवार पर आर्थिक संकट आन पड़ा है।

## बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश की मांग

**ललितपुर।** पिता की हृदयाघात से मृत्यु हो जाने एवं मां की बीमारी के चलते मृत्यु होने के बाद अब बच्चों को समुचित शिक्षा मुहैया कराने के लिए वृद्ध दर-दर की ठोंकरें खाने को विवश हैं। ऐसे में वृद्ध ने डीएम को पत्र भेजते हुये बच्चों का प्रवेश धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने की मांग की है। वृद्ध तहसील मड़ावरा के ग्राम सिंगरवारा निवासी सरमन सिंह पुत्र स्व.हीरालाल लोधी ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि उसके पुत्र गिरवल सिंह लोधीकी 20 नवम्बर 2023 को हृदयाघात से मौत हो गयी थी। इसके पूर्व वर्ष 2017 में उसकी पुत्रवधु की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। अब उसके पुत्र-पुत्रवधु के दो पुत्र 11 वर्षीय केशव व 8 वर्षीय हर्ष को वह शिक्षा मुहैया कराने में असमर्थ है। पीड़ित ने बताया कि दोनों बच्चों के नाना की भी मृत्यु हो चुकी है। पीड़ित ने बताया कि एक वर्ष पहले डीएम द्वारा उसे आश्वासन दिया गया था कि उक्त बच्चों का प्रवेश अगले शैक्षिक सत्र में करा दिया जायेगा। अब पीड़ित सरमन ने दोनों बच्चों का प्रगेश धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कराये जाने की मांग उठायी है।

# मुठभेड़ में दबोचे 7 आरोपी, पुलिस ने अपहृत को सकुशल बरामद किया

**बरेली।** थाना बारादरी और भोजीपुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक गंभीर अपहरण कांड का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर, अपहृत हरीश कटियार को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो गाड़ियां, 10 मोबाइल फोन, अवैध असलहे और कारतूस भी बरामद किये।



बीती 19 जनवरी को थाना बारादरी में किरण कटियार ने अपने पति हरीश कटियार के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की और 20 जनवरी की रात करीब 10:40 बजे भोजीपुरा क्षेत्र के मियांपुर गांव में एक घर पर दबिश दी। यहां से हरीश कटियार को सकुशल बरामद कर लिया गया।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि अपहरणकताओं ने हरीश कटियार को एक कमरे में बंद किया था और उनकी निगरानी मकान मालिक उदित और उमाशंकर कर रहे थे, जबकि खाना उनकी पत्नी लाली द्वारा दिया जा रहा था। आरोपियों ने हरीश के अपहरण के एवज में फिरौती की मांग की थी।हरीश की बरामदगी के बाद पुलिस ने अपहरणकताओं को पकड़ने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया। 20 जनवरी की रात करीब 11 बजे पुलिस ने घुरसमसपुर रोड पर अपहरणकताओं की गाड़ियों को घेर लिया। घेराबंदी से बचने के प्रयास में आरोपियों ने पुलिस पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में तीन आरोपी अंकित उर्फ विनीत, शाहिद और वीरु उर्फ वीरपाल घायल हो गए। इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।घटनास्थल से पुलिस ने दो गाड़ियां, तीन अवैध तमंचे, 315 बोर के कारतूस और नौ मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने अपहरण की योजना पहले से ही बनाई थी। मुख्य आरोपी अनूप कटियार ने बताया कि वह पहले भी हरीश से पैसे उधार ले चुका था और आर्थिक संकट से जूझते हुए उसने अपने भाई का अपहरण कर फिरौती मांगने की साजिश रची।आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले हरीश को चित्रकूट ले जाने का प्लान बनाया था। लेकिन हरीश के इनकार के बाद उसे घर से अगवा कर लिया।एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि अनूप कटियार समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अनूप ने साजिश रचकर अपने तहेरे भाई हरीश को अगवा किया। खुद भी अगवा होने का ड्रामा किया ताकि हरीश को यकीन हो जाए कि वे दोनों अगवा हुए हैं। अनूप के गिरोह ने हरीश कटियार की पत्नी से 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। इधर, अनूप ने अपने साथी अंकित कटियार से पत्नी किरन को कॉल कराया और पांच लाख फिरौती की मांग की थी। हरीश को बक्शे में बंदकर रखा गया था। फिरौती न मिलने पर उनकी हत्या की साजिश रच रखी थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हरीश को मुक्त करा लिया। पुलिस जांच में पता चला है कि यह 11 लोगों का गिरोह है। यह गिरोह तीन चार महीने से अपहरण की साजिश रच रहा था। तीन आरोपी फरार हैं। इनकी तलाश की जा रही है।इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एएसपी देवेंद्र कुमार, सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह, थाना प्रभारी बारादरी धनंजय पांडे, थाना प्रभारी भोजीपुरा प्रवीण कुमार सोलंकी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा के लिए 23 को मानव श्रृंखला की बैठक

**बांदा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाये जाने के बारे में बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने 23 जनवरी को सड़क सुरक्षा के लिए मानव श्रृंखला बनाये जाने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को छात्र/छात्राओं, एनसीसी व एनएसएस, स्काउट के छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला आयोजित किये जाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्यों के सहयोग से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मानव श्रृंखला में जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, उद्यमियों को भी शामिल किया जाए। यह मानव श्रृंखला लगभग 12 किमी0 महाराणा प्रताप चैक, कालूकुआं चैराह, बाबूलाल चैराहा, अमर टाकीज चैराहा, बाकरगंज चैराहा, रेलवे स्टेशन रोड, नया ओवर ब्रिज से अशोक लाट चैराहा, क्योटरा चैराहा, जेल रोड, पुलिस लाइन तिराहा एवं महाराणा प्रताप चैक तक किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मानव श्रृंखला बनाये जाने के साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस मानव श्रृंखला में उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र/छात्राओं तथा कक्षा-8 से लेकर छात्रों की बृहद स्तर पर मानव श्रृंखला बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी यातायात को मानव श्रृंखला आयोजन के लिए यातायात की समुचित

## 257 जोड़ों के सामूहिक विवाह संपन्न



**ललितपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है। 21 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन गिन्नौट बाग परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद ललितपुर द्वारा कुल 35 जोड़े एवं नगर पंचायत पाली 02 जोड़े, तालबेहट 01 जोड़ा एवं महरौनी 01 जोड़ा के सामूहिक विवाह सम्पन्न कराए गए हैं। विकास खण्ड बिरधा-64, जखौरा-57, महरौनी-22, मड़ावरा-28, तालवेहट-27, एवं बार-20 के द्वारा सामूहिक विवाह सम्पन्न कराए गए हैं। इस प्रकार योजनान्तर्गत कुल 257 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ है। नवयुगलों को शुभाशीष प्रदान करने हेतु रामरतन कुशवाहा सदर विधायक, दिनेश कुमार गोस्वामी सांसद प्रतिनिधि, चन्द्रशेखर पंथ मंत्री प्रतिनिधि, हरिओम निरंजन एम0एल0सी0 प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, ललितपुर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, ललितपुर आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा ने सवेरे पुरूष और महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार को अचानक पहुंची डीएम ने इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण केन्द्र, एन आर सी, पैथालॉजी, एक्स-रे व ब्लड बैंक का बारीकी से जायजा लिया। भर्ती मरीजों से मिलीं, बीमारी और इलाज की जानकारी ली और चिकित्सकों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीज आशा का तत्काल एक्स-रे करने, रामरती का हाल जाना और बुखार से पीड़ित रामदीन तथा दुर्घटना में घायल राजा भईया से बातचीत की। सभी को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। इमरजेंसी वार्ड में 11 भर्ती मरीज मिले।

**●प्रसूताओं से ली जानकारी, जिम्मेदारों को निर्देश**

सभी का समय-समय पर बीपी और बुखार चेक कर रिपोर्ट अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होने दवा वितरण केन्द्र में चीफ फार्मासिस्ट को दवाओं की एक्सपायरी डेट का ध्यान रखने को कहा। उन्होने डिजिटल एक्सरे एवं पैथालॉजी निरीक्षण के दौरान सवाल किए। पूंछा एक्स-रे रिपोर्ट कितनी देर में मिलती है और पैथालॉजी में ब्लड जांच रिपोर्ट देने में कितना समय लगता है। प्रतिदिन कितनी जांचें की जाती हैं। उन्होने कहा मरीजों को निर्धारित समय में रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। ब्लड बैंक प्रभारी को सभी ग्रुपों के ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉक्टरो से कहा, समय से ड्यूटी पर आएं और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं साथ ही अस्पताल से आवश्यक दवाओं का वितरण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने महिला अस्पताल में प्रसव कक्ष, पीएनसी वार्ड, शल्य कक्ष और औषधि वितरण केन्द्र का मुआयना किया। उन्होने प्रसव उपरांत भर्ती महिला मरीजों से मुलाकात की और सभी का हाल जाना। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से सिजेरियन व नार्मल डिलिवरी केसों की जानकारी लेते हुए नवजात बच्चों की विशेष देखभाल के निर्देश दिए। उन्होने दो से अधिक बच्चों वाली महिलाओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने को कहा। कहा कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ एस डी त्रिपाठी पुरूष चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय डॉ सुनीता सिंह, डॉ आर के गुप्ता, डॉ हृदयेश पटेल व डॉ मोहित आदि मौजूद रहे।

# पिछड़ों, दलितों और गरीबों का शोषण कर रही भाजपा सरकार: कांग्रेस



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर, जय बापू जय भीम जय मंडल जय संविधान, कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम अर्जुन खिरिया में जनसभा का आयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव पवन विश्वकर्मा एवं महिला कांग्रेस की जिलाअध्यक्ष श्रीमती नेहा तिवारी के मुख्य आतिथ्य में एवं रामभरोसे कुशवाहा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। जिसमें प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत ने कहा कि

**●ग्राम अर्जुन खिरिया में जनसभा कर भाजपा सरकार की नीतियों को कोसा**

वर्तमान भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों और गरीबों का जमकर शोषण कर रही है। संविधान द्वारा मिले उनके आरक्षण और उनके अधिकारों को छीनने और बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान का मजाक उड़ा रही है। बीते दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कर भारतीय संविधान की मूल आत्मा और देश के करोड़ों भारतीयों की भावना को ठेस पहुंचाई है। कांग्रेस पार्टी विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जय बापू, जय भीम, जय मंडल जय संविधान का नारा देकर देश में गरीब, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज को उठाकर उनका हक दिलाने का काम करेगी। पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव पवन विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान को बदलने का काम कर रही है। महंगाई बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ के रख दी है, युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। महिला जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में महिलाओं पर आए दिन अत्याचार हो रहे हैं उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है। पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष रामभरोसे कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक तक पिछड़ों, दलितों और गरीबों के हक की आवाज उठायेगी और उनके हक के लिए अंतिम सांस तक लड़ती। भारतीय जनता पार्टी झूठी घोषणाएं करके जनता को गुमराह करने का काम ग्राम वासियों को सड़क, बिजली, पानी की समस्याओं के समाधान की बात कही और महिलाओं को वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन और सम्मान निधि दिलवाने की बात की। अवसर पर प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव पवन विश्वकर्मा, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती नहा तिवारी, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राम भरोसे कुशवाहा, महासचिव डॉ राम सिंह यादव, कमलेश पटेल, मुन्नालाल बड़गाना, सोबरन सिंह राजपूत, राहुल सेन, रामकिशन साहू, गीता देवी, सियारानी, शारदा देवी, शांति देवी, बनियाना, प्रकाश पटेल, पुन्नेलाल साहू, चम्पा लाल पटेल, बच्चूलाल साहू आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पृथक बुंदेलखण्ड राज्य निर्माण के लिए हुआ जनमत संग्रह

ललितपुर। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए बैलेट पेपर के माध्यम से ब्लॉक जखौरा, ब्लॉक बार, ब्लॉक बिरधा के दो-दो गांवों में एवं घंटाघर ललितपुर में किए गए जनमत संग्रह में लोगों ने डाले। आठ हजार सात सौ तैंतालीस वोट्स की गणना मतपेटियों की सील अनेक पत्रकारों एवं उपस्थित जनता के सामने खोलकर पत्रकार भवन ललितपुर में की गई। बैलेट पेपर के माध्यम से जनमत के तहत पूछे गए तीन सवालों जिसमें पहला प्रश्न कि क्या आप पृथक बुंदेलखंड राज्य जिसमें उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र समलित हो ऐसा बुंदेलखंड राज्य बनवाना चाहते हैं पर, आठ हजार पांच सौ उन्हतर वोट्स पड़े। दूसरा सवाल कि जिधर भगवान श्रीराम राजा सरकार के रूप में विराजे है उस नगरी ओरछा धाम को पृथक बुंदेलखंड की राजधानी बनाना चाहते है पर आठ हजार पांच सौ पैंतालीस वोट्स पड़े। तीसरा सवाल कि वायरल हो रहे मैसेज जिसमे प्रयागराज मण्डल, कानपुर मण्डल एवं मिजार्पुर मंडल को जोड़ कर बुंदेलखंड राज्य बनवाने के पक्षधर हैं पर सिर्फ चैबीस वोट्स पड़े। एक सौ चैहत्तर वोट्स इनवेलिड हुए। लोगों द्वारा अखंड बुंदेलखंड के पक्ष में डाले गए वोट्स पर जनप्रतिनिधियों को भी लोगों की आवाज का सम्मान कर आगे आना चाहिए।

## जीवन धारा अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन



**बिजनौर।** जीवन धारा अल्ट्रासाउंड सेंटर का लोकप्रिय एसडीएम मांगेराम चैहान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रसिद्ध चिकित्सकों ने सेंटर संचालक डा0 अनिल पवार को बधाई देते हुए विभिन्न रोगों की रोकथाम से सम्बंधित जानकारी भी दी। नगीना के अकबराबाद चैक पर स्थित जीवन धारा कलर अल्ट्रासाउंड सेंटर का मंगलवार को एसडीएम मांगेराम चैहान ने फीता काटकर किया। एसडीम मांगेराम चैहान व पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना का सेंटर संचालक डॉ अनिल पवार, अल्ट्रासोनो लॉजिस्ट डॉ अमिता चेतन, डा0 यावर सिद्दीकी, डा0 एहतेशाम, डॉ असद गालिब, असलम सिद्दीकी आदि ने गर्म जोशी के साथ दोनों अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। अल्ट्रासोनो लॉजिस्ट डा0 अमिता चेतन, डॉ अनिल पवार, डॉ यावर सिद्दीकी, डॉ एहतेशाम आदि ने अपने विचारों मे विभिन्न रोगों व मौसमी वायरल फीवर की रोकथाम संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम ने उपस्थित चिकित्सकों से समय पर पर निःशुल्क कैम्प के माध्यम से गरीब व असहाय वर्ग के लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने की अपील करते हुए सैंटर संचालक डॉक्टर अनिल पवार डां यावर सिद्दीकी को बधाई दी। अपने मधुर व्यवहार से नगीना की अवाम के दिलों पर राज करने वाले एसडीएम मांगेराम चैहान को शॉल उड़ाकर उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। सराहनीय कार्य को लेकर पालिका परिषद के ईओ संदीप सक्सेना भी सम्मानित हुए। इस दौरान कलाम के माध्यम से पीड़ितों की आवाज बुलंद करने के साथ-साथ निष्पक्ष लेखन के लिए पत्रकार नौशाद अंसारी को एसडीएम ने शॉल उड़ाकर उन्हें भी सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ अलाउद्दीन, डॉ प्रेम कुमार, डॉ राजकुमार, डॉ जुबेर खान, डॉक्टर अतुल बिश्नोई, अलीशा हयात खान, सेंटर इंचार्ज डॉ प्रेम कुमार व चारु, सहित नर्स पारुल, फरहीन, मनीषा, आदि दर्जनों लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहें। कार्यक्रम के अंत में सेंटर संचालक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, अफसर, कर्मचारी मिले गैर हाजिर



**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार ने तहसील पैलानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी उपस्थित मिले लेकिन 10 मिनट बाद तहसीलदार व नायब तहसीलदार आये। 9 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, आयुक्त ने सभी कर्मचारियों का स्पष्टीकरण उप जिलाधिकारी के माध्यम से देने के निर्देश दिए। बीते सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 22 शिकायती प्रार्थना पत्र मिले थे जिनमें केवल 4 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। उन्होने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता का फीड बैक जरूर लिया जाए और जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होने यह निर्देश दिए कि समय से सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित हों। आयुक्त ने फाइलों का रख-रखाव, सफाई तथा पेयजल आदि की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, उप जिलाधिकारी पैलानी शशिभूषण मिश्रा मौजूद रहे।

## परामर्श केंद्रों ने टूटने से तीन परिवारों को बचाया




**बांदा।** सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम और समाजसेवियों ने आपसी पारिवारिक झगड़े, मतभेद समाप्त कराकर सुलह कराई तथा तीन परिवारों को टूटने से बचाया। थाना कोतवाली नगर निवासिनी ममता, थाना गिरवां क्षेत्र की रहने वाली गुलफसा व थाना कालिंजर क्षेत्र निवासिनी कुसुम ने एसपी अंकुर अग्रवाल को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की टीम ने शिकायतकताओं की शिकायतों को विस्तार से सुना और दूसरे पक्ष से संपर्क कर उन्हे परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया। दोनो पक्षों के एकत्र होने पर समझाया गया। दोनो पक्षों ने भविष्य में आपसी लड़ाई झगड़ा न करने और पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने का वचन दिया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केन्द्र टीम ने दोनो पक्षों को आपस में सामन्जस्य बैठाकर तथा पारिवारिक दायित्वों को ठीक प्रकार से निर्वहन करने के लिए सलाह दी। दोनो पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर प्रशन्नता के साथ रहने को तैयार हो गये।

## कृषि यंत्रों की बुकिंग 4 फरवरी तक

**बांदा।** उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने बताया कि कृषि यंत्र बुकिंग प्रारंभ हो गयी है। किसान विभिन्न कृषि यंत्रों को अनुदान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों को विकास खंडवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा। ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। लाटरी में चयनित न होने वाले किसानों को बुकिंग की धनराशि वापस कर दी जाएगी। उन्होने बताया कि 21 जनवरी से बुकिंग प्रारंभ हो गयी है और यह 4 फरवरी रात्रि 12 बजे तक की जाएगी। उन्होने कहा कि एक लाख तक अनुदान के कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग धनराशि 5 हजार रुपये होगी।

## हर घर नल जल योजना की खुली पोल डीएम से शिकायत



**बांदा।** हर घर में नल से जल पहुंचाने का सरकारी दावा कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना जल जीवन मिशन की वास्तविकता सामने आयी है। सरकारी आंकड़ों में इसे 90 फीसदी पूरा दिखाया जा रहा है। सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मजरा छनिया पुरवा के लोगों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि हर घर जल योजना के तहत बीते एक साल पहले गांव में पाइपलाइन बिछा दी गयी थी, लेकिन न तो किसी घर में पानी पहुंचा और न ही खोदी गयी सड़कों का पुनर्निमाण किया गया। बरसात के मौसम में लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा था। जल भराव और कीचड़ के चलते लोग दुर्घटनाओं का शिकार हुए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार डीएम से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन न तो कार्यदायी संस्था के ठेकेदार और न ही अधिकारियों ने कोई कार्रवाई की। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन की उदासीनता और भ्रष्ट कार्यदायी संस्था की वजह से प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना विफल साबित हो रही है। एक तरफ केन्द्र व प्रदेश की सरकार हर घर में नल से जल पहुंचाने का दावा कर रही है। दूसरी ओर गांव के लोगों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है।

## पायामय इंसानियत यूनिट ने लगाया निःशुल्क चाय कैम्प, लोगो को मिली ठंड से राहत

**नगीना, बिजनौर।** ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से भीषण ठंड को देखते हुए मंगलवार को निःशुल्क चाय पिलाने का एक कैंप मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा इमलियों में लगाया गया। मंगलवार की सुबह 6 बजे से



ही रेता लाने वालों व राहगीरों को गरम-गरम चाय पिलाकर ठंड में राहत देने का काम किया। पायामय इंसानियत यूनिट नगीना के जिम्मेदार मुफ्ती अरशद साहब ने बताया कि इसका मकसद सुबह ठंड में गरम चाय पिलाकर लोगों में प्यार मोहब्बत का पैगाम देना होता है। समाजसेवी हाजी तंजील आलम ने बताया की ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फॉर्म पूरे हिंदुस्तान में निःशुल्क कंबल, लिहाफ, गर्म कपड़े, जेल में गरीब कैदियों को छुड़ाना जो अपना जुमार्ना नहीं भर सकते। इसी तरह गरीब और बेसहारा लड़कियों की शादी कराने का कार्य करती रहती है। इस मौके पर श्रीकांत रवि, मौ0 आमिर, मुफ्ती अरशद, अबूजर, रेहान, फरमान, अरहान, अदिल कादरी आदि ने इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

## जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने किया कारागार का निरीक्षण



**बिजनौर।** नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बैरक, मेस, जेल परिसर की साफ सफाई आदि की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं भी सुनी और जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बीते दिन जिला कारागार का निरीक्षण कर जेल की सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियो को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जिला कारागार की महिला/पुरुष बंदियों के अस्पताल व बैरकों को सघनता से चेक किया गया। मेस में भोजन की गुणवत्ता व जेल परिसर की साफ सफाई का जायजा लेकर बीमार कैदियों को बेहतर उपचार आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए जेल अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं पूछी गई। जिला कारागार में मिलाई करने आए लोगो को कोई समस्या ना हो तथा कैदियों की सुरक्षा को मुस्तैद रहने के लिए जेल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के मौके पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर सहित समस्त जेल स्टाफ मौजूद रहा।

## सजनाम बांध की नहर खोले जाने की मांग

***ललितपुर।*** सजनाम बांध की नहर न खुलने और नहर से पानी न आने के कारण ग्राम रमेशरा व खिरिया में फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गयी है। इस सम्बन्ध में मंगलवार को किसानों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि गांव में सजनाम बांध से जो नहर निकली है, उस नहर के न खुलने के कारण पानी नहीं आ रहा है, जिससे किसानों के गांव की फसले सूख रही है, जब भी किसानों ने नहर खोलने वाले सम्बन्धित अधिकारियों से बात की है, तो अनसुनी करते हुये कहते है कि ललितपुर में जिलाधिकारी के पास जाओ, वहां से पानी मिलेगा।

# मध्य पूर्व में लौटेगी शांति

अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस बात को लेकर भी अटकले भी तेज हो गयी हैं कि क्या ट्रंप की नीतियों से मध्य पूर्व में शांति लौटेगी ? रूस-यूक्रेन युद्ध छोड़कर समझौते की मेज पर आमने-सामने आयेंगे ? दरअसल ट्रंप ने वायदा किया है कि युद्ध को खत्म करायेंगे और इसके लिए अमरीका की ताकत का प्रयोग भी करेंगे। उन्होंने अपने भाषण में भी कहा है कि अमेरिका युद्ध लड़ने में नहीं बल्कि शांति स्थापित करने में अपनी ताकत का प्रयोग करेगा। बहरहाल अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं। गाजा में सीजफायर और तीन बंधकों की रिहाई के बाद ट्रंप ने घोषणा की है कि, मैं सऊदी अरब को अब्राहम अकॉर्ड में शामिल करने के प्रयासों को फिर से गति दूंगा। यह वही समझौता है, जिसके तहत इजरायल और अरब देशों के बीच राजनयिक संबंध सामान्य हुए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर सऊदी अरब अब्राहम अकॉर्ड का हिस्सा बनता है, तब यह मध्य पूर्व की राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ होगा। सऊदी अरब ने अभी तक इजरायल को मान्यता नहीं दी है और इस पर हमेशा यह शर्त लगाई है कि इजरायल को अलग फलस्तीन देश को मान्यता देनी होगी। ट्रंप का मानना है कि अब्राहम अकॉर्ड को विस्तार देकर वे इस क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। गाजा युद्ध के बाद बने नए हालात में इजरायल और सऊदी अरब के बीच समझौता भारत के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। दरअसल, भारत, अमेरिका और मध्य पूर्व के देशों के सहयोग से एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट, इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर ( आईएमईसी ), पर काम कर रहा है। यह कॉरिडोर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव ( बीआरआई ) को टक्कर देने के लिए बनाया जा रहा है। आईएमईसी के तहत, अमेरिका आर्थिक निवेश करेगा, जबकि भारत तकनीकी विशेषज्ञता और रेल परिवहन पर काम करेगा। इस परियोजना के द्वारा भारत को यूरोप से जोड़ने के लिए इजरायल के हाइफा बंदरगाह का अहम रोल तय किया गया है। हाइफा पोर्ट का प्रबंधन गौतम अडानी के समूह के पास है, और उन्होंने हाल ही में इजरायल के राजदूत के साथ कॉरिडोर पर सकारात्मक बातचीत की है। गाजा में युद्ध के कारण आईएमईसी की योजना पर संकट के बादल मंडराने लगे थे, लेकिन अब सीजफायर और ट्रंप के प्रयासों के बाद उम्मीदें फिर से बढ़ गई हैं। अगर सऊदी अरब अब्राहम अकॉर्ड का हिस्सा बनता है, तब इससे भारत को यूरोप के लिए एक सीधा और सुलभ मार्ग मिल सकेगा। ट्रंप की रणनीति केवल मध्य पूर्व में शांति स्थापित करना नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र में अमेरिका की प्रभावी भूमिका को भी मजबूत करना है। विश्लेषकों का कहना है कि यह कदम ट्रंप की विदेश नीति की सफलता को चिह्नित कर सकता है, जिससे भारत समेत कई देशों को रणनीतिक लाभ मिलेगा। ट्रंप ने अपने प्रचार के दौरान और राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद जितनी बातें कहीं उनमें सभी नुकसान वाले ही नहीं है। यह सही है कि अगर ट्रंप टैरिफ लगायेंगे तो इससे अमरीका को भारतीय निर्यात पर असर पड़ सकता है, उच्च कुशलता वाले प्रोफेशनल्स को दिया जाने वाले एच-1बी वीजा पर नियंत्रण लगायेंगे, तो इससे भी भारत प्रभावित होगा। लेकिन उनकी हर बात का भारत पर खराब असर नहीं पड़ेगा। अगर दुनिया में शांति होगी, प्रगति तेज होगी तो इसमें भारत को भी अच्छा माहौल मिलेगा अपनी प्रगति को आगे बढ़ाने। इसलिए ट्रंप की शांति नीति, डीप स्टेट को खत्म करने और आतंकवाद के खिलाफ ट्रंप के नेतृत्व में अमरीकी नीतियों से भारत को फायदा ही होने वाला है।



**ट्रंप की नीतियों से युद्ध का दौर खत्म होता है और मध्य पूर्व के साथ यूरोप में शांति होगी तो इससे भारत को भी लाभ होगा।**

# ट्रंप की नीतियों से बढ़ेगा ग्लोबल वार्मिंग संकट

नरेन्द्र शर्मा

डोनल्ड ट्रंप को 'थोड़ा सा अलग ... थोड़ा सा क्रूर' होने की लत है। इसलिए अपने पहले कार्यकाल में वह अमेरिका के गैर-परम्परागत राष्ट्रपति के रूप में सामने आये थे। इस बार उन्होंने हर किसी को असहज कर दिया है। जब वह 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में लौटे तो उन्होंने वाशिंगटन में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स पर हस्ताक्षर किये; उन्हें एक एक करके आर्डर दिया गया, वह हस्ताक्षर करते और उसे तालियां बजाती उत्साही भीड़ को दिखाते। इन एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स के माध्यम से जहां बाइडेन युग की 78 नीतियों को पलट दिया गया है, वहीं इनमें मुख्य रूप से दो बातों का अधिक महत्व है। एक, अमेरिका को पेरिस क्लाइमेट ट्रीटी से अलग कर दिया गया है, जिस पर विवाद होना लाजिमी है। अमेरिका में जो हाल ही में भयंकर आग लगी थी, उसके बारे में अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि वह क्लाइमेट चेंज का ही परिणाम थी। लेकिन ट्रंप तो 'ड्रिल' करने के समर्थक हैं, भले ही क्लाइमेट चेंज से पूरी दुनिया के लिए कितनी ही बड़ी समस्या खड़ी हो जाये। दूसरा यह कि जिन प्रवासियों के पास वैध कागजात नहीं हैं, उन्हें वापस उनके मूल देश भेजने को प्राथमिकता दी जायेगी। जिन अवैध आप्रवासियों के बच्चों को पहले अमेरिका में जन्म लेने के कारण नागरिकता मिल जाती थी, उस अधिकार को भी समाप्त किया जायेगा, हालांकि इस संदर्भ में संवैधानिक बाधाएं बरकरार हैं।

अमेरिका में लाखों की तादाद में बिना कागजात के आप्रवासी हैं, जिनमें से लगभग 7,25,000 भारतीय हैं। ट्रंप की वाइट हाउस में वापसी से इन सभी की सांसें थम सी गई हैं। ट्रंप इस बार अधिक कठोर स्वदेशी एजेंडा के साथ लौटे हैं और अवैध घुसपैठियों को घर वापसी की फ्लाइट पर बैठाना चाहते हैं। दोपहर में आरामदायक कैपिटोल रोटोंडा में शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अवैध आप्रवासियों के विरुद्ध एग्जीक्यूटिव आर्डर पर यह कहते हुए हस्ताक्षर किये कि 'अपनी सीमाओं को हम ऐसी आक्रमकता से सुरक्षित रखेंगे जिसे दुनिया ने पहले कभी देखा न होगा।' हालांकि बाहर माइनस चार डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान में तेज ठंडी हवाएं, रूह तक में कंपकंपी लाने के लिए पर्याप्त थीं, लेकिन ट्रंप के एग्जीक्यूटिव आर्डर से अवैध आप्रवासी पसीने पसीने हो रहे थे। ट्रंप ने कहा, हम अवैध घुसपैठ हमेशा के लिए रोक देंगें। हमारे यहां कोई घुसपैठ नहीं करेगा, कोई कब्जा नहीं करेगा। हम एक बार फिर आजाद और गौरवशाली देश होंगे।

**अमेरिका में लाखों की तादाद में बिना कागजात के आप्रवासी हैं, इनमें भारतीयों की संख्या भी लाखों में है। ट्रंप की वाइट हाउस में वापसी से इन सभी की सांसें थम सी गई हैं। ट्रंप इस बार अधिक कठोर स्वदेशी एजेंडे के साथ लौटे हैं और अवैध घुसपैठियों को घर वापसी की फ्लाइट पर बैठाना चाहते हैं।**



ट्रंप, दरअसल वही शब्द दोहरा रहे थे जो वह अपने चुनाव अभियान के दौरान बोले थे। क्यों ? चूंकि अब एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स नये राष्ट्रपति के लिए वह औजार बन गये हैं, जिनके जरिये वह अपने चुनावी वायदों पर जल्द से जल्द अमल करते हुए दिखायी देना चाहते हैं और अपनी नीति को दिशा देते हैं। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स की संख्या चुनावी वायदों की संख्या पर निर्भर करती है और यह भी कि वह सभी विषयों को कवर करते हों, जैसे विदेशी मामले, जहां राष्ट्रपति के पास आदेश के अनुसार कार्य करने का अधिक अधिकार होता है। लेकिन यह भी होता है कि अगर एक राष्ट्रपति ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स पर अधिक निर्भरता दिखायी है तो उसका उत्तराधिकारी यही तरीका अपनाकर उसके आदेशों को निरस्त करता है। ट्रंप ने बाइडेन के 78 आदेशों को ठंडे बस्ते में डाला। बहरहाल, सभी एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स समान महत्व के नहीं होते हैं। कुछ से नीतियों में नाटकीय परिवर्तन आ सकता है, जबकि अन्य रूटीन मामलों को ही कवर करते हैं।

हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स व निदेशों का इस्तेमाल अपने कार्यक्रम लागू करने व नीति को आकार देने के लिए करते हैं, लेकिन अमेरिका के संविधान में कोई प्रावधान या कानून विशिष्ट रूप से इन शक्तियों के बारे में कुछ नहीं बताता है। यह स्वीकार कर लिया गया है कि राष्ट्रपति के पास जो पॉवर है उसमें ऐसे आदेश जारी करने के अधिकार स्वतः ही निहित हैं।

**पेरिस जलवायु संधि से अमरीका हटा**

एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स की वैधता राष्ट्रपति प्राधिकरण ( अथॉरिटी ) के वैध स्त्रोतों से हासिल करनी होती है- संविधान के तहत राष्ट्रपति को सीधे तौरपर प्राप्त पॉवर्स और कांग्रेस द्वारा प्रदान किया गया प्रत्यायोजित प्राधिकार। इसका अर्थ यह हुआ कि अगर कांग्रेस ऐसा कानून पारित करती है, जिससे राष्ट्रपति को किसी मामले में फैसला लेने का अधिकार प्रदान कर दिया जाये, तो राष्ट्रपति संबंधित मामले में एग्जीक्यूटिव आर्डर जारी कर सकते हैं। फिर राष्ट्रपति के पास कुछ संवैधानिक पॉवर्स होती हैं, जिनके तहत वह एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स जारी कर सकते हैं।

कानूनन वैध एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स में कानून का बल व प्रभाव होता है। लेकिन उन्हें कांग्रेस या न्यायिक एक्शन द्वारा निरस्त या वापस लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त संविधान के तहत कांग्रेस को दी गईं पॉवर्स को एग्जीक्यूटिव आर्डर के प्राधिकार से सीमित किया जा सकता है। मसलन, कांग्रेस की विनियोग पॉवर का अर्थ है कि एग्जीक्यूटिव आर्डर के माध्यम से अमेरिकी ट्रेजरी से गठित विनियोग से अधिक फण्ड नहीं निकाला जा सकता। अमेरिकी संविधान पर आधारित एग्जीक्यूटिव पॉवर्स को लेजिस्लेटिव प्रक्रिया से संशोधित किया जा सकता था। प्रत्येक राष्ट्रपति को एग्जीक्यूटिव आर्डर में संशोधन करने, निरस्त करने या उसकी जगह दूसरा आर्डर लाने का अधिकार है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपतियों के एग्जीक्यूटिव आर्डर भी शामिल हैं। इसलिए एग्जीक्यूटिव आर्डर से जो नीतियां बनती हैं, उनकी अल्प आयु होती है उन नीतियों व कानूनों की तुलना में जो अन्य माध्यमों से गठित होते हैं। अप्रैल 1992 में राष्ट्रपति जॉर्ज एचडब्लू बुश ने एग्जीक्यूटिव आर्डर 12,800 के जरिये फेडरल ठेकेदारों को आदेश दिया कि वह अपने कर्मचारियों को नोटिफाई करें कि कानूनन उन्हें किसी यूनियन का सदस्य बनने की जरूरत नहीं है। फरवरी 1993 में बिल क्लिंटन ने एग्जीक्यूटिव आर्डर 12,836 से इस आर्डर को पलट दिया। फिर फरवरी 2001 में जॉर्ज डब्लू बुश ने एग्जीक्यूटिव आर्डर 13,201 से क्लिंटन के आदेश को बदल दिया, जिसे बराक ओबामा ने जनवरी 2009 में एग्जीक्यूटिव आर्डर 13,496 से एक बार फिर पलट दिया।

इसका अर्थ यह है कि अगर कोई नीति एग्जीक्यूटिव आर्डर से गठित होती है, तो उसे एग्जीक्यूटिव आर्डर से ही बदला भी जा सकता है। फिलहाल ट्रंप ने जो कुछ बेतुके एग्जीक्यूटिव आर्डर जारी किये हैं जैसे पेरिस क्लाइमेट ट्रीटी से अमेरिका को बाहर निकाल लेना तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन को फंड न देना। इससे दुनियाभर में क्लाइमेट और स्वास्थ्य संबंधी शोध व अध्ययन में समस्याएं खड़ी होंगीं। ट्रंप ने एक तानाशाह की तरह गद्दी पर बैठते ही एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स के नाम पर ऐसे फरमान जारी किये हैं कि हर देश अपने प्लान ए, बी व सी के बारे में सोचने लगा है। भारत भी ट्रंप के ट्रेड, इमीग्रेशन और पश्चिम एशिया व यूक्रेन युद्ध थिएटरों पर निर्णयों की गहरी समीक्षा कर रहा है। ट्रंप ने भारत व चीन की यात्रा करने के संकेत दिए हैं। इससे यह सवाल तो बनता ही है कि क्या अमेरिका-चीन खेल में भारत को कम वरीयता मिलेगी ? इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि अमेरिका के आक्रमक व विवादित होने से भारत के समक्ष स्ट्रेटेजिक खतरे हैं। लेकिन नई दिल्ली को चाहिए कि वह ट्रंप की मनमर्जियों के सामने बैकफुट पर बल्लेबाजी न करे। ट्रंप का बेहतरीन जवाब यही है कि भारत तेजी से विकास करे, हम आर्थिक रूप से मजबूत होंगे तो ग्लोबल राजनीति हमारे इशारों पर नाचेगी।

## सोशल मीडिया



रूमाल मंगा कर रखें, ये किताब पढ़कर आंख से आंसू आ सकते हैं, बीजेपी की उपलब्धियों पर आयी नयी किताब ने पूरे देश में हंगामा बचा दिया है, इस किताब का मैंने विमोचन स्वयं किया है। संजय सिंह.



भारत ने ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया, क्योंकि स्पेडेक्स मिशन के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग को सफलतापूर्वक करने वाला चौथा देश बन गया है। निर्मला सीतारमण.



त्रिपुरा राज्य के स्थापना दिवस की त्रिपुरावासियों को हार्दिक बधाई, लोक संस्कृतियों से समृद्ध ये राज्य विकास पथ पर सतत गतिमान रहे, मां त्रिपुर सुंदरी से यही कामना है। सीएम, योगी.

## विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

–स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

–शेख सादी.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

–महात्मा गांधी.

# साधक का धैर्य

अंतर्दृष्टि

ईश्वर सर्वशक्तिमान है। हमारी शक्तियों, संसाधनों, इच्छाओं और ज्ञान-विज्ञान के केन्द्र में ईश्वर ही है। साधना के समय साधक को पूर्ण साहस और धैर्य रखना चाहिए। सिद्धि लाभ करने में कितना ही समय क्यों न लगे साधक को आकुल नहीं होना चाहिए। साधक को असाधारण धैर्य धारण करना चाहिए और यदि इस बीच में कोई अनर्थकारी घटना उपस्थित हो जाये तो भी साधक को घबरा कर साहस नहीं छोड़ देना चाहिए। सच्चिदानन्द परमेश्वर सर्वशक्तिमान है, चाहे वे कितने ही भीषण गड्ढे में हमें क्यों न फेंक दें किसी न किसी दिन वहां से उबर कर वे हमें अपनी गोद में अवश्य लेलेंगे, यह खूब जानिये। साधक के लिए व्याकुलता और उत्तेजना त्याज्य है। पहले-पहले स्वच्छन्द प्रवृत्ति इस प्रकार आडम्बर खड़ा करती है कि साधक के मन में उठने लगता है कि खूब आगे बढ़ गये हैं पर जब अंत में विदित होता है कि लंगर पड़ी जहाज की भांति हम उसी जगह ज्यों के त्यों पड़े हैं और अंगुल मात्र भी आगे नहीं बढ़ सके हैं उस समय भीषण परिताप उपस्थिति होता है। जो साधक आत्मसमर्पण का व्रत ग्रहण करके भगवान के हाथों में अपने को समर्पित करके जितना निश्चिन्त तथा संतुष्ट हो सकेगा, उतनी ही शीघ्रता के साथ उसे सिद्धि प्राप्त हो सकेगी। साधना अत्यंत कठिन काम है पर जो लोग आरम्भ में ही इसमें दृढ़ विश्वास करके इस पर निर्भर हो जाते हैं उनके लिये इसमें सरल कोई और मार्ग नहीं है। साधना के समय साधक को साहस और धैर्य रखने की आवश्यकता है। सिद्धि मिलने में कितना भी समय क्यों न लगे साधक को घबराना नहीं चाहिए। यहां तक कि यदि सिद्धि मिलने के पहले कोई अनर्थकारी घटना भी घट जाये तब भी घबराकर अपनी साधना नहीं छोड़ देनी चाहिए। भगवान सर्व शक्तिमान है इसलिए वे कितने ही भयंकर गड्ढे में चाहे क्यों न फेंक दें फिर भी किसी न किसी दिन वे हमारा वहां से अवश्य उद्धार करेंगे यह निश्चित है। साधक के लिए उत्तेजना और व्याकुलता भी छोड़ने जैसी है। कभी-कभी साधक को दिखाई देता है जैसे कि वह सिद्धि के क्षेत्र में बहुत दूर पहुंच गया है और कभी भी पीछे मालूम होने लगता है कि वह जहां का तहां है। तिलमात्र भी आगे नहीं बढ़ा। ऐसे अवसरों पर उत्तेजना या घबराहट आ जाती है लेकिन जिन लोगों का आत्म समर्पण का व्रत सम्पन्न हो चुका होता है। वे इन सबसे मुक्त रहते हुए निश्चिन्त और संतुष्ट रहते हैं और इसीलिए उन्हें सिद्धि भी शीघ्र ही प्राप्त होती है। यद्यपि साधना का काम अत्यंत कठिन है पर जो आरम्भ में दृढ़ विश्वास के साथ अग्रसर होते हैं उनके लिए यह मार्ग अत्यंत सरल हो जाता है क्योंकि दृढ़ता होने पर मनुष्य की प्रकृति साधना के अनुकूल है।

# कवि को सजग रहना चाहिए

व्यंग्यलोक

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू ! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खरार्टे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया ? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



पूरन सरमा

# विविध संस्कृतियों का भी कुंभ है महाकुंभ का यह आयोजन




धर्म/संस्कृति

धीरज बसाक

महाकुंभ महज एक धार्मिक स्नान पर्वभर नहीं है बल्कि यह भारत की विविध संस्कृतियों का महाकुंभ भी है। कुंभ में भारत के कोने कोने की विविध संस्कृतियों और परंपराओं का विराट संगम होता है। वास्तव में महाकुंभ भारत की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधताओं का बेमिसाल मंच है। कुंभ में भारत के कोने कोने के लोग आते हैं और अगर ब्योरे और आंकड़ों के आधार पर देखें तो करीब करीब पूरी दुनिया में बसे वे लोग जिनका सनातन परंपरा से रिश्ता है तथा जो भारत की इस बहुसांस्कृतिक विविधता के प्रशंसक हैं, वह भी कुंभ में हिस्सेदारी करने आते हैं। इस तरह देखें तो महाकुंभ भारत की धार्मिक विविधता का अनूठा मंच है। महाकुंभ में भारत के विभिन्न सम्प्रदायों और परंपराओं के साधु, संत, अखाड़े और भक्त शामिल होते हैं। कुंभ के दौरान शैव, वैष्णवों, नागा साधु, उदासीपंथ और कई अन्य धार्मिक समुदायों के बीच चाहे जिस भी तरह के विभेद हों, वे सारे विभेद महाकुंभ में सम्मिलित होने के मुद्दे पर खत्म हो जाते हैं। सभी पंथों, समुदायों के साधु, संन्यासी और भक्त इसमें पूरी श्रद्धा और आस्था से हिस्सा लेते हैं। हर पंथ और परंपरा के साधुओं का यहां कुंभ के दौरान अखाड़ा सजता है।

इस तरह कुंभ में सिर्फ साधारण जनों की विविधता ही नहीं बल्कि साधु संतों की इंद्रधनुषी विविधता भी देखने को मिलती है, साधु-संतों का भी संगम होता है। भाषायी विविधता भी एक वह सांस्कृतिक धरोहर है, जो कुंभ में विस्तृत ढंग से देखने को मिलती है। भारत के हर कोने के लोग कुंभ में स्नान के लिए आते हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक विविध पहनावों, विविध भाषा और विविध तरह की आस्थाओं को लेकर लोग महाकुंभ में एकत्र होते हैं और अपनी अपनी भाषाओं, बोलियों, के साथ संगम में डुबकी लगाते हैं। इस दौरान पूरे महाकुंभ क्षेत्र में सैकड़ों तरह के धार्मिक अनुष्ठान, लोकनृत्य, संगीत और कलाओं का प्रदर्शन निरंतर चलता रहता है, जिससे भारत के अलग अलग क्षेत्रों की भरपूर सांस्कृतिक विविधता देखने को मिलती है। यह विविधता महाकुंभ परिसर में भोजन और खानपान के तौर तरीकों में भी खूब देखने को मिलती है। कहीं लोग पूरी कचैड़ी खा रहे होते हैं, कहीं लिट्टी चोखा सज रहा होता है, तो कहीं डोसा, कहीं गुजराती पकवान, कहीं दक्षिण भारतीय पकवान, कहीं पंजाबी पकवान तो कहीं बंगाली पकवान बन और बिक रहे होते हैं। पूरे कुंभ परिसर में खानपान की अनगिनत तरह की खुश्बुएं आपस में मिलकर खुशबुओं का भी एक महासंगम बनाती हैं।

दरअसल महाकुंभ का समूचा बंदोबस्त विभिन्न संस्कृतियों को ध्यान में रखकर ही तैयार किया जाता है। कुंभ में देश के सभी 13 धार्मिक अखाड़ों के डेरे पड़ते है, इसके लिए इन सभी धार्मिक अखाड़ों के लिए मेले में अलग अलग स्थान आवंटित किये जाते हैं। जहां ये अखाड़े अपने तंबू और शिविर लगाते हैं, वहां उन अखाड़ों की अपनी विशिष्ट पहचान और परंपरा दिखती है। पुराने जमाने में राजा-महाराजा और स्थानीय प्रशासन अलग अलग क्षेत्र के संतों और भक्तों के लिए विशेष तरह के स्थानों को चिन्हित करते थे ताकि यहां उन्हें असुविधा न हो। अब यही सब सरकार के जिम्मे है और सरकार अलग अलग क्षेत्र के भक्तों, संतों और तीर्थयात्रियों को ध्यान में रखकर उनकी सुविधा और अनुष्ठानों के लिए जगह मुहैय्या कराती है। समूचे कुंभ क्षेत्र में डेढ़ महीनों तक पूरे भारत को भाषायी और सांस्कृतिक रूप में जीवंत ढंग से धड़कते हुए महसूस किया जाता है। सदियों की यह परंपरा आज भी कायम है। आधुनिक प्रशासन और प्रबंधन ने इसे पहले से कहीं ज्यादा व्यवस्थित और सुविधाजनक बना दिया है। विभिन्न राज्यों के लिए अलग अलग जोन और शिविरों का प्रबंधन किया जाता है। विभिन्न तरह की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए खास मंच तैयार किए जाते हैं। सरकारी सहायता और योजनाओं से सुनिश्चित किया जाता है कि कुंभ मेला में भाग लेने के लिए आने वाले प्रतिभागियों को सभी तरह की सहूलियतें बिना किसी सांस्कृतिक गतिरोध के मिल सकें। इस तरह देखें तो कुंभ का यह आयोजन भारत की बहुरंगी विविधताओं और संस्कृतियों का भी महाकुंभ है। इस बार प्रयागराज महाकुंभ में दो दर्जन से ज्यादा भाषाओं के सूचना केंद्र निर्मित किये गये हैं।

## आपकी बात

### अवैध निर्माण पर लगे अंकुश

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं। अगर नगर निगम और प्राधिकरण के लोग अपनी जिम्मेदारी के प्रति सतर्क रहें, तो किसी भी सूरत में अवैध निर्माण या फिर मैप के विपरीत निर्माण नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय नियमित जांच होते रहना चाहिए।

**धमेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### युवाओं में बढ़ायें स्किल

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## राष्ट्रीय लोक अदालत का रोस्टर निधारित

**बहराइच ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार वर्ष 2025 में 08 मार्च, 10 मई, 13 सितम्बर व 13 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों आदि है।

# राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने देखी स्थलीय प्रगति

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दूसरे दिन मंगलवार को भी बैठक की। जिसके बाद श्रद्धालु सुविधा केन्द्र (पीएफसी), लॉकर सेवा तथा अंगद टीला एवं कुबेर टीला का निरीक्षण किया एलएनटी सभाकक्ष में सभी इंजीनियरों के साथ बैठक में मन्दिर के

**● श्रद्धालु सुविधा केन्द्र (पीएफसी) लॉकर सेवा, अंगद टीला का किया निरीक्षण**



निर्माण कार्य में श्रमिकों की कमी अभी भी बरकरार होने की बात सामने आई है। बैठक में कार्यदायी संस्था एल-टी से कहा गया की श्रमिकों की संख्या बढ़ाया जाए। जो कार्य पूर्ण हुए हैं उन्हें 15 दिन के अंदर ट्रस्ट को सौंप दिया जाए। बैठक में राम मंदिर परिसर में 20 एकड़ जमीन पर वनस्पति सौंदर्य पार्क बनाने पर चर्चा हुई। मंदिर का भूतल प्रथम और द्वितीय तल के अंदर आइकोनोग्राफी का कार्य मार्च तक पूरा होने की जानकारी दी गई। बैठक में हुई चर्चा के मुताबिक मार्च तक ही प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिष्ठा की जाएगी।द्वितीय तल के गर्भ गृह में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के रामायण जो आसानी से उपलब्ध नहीं होते उनका रखा जाएगा। मंदिर में लगे 370 पिलर पर जो मूर्तियां बनाई जा रही है उनका कार्य भी जल्द पूर्ण होने की उम्मीद जताई गई है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, फायर पोस्ट भवन व इलेक्ट्रिकल सर्विसेज भवन को 15 दिन के अंदर ट्रस्ट को हैंडओवर किए जाने की बात कही गई है। बताया गया कि अधिकतम कार्य सितंबर तक हो पूर्ण हो जाएंगे। यह जानकारी निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दी है। वहीं महाकुंभ के चलते अयोध्या में औसतन प्रति दिन दो लाख के ऊपर श्रद्धालु आ रहे है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से निर्माण कार्य में थोड़ी सी बाधा आ रही है। चेयरमैन ने कहा कि हमारी प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा की है। पहले हम उसको सुनिश्चित करते हैं। ऐसे में जहां-जहां मौका मिल रहा है वहां निर्माण कार्य किया जा रहा है। कुछ जगहों पर श्रद्धालुओं के हित में निर्माण कार्य रोकना पड़ा है। अनुमान है कि 4 फरवरी तक कार्य शुरू नहीं हो पाएगा। ऐसा अनुमान हमें पहले भी था कि निर्माण कार्य में करीब 15 दिनों तक कठिनाई आयेगी। राम जन्मभूमि परिसर के निर्माण का कार्य पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि भव्य राम मंदिर के शिखर निर्माण, परकोटा और उनमे बनने वाले छह मंदिर और 11 अन्य देवी देवता और ऋषि मुनियों के भी मंदिरों का निर्माण काम अंतिम चरण में चल रहा है। कहा कि लोवर प्लीथ पर जो राम कथा का कार्य हुआ है। जो पत्थर के म्यूअरल बनाएं गए है और जो परकोटे में ब्रांस के म्यूअरल बनाएं गए उनको पुणे से आए आर्टिस्ट वासुदेव कामत जी ने देखकर अपनी राय दी है। उस पर भी काम किया जा रहा है।

## परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का अर्जित अवकाश अद्यतन किए जाने की मांग

**अयोध्या।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल पर अर्जित अवकाश अद्यतन न होने से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या ने नाराजगी जाहिर किया है।जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कार्यभार ग्रहण तिथि से शिक्षक अनवरत सेवा दे रहा है। किसी विशेष परिस्थितियों में अवकाश के दिनों में भी ड्यूटी लगाई गई है जिसको अर्जित अवकाश के रूप में सेवा पुस्तिका में अंकित होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। जिसके कारण भविष्य में शिक्षकों को उक्त अवकाश का लाभ लेने में कठिनाई होना स्वाभाविक है। अतः विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर छुट्टियों की जांच करवाकर अविलंब अद्यतन किया जाय। इसके साथ हीं पोर्टल पर इस प्रकार की छुट्टियों की नियमित निगरानी किया जाय। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह के साथ कोषाध्यक्ष दंगल सिंह, देवेन्द्र गुप्ता, विनय पाण्डेय, हिमांशु त्रिपाठी, नवनीत यादव, भास्कर यादव, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित है।

## एक मुश्त समाधान योजना को लेकर एआरटीओ के लिपिकों ने दी घर-घर दस्तक



**बाराबंकी।** व्यावसायिक वाहनों पर पेनाल्टी (शास्ति) में छूट प्रदान करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना को लेकर परिवहन विभाग के कर्मचारियो ने घर-घर दस्तक देना शुरू कर दिया है। ओटीएस योजना के सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना को लेकर कनिष्ठ सहायक निलेश सिंह एंव अपर्णा मौर्या द्वारा आज अमीनो के साथ तहसील रामनगर अन्तर्गत घर-घर दस्तक देकर वाहन स्वामियो को पम्पलेट बांटकर योजना का लाभ बताया। तथा बकाया टैक्स (पेनाल्टी) पर शत-प्रतिशत छूट लेने हेतु 5 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सम्पूर्ण बकाया धनराशि को एकमुश्त जमा कर योजना का लाभ उठाये जाने की अपील की।

## अल्पसंख्यक जिला महासचिव ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से की शिष्टाचार भेंट



**बाराबंकी।** सपा सुप्रीमो, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से अल्पसंख्यक जिला महासचिव हाजी उसामा अंसारी के नेतृत्व मे पदाधिकारियो ने शिष्टाचार भेंट की। तथा सपा सुप्रीमो को बूके देकर सम्मानित किया। सपा सुप्रीमो श्री यादव ने अल्पसंख्यक जिला महासचिव श्री अंसारी को जनपद मे पार्टी द्वारा कराये गये कार्यो को जनता के बीच रखने एंव पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया। बताते चले कि श्री अंसारी का परिवार एक लम्बे अर्से से समाजवादी पार्टी से जुडा हुआ है। तथा सर्किल कार्यकर्ता के रुप मे लगातार जनता को सपा सरकार के कराये कार्यो के बारे मे जागरुक करता है। इस अवसर पर शादाब अंसारी, हारुल उदा अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाकियू ने तिकोनिया पार्क में लगाई पंचायत

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मंगलवार को किसानो की विभिन्न समस्याओ को लेकर शहर के तिकोनिया पार्क मे संगठन की महिला बिंग की जिलाध्यक्ष सुमन पाण्डेय की अध्यक्षता मे मासिक पंचायत किया। पंचायत मे पहुँचे तहसीलदार सदर विनोद कुमार चैधरी को किसान नेताओं ने पंद्रह सूत्रीय ज्ञापन सौपा। पंचायत मे बिजुली विभाग, गन्ना विभाग, राजस्व विभाग, तथा पुलिस से सम्बन्धित समस्याये छायी रही। किसान नेताओं ने छोटे विद्युत बकायेदारों का कनेक्शन न काटने, रौजागांव चीनी मिल मे गन्ना किसानो पर हमले के आरोपी चीनी मिल कर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग, मिझौडा चीनी मिल कर्मियों द्वारा तारुन के जाना सेंटर के किसान लल्लू उपाध्याय के गन्ने की मिल मे बिना तौल कराये ट्राली वापस करने के दोषीयों पर कार्यवाही करने, सहित मांगे शामिल रही द्य गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिले मे टैक्टर व बाइक रैली करने के राष्ट्रीय नेतृव के आवाहन को सफल बनाने की चर्चा की गयीद्य जिसमे क्षेत्रवार पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गयी। प्रदेश सचिव दिनेश दूबे ने कहा की गांव गाँव चैपाल लगाकर पदाधिकारी संगठन को मजबूत बनाये। इस मौके पर संगठन के प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा जिलाध्यक्ष राम जनम वर्मा, युवा विंग जिलाध्यक्ष रामजनम यादव, प्रमुख महासचिव डॉ. हजारीलाल चैरसिया, कमला प्रसाद बागी, रामबरन, लल्लू उपाध्याय, आशीष वर्मा, राम प्रकाश, राम सिंह, रामावती, आरती सिंह, सोनी, रेनू यादव प्रमुख रूप से पंचायत मे मौजूद रही।

# हर घर-हर मतदाता सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की करें चर्चाः स्वतंत्र देव सिंह

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक मिल्कीपुर स्थित केन्द्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रबंधन समिति के विभाग प्रमुखों से चुनाव कार्यो में दिए दायित्व में प्रगति की रिर्पोट ली। उन्होंने कहा कि एक समान प्रकृति के व्यवस्थाओं के प्रमुख लगातार सम्पर्क में रहें। आपसी समन्वय बना कर चुनाव का प्रबंधन करें। चुनाव अभियान के तहत डोर टू डोर जा कर सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाओं के प्रमुख अपने जिम्मेदारी का पूर्ण पालन करें।

सम्मेलनों तथा बड़ी जनसभाओं के लिए पदाधिकारी सम्भावित स्थलों का निरीक्षण कर लें। सभी के लिए ऐसे स्थलों का चयन किया जाय जहां पार्किंग, अवागमन आदि सुविधा सरलता से प्राप्त हो। टोली बना कर घर-घर सम्पर्क अभियान तेज करें। हर घर - हर मतदाता सम्पर्क कर सरकार की योजनाओं की चर्चा करें। प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता बूथ के कार्यकताओं से सम्पर्क में रहें। उन्होने कहा कि हम सभी को बूथ विजय अभियान से विजय का लक्ष्य प्राप्त करना है। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि चुनाव प्रबंधन का सबसे मुख्य आधार बूथ प्रबंधन होता है। बूथ की बैठक में इस बात की चर्चा करनी है कि प्रत्येक वोटर को मतदान दिवस से 3 दिन पूर्व तक पर्ची मिल जाए। हर बूथ पर अपने वोटरों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। बूथ पर निवास करने वाले लाभार्थियों से विशेष सम्पर्क बूथ की ग्रेडिंग के आधार पर कमजोर बूथों पर विशेष चर्चा करें। बैठक में मंत्री जेपीएस राठौर, गिरीश चन्द्र यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, एमएलसी अवनीश पटेल, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, अवधेश पांडे बादल, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, कमला शंकर पांडे, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, राघवेंद्र पांडे, अशोक कसौधन, जनार्दन मौर्य, राघवेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार दिवाकर सिंह, सुनील तिवारी शास्त्री चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के लाइसेन्स निलंबन की कार्रवाई




**बाराबंकी।** सड़कों पर नियमों को दर-किनार कर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने बिना फिटेनस, बकाया टैक्स, प्रदूषण, बिना हेल्मेट-सीटबेल्ट, ओवरलोडिंग, ट्रिपल राइडिंग, माड़िफाइड सिलेन्सर वाहन चालको के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी ने लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या राजमार्ग मे बिना फिटनेस, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ओवरलोडिंग, ट्रिपल राइडिंग, माड़िफाइड सिलेन्सर के विरुद्ध 53 चालान किये। तथा 4 वाहनो को सीज किया। तथा नियमो तोड़ने वाले वाहन चालको के लाइसेन्स निलंबन की कार्यवाही की गई।

# महिमा के अनुरुप किया गया अयोध्या का विकास

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधान सभा में मंत्री जेपीएस राठौर, एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह व पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कुमारगंज में जनचैपाल लगाया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मरूई गनेशपुर, मंझउवा, नरेन्द्राभादा, गोकुला, विशुनपंर, काली माई चैराहा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कदनपुर पूरे दत्ता तिवारी का पुरवा, जोरियम, बालरमउ में जनचैपाल लगा कर लोगों संवाद किया गया। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू का बारून बाजार, सिहोरा मोड, इनायत नगर, गहनागन मंदिर के सामने, कुमारगंज बाजार में जोरदार स्वागत हुआ। बारून बाजार में खिहारन प्रधान अजीत मौर्य के नेतृत्व में फूल माला के साथ खब्बू तिवारी का स्वागत किया गया साथ ही इनायत नगर मिल्कीपुर में भी समर्थकों ने स्वागत किया।



कुमारगंज जनचैपाल में मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार में डबल इंजन की सरकार में अयोध्या की महिमा, पौराणिता तथा अध्यात्मिकता के अनुसार यहां का विकास कराया गया है। एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता के मन में उत्साह का माहौल है। 8 फरवरी को देश को भगवामय करने का संकल्प स्वंय जनता ने लिया है। पूर्व विधायक इंद्रप्रताप तिवारी ने कहा कि योजनाओं की श्रृखलाओं से सभी गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। पीएम मोदी और सीएम योगी के कार्यकाल में महिलाओं का उत्थान हुआ है, श्रमिकों का सम्मान हुआ है किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। युवाओं को नए अवसर मिले है।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मरूई गनेशपुर की जनचैपाल में कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए है जिसकी चर्चा सैकड़ो सालों तक होती रहेगी। गरीबों को आवास मिला है। महिलाओं को सम्मान मिला। तीन तलाक पर कानून बना कर मुस्लिम महिलाओं का कल्याण किया गया है। कदनपुर पूरे दत्ता तिवारी का पुरवा की जनचैपाल महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि जनधन खाता, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, इज्जत घर, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाओं से जनकल्याण की श्रंखलाएं जनता को प्रदान की है। कुमारगंज जनचैपाल में अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, आलोक सिंह रोहित, राजमणि सिंह, जिपंस अशोक मिश्र, दिनेश वर्मा, फयाराम वर्मा, कृष्ण कुमार खन्नू, उदित सर्राफ, मुकेश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय राना, कृपा शंकर मिश्र, भवानीफेर मिश्रा, विजय उपाध्याय, अजीत मौर्य जी, राम केवल मिश्रा, शत्रुघ्न पाण्डेय, कप्तान तिवारी, राकेश तिवारी, राहुल सिंह, उपेंद्र दूबे, शीतल बाजपेई, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर की कुष्ठ रोगियों की सेवा

**अयोध्या।** कुष्ठ रोगी भाई-बहनों को उनके निवास स्थान पर ही निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के अभियान के अंतर्गत आज समर्पण चल चिकित्साल्य सेवा दल ने अयोध्या पहुंचकर अभियान का चैथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर यहां स्थित कुष्ठ रोगी सेवा समिति आश्रम रामनगर, एवं पांचवां शिविर नयाघाट अयोध्या स्थित कुष्ठ आश्रम में आयोजित किया।

रामनगर स्थित आश्रम में शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख केदारनाथ ने, व अयोध्या में बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण ने किया। इस अवसर पर सेवा भारती के महामंत्री प्रेमचंद्र पांडेय, विभाग सेवा प्रमुख बालेन्दु, महानगर सेवा प्रमुख रंजीत सिंह, सहसेवा एवं स्वास्थ्य आयाम प्रमुख होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. उपेन्द्र मणि त्रिपाठी जी, सेवा भारती से डॉ सौरभ दीक्षित, डॉ आभा सिंह, विनोद, अनीता, रजनीश एवं धर्मेन्द्र उपस्थित रहे। शिविर में आवश्यक स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह, आधुनिक तकनीक से विभिन्न प्रकार की खून की जाँच की गईं, एवं कुष्ठ रोगी भाई-बहनों के घावों की साफ-सफाई, मरहम-पट्टी के साथ -साथ अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श तथा आवश्यकतानुसार दवाएं-इंजेक्शन, महिलाओं को सैनेट्री एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी निःशुल्क वितरित किए गए। चिकित्सीय दल में प्रकल्प निदेशिका संतोष रानी के नेतृत्व में डॉ देव उत्कर्ष, संदीप कुमार, राखी कुमारी, लल्लन कुमार सम्मिलित रहे। स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया 11 दिवसीय यह सेवा अभियान 10 जनवरी को सीतापुर से प्रारंभ हुआ और 21 जनवरी को लखनऊ में पूर्ण होगा।

## बुढ़ियाबाड़ा कब्रिस्तान का जल्द शुरू होगा सुन्दरीकरण



**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर अन्तर्गत बुढियाबाडा कब्रिस्तान का लाखो की लागत से सुन्दरीकरण कार्य किया जायेगा। जैदपुर नगर पंचयात बोर्ड द्वारा सभासद मो0 कासिम की माँग पर कब्रिस्तान की दुर्दशा और जल भराव की समस्या को देखते हुये सुन्दरीकरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति और अध्यक्षा नीलोफर की सहमति से शासन को भेजा गया था। जिसके बाद कब्रिस्तान का सुन्दरीकरण कार्य अब शुरू कराया जायेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम ने बताया इसकी पटाई कराई जाऐगी। जिसमे लाखो का बजट लगेगा। कार्य जल्द ही शुरू कराया जायेगा।

## लापता अधेड़ का बोरे में भरा मिला शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा गांव के पास सुल्तानपुर फैजाबाद यूनिट ब्रांच नहर के दक्षिणी नहर में 50 वर्षीय अधेड़ का बोरे में भरा शव पानी में मिलने के के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे कुमारगंज प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने अधेड़ का शव पानी से बाहर निकलवाया और उसकी पहचान में जुट गए। जहां अधेड़ के शव की पहचान जगदंबा प्रसाद कोरी पुत्र रामसनेही करी निवासी तेन्धा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तेन्धा गांव निवासी जगदंबा प्रसाद कोरी बीते रविवार की देर रात अपने घर से लापता हो गए थे और उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था। लापता होने के दूसरे दिन बीते सोमवार को ग्राम प्रधान राजू कनौजिया के साथ जगदंबा प्रसाद कोरी का बेटा कुमारगंज थाने पहुंचा था और अपने पिता के गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। एक सप्ताह बाद मंगलवार को सुबह करीब 10:00 बजे ग्रामीणों ने नहर के पानी में किनारे की तरफ औंधे मुंह पड़ी लाश देखा और पुलिस को सूचना दी। भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और अधेड़ का शव पानी से बाहर निकल गया और उसकी पहचान लापता हुए जगदंबा प्रसाद कोरी के रूप में हुई। पुलिस ने अधेड़ का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया कि अधेड़ की पत्नी का गांव के ही एक युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते वह अपनी पत्नी से अलग भी रहता था। यही नहीं उसकी पत्नी उसे आए दिन मारती पीटती भी थी। वह पूरी तरह से अपनी पत्नी के कारनामों से परेशान हैरान था। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया अधेड़ की मौत हत्या प्रतीत हो रही है। फिलहाल घटना की गहन छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण भी स्पष्ट हो सकेगा। जल्द ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

# जेम पोर्टल के सम्बन्ध में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों व उनके अधीनस्थ संस्थाओं में भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत नवीन शासनादेश सं. 57 दिनांक 26 नवम्बर 2024 के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को जागरूक व प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में 01 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जेम सेल, नई दिल्ली से आए प्रदेश के स्टेट प्रशिक्षक अंकित शुक्ला द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पी.पी.टी.) के माध्यम से क्रय-प्रक्रिया तथा भुगतान प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

भारत सरकार के जीएफआर/वस्तु और सेवाओं के लिए प्रोक्योरमेंट मैन्युअल्स एवं जेम जीटीसी (जर्नल ट्रीम एण्ड कंडीशन) पर प्रकाश डालते हुए स्टेट प्रशिक्षक श्री शुक्ला ने बताया कि रु. 50,000=00 तक का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से सीधे क्रय (डायरेक्ट परचेज) तथा रु. 50,000=00 से अधिक रु. 10,00,000=00 तक का क्रय एल.आई. के आधार पर तथा रू. 10,00,000=00 से कम की वस्तु एवं सेवाओं की खरीद भी जेम पर उपलब्ध ऑनलाइन बिडिंग/रिवर्स ऑक्शन की टूल्स की सहायता से तथा रू. 10,00,000=00 से ऊपर के क्रय में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन बिडिंग/रिवर्स ऑक्शन टूल का उपयोग करके बिड/निविदा के माध्यम से क्रय क्रेता विभाग द्वारा किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जेम पोर्टल, सार्वजनिक क्रय-प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और गति को बढ़ाता है। ताकि सरकारी कार्यालयों में वस्तुओं और सेवाओं की खरीदारी में किसी भी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े।

प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने मौजूद अधिकारियों को निर्देष दिया कि शासकीय विभागों द्वारा कोई भी वस्तु व सेवाओं का क्रय अनिवार्य रूप से जेम पोर्टल के माध्यम से ही किया जाय। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सहज ज्ञान युक्त यूजर इंटरफेस, क्रय प्रक्रिया को आसान बनाता है। सरकारी खरीदारों के पंजीकरण के लिए सभी विभागों का एनआईसी आईडी होना आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पोर्टल के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का स्टेट प्रशिक्षक द्वारा समाधान किया गया।

कार्यशाला के अन्त में उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर पीडीडीआरडीए अरूण कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, डीसी एनआरएलएम दीपक सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर सहित अन्य अधिकारी व सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सीएचसी मिल्कीपुर में शो पीस बना हेल्थ एटीएम

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था देने के लिए हेल्थ एटीएम यानी एक ऐसी मशीन जिसमें कुछ ही मिनटों में पूरे शरीर की जांच की जा सकती है, वो भी बिना कोई पैसे दिए लेकिन लापरवाही की वजह से यह मशीन महीनो से बंद पड़ी है, जिससे स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों के नियमित जांच नहीं हो पा रही, इस स्थिति में मरीजों को बाहर प्राइवेट पैथोलॉजी पर जांच करवाना पड़ रहा है। जब हेल्थ एटीएम समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लगा तो मरीजों में एक नई आस लगी थी कि अब आसानी से बिना शुल्क दिए पूरे शरीर की जांच हो सकती है। लेकिन जांच तो दूर ये मशीन सिर्फ शो पीस बनी हुई है और धूल फांक रही है सरकार ने भले ही लाखों रुपए खर्च करके मरीज को सुविधा के लिए यह उपकरण लगवाया लेकिन प्रशासनिक लापरवाही की वजह से मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।इस मशीन में शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन शरीर का मोटापा, लिपिड प्रोफाइल सहित तमाम प्रकार की अन्य जांच की जा सकती है।

## नवागत जिलाधिकारी ने मीडिया से रु-ब-रु होकर लिया फीडबैक



**बाराबंकी।** नवागत जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी ने कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे मीड़ियो बन्धुओ के साथ परिचय प्राप्त कर जनपद का फीडबैक तथा ज्वलतशील मुद्दो के बारे मे जानकारी ली। बैठक मे जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, सड़क, अतिक्रमण तथा प्रदेश सरकार की चलाई जा रही योजनाओ के बारे मे मीडिया से फीडबैक लिया। बैठक मे मीड़ियो बन्धुओ द्वारा नवागत डी0एम को विभिन्न समस्याओ के बारे मे अवगत कराया गया। जिस पर डी0एम ने आश्वासन देते हुये समस्याओं को दूर करने की बात कही। बैठक मे एडीएम, अतिरिक्त मजिस्टेज्ट विवेकशील यादव आदि मौजूद रहे।

## जिंदगी फाउंडेशन के अध्यक्ष के निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**बाराबंकी।** जिंदगी फाउंडेशन के अध्यक्ष एंव समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जुहैर अंजुम खान का निधन पर लखपेड़ाबाग स्थित लोहिया भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मृत आत्मा की शाति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा मे फाउंडेशन महामंत्री मनजीत सिंह धामी, सरदार हरपाल सिंह, नीता अवस्थी, प्रदेश सचिव समाजवादी अल्पसंख्यक सभा जावेद सईद, हुमायूं नईम खान, डॉ0 जितेंद्र यादव, डॉ0 सुधीर वर्मा, , नेहरुनगर वार्ड सभासद मो0 फैसल सभासद आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## तमंचा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी**। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उ.नि. सुरेश कुमार थाना फुरसतगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 2 अभियुक्त मो. नसीम पुत्र मो. रसूल उम्र करीब 50 वर्ष व मो. नफीस पुत्र मो. नसीम उम्र करीब 33 वर्ष निवासीगण पूरे भूसू मजरे तेन्दुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी को ग्राम तेन्दुआ के पास से समय करीब 5:15 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त मो. नसीम के कब्जे से 1 अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर व मो. नफीस से 1 अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

## नशे में बेसुध मिली किशोरी

**बछरावां, रायबरेली**। लखनऊ जनपद के नदौली गांव की एक किशोरी सोमवार देर रात बछरावां विकासखंड के विनायकपुर मोड़ के पास नशे की हालत में घूमती मिली। किशोरी अपनी दो सहेलियों के साथ थी सहेलियों ने अपनी सहेली की हालत नाजुक देखते हुए पुलिस की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक डॉ. गण नायक पांडे ने बताया की किशोरी ने अत्यधिक मात्रा में नशा कर रखा था। प्राथमिक उपचार के बावजूद उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ जिसके चलते बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। मंगलवार की सुबह किशोरी के परिजन ढूंढते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर उनको घटना की पूरी जानकारी दी गई वही इस पूरे मामले को लेकर पुलिस पड़ताल कर रही है कि किशोरी को किस प्रकार का नशा दिया गया और कौन इसका जिम्मेदार है।

## हर्ष फायरिंग करने वाले को भेजा जेल

**रायबरेली**। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के सनिकामऊ गांव में एक मांगलिक आयोजन में शामिल होने आये एक युवक को पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने के आरोप मे गिरफ्तार किया है। हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल साइट्स पर वॉयरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव निवासी राम जी द्विवेदी पुत्र धीरज द्विवेदी सनिकामऊ गाँव में मांगलिक आयोजन में शामिल होने आये थे। आयोजन में उन्होंने अपने असलहे से फायरिंग की। किसी ने उनकी इस हरकत का वीडियो बना लिया और सोशल साइट्स पर वॉयरल कर दिया। जाँच के आधार पर कार्रवाई करते हुये राम जी द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और सम्बन्धित अभियोग लगाकर जेल भेज दिया।

## बांसकोठी में आग लगाने का आरोप

**रायबरेली**। आग लगाकर बांसकोठी जलाने का आरोप लगाते हुए मामले की षिकायत लालगंज कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस ने जांच कर मामले में कार्रवाई का भरोसा पीड़ित को दिया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नौबस्ता मजरे खजूरगांव निवासी कृष्णपाल सिंह पुत्र समषेर ने पुलिस को दिये गये षिकायती पत्र में बताया कि गांव स्थित उसकी बांसकोठी में किसी ने आग लगा दी थी। पता चला कि रघुनाथगंज गांव निवासी एक युवक ने आग लगाई है।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं

## संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश



**सुलतानपुर (वीओएल)**। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं गम्भीरता से सुनीं। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता है। प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में आए लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने उनकी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर समस्या का समाधान करें और शिकायतकर्ता को संतोषजनक रिपोर्ट दें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का निस्तारण करते हुए पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखना आवश्यक है। जनता दर्शन में आए फरियादियों ने जिलाधिकारी द्वारा उनकी शिकायतें गंभीरता से सुनने और समाधान के निर्देश देने पर संतोष व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हर शिकायत को गंभीरता से लें और निस्तारण प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता न होने दें। इससे जनता का प्रशासन पर विश्वास मजबूत होगा और समस्याओं का समय पर समाधान संभव हो सकेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह और एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी मौजूद रहे।

## कॉलेज की मासिक ई-पत्रिका लोकार्पित

**सुलतानपुर (वीओएल)**। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के दूसरे वर्ष के दूसरे अंक का मंगलवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। यह अंक महाकुंभ विशेषांक है इसमें कुंभ पर विशेष सम्पादकीय भी है। पत्रिका विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय क्षेत्र का इकलौता महाविद्यालय है जहां से हर महीने ई पत्रिका का प्रकाशन होता है। जिसकी शुरूआत और संचालन का पूरा श्रेय पत्रिका के प्रधान संपादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को है।

## एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)**। बल्दीराय के पारा कस्बा में एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व प्रधान महेश जायसवाल द्वारा किया गया। इस दौरान श्री जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अनेकों खेल की प्रतिभाएं छिपी हैं, जिन्हें उभरने की जरूरत है। इन्हीं खेलों के माध्यम से खेल प्रतिभाएं उभरती है। और उच्च स्तर तक प्रतिभाएं खेलते हुई पहुंचती है। खेल से हमें अनेकों प्रकार के लाभ हैं। खेल जीवन में बहुत ही जरूरी है। एक दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता में 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। कूरेभार कैथोली टीम को 7 से सादुल्लापुर बल्दीराय टीम ने हराया मुख्य अतिथि महेश जायसवाल व आयोजक टीम द्वारा विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेंद्र शहंशाह, गुलफाम रमजान अली, फैसल, अफजल, अजहर, सद्दाम, जीशान, शहजाद, शहनवाज फैसल सोनू तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## बाबूगंज टीम ने जीता उद्घाटन मैच



**गोसाईगंज, सुलतानपुर**। गोसाईगंज थाना अंतर्गत भटपुरा गांव के क्रिकेट मैदान पर मंगलवार को यदुवंशी क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। आयोजक सौरभ यादव ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र यादव, बाबा ने फीता काटकर टूर्नामेंट की शुरुआत की उपस्थित खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते कहा कि खेल में जीत हार का विशेष अंतर नहीं होता है, खेल एकता का परिचायक है। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ मैदान में उतरना चाहिए। ऐसे आयोजनों से गांवों में छुपी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है। यही प्रतिभाएं आगे चलकर देश का नाम रोशन करती है। उद्घाटन मैच बाबूगंज और बगिया चैराहा के बीच मैच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए बाबूगंज की टीम ने निर्धारित10 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी बगिया गांव की पूरी टीम निर्धारित ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 91 रन ही बना सकी। बाबूगंज की तरफ से ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए सचिन ने 66 रनों के साथ तीन विकेट भी चटकाए। जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस मौके पर धीरज यादव, अनिल यादव, अंकित तिवारी, सोनू पाठक, कृष्ण, सबलू, अबरार, बदरुद्दीन, रितेश, गणेश आदि मौजूद रहे।

# मशरूम उत्पादन से आत्मनिर्भर बनेंगे मनरेगा श्रमिक

- मशरूम उत्पादन हेतु मनरेगा श्रमिकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**सुलतानपुर (वीओएल)**। कूरेभार विकास खण्ड में आजीविका मिशन के तहत उन्नति परियोजना के अंतर्गत 35 मनरेगा श्रमिकों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, सुलतानपुर द्वारा आयोजित यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कूरेभार विकास खण्ड के मनरेगा कांफ्रेंस हॉल में संचालित हो रहा है।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन कृषि विशेषज्ञ एवं मास्टर ट्रेनर ज्ञानचंद्र तिवारी ने प्रशिक्षुओं को बटन और ओस्टर मशरूम उत्पादन की तकनीक सिखाई। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन कम समय, कम जगह और कम पूंजी में शुरू किया जा सकता है। यह मुनाफे की खेती है और बाजार में इसकी मांग लगातार बनी रहती है। ज्ञानचंद्र तिवारी ने जनपद के जय ज्ञान एग्री जंक्शन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ), जय ज्ञान नगर, उनुरखा, अखण्ड नगर का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां सफलतापूर्वक मशरूम का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने किसानों को एफपीओ का दौरा कर मशरूम उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने का सुझाव दिया। इस मौके पर बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के शीतला प्रसाद यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय में वृद्धि करना है। मशरूम उत्पादन के इस प्रशिक्षण से श्रमिकों को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगे। प्रशिक्षणार्थियों ने इसे एक लाभदायक पहल बताया और इसे उत्साहपूर्वक अपनाने की बात कही।

## दिल्ली जीत के लिए आप ने किया हवन-पूजन

- 25 सदस्यीय टीम दिल्ली के लिए हुई रवाना



**सुलतानपुर (वीओएल)**। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में चैथी बार जीत हासिल करने की कामना के साथ हवन-पूजन और हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुलतानपुर के डाकखाना चैराहे स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति की अगुआई में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके बाद 25 सदस्यीय टीम दिल्ली रवाना हो गई।

जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति ने कहा कि पार्टी ने दिल्ली में लगातार तीन बार जनता के हित में कार्य किए हैं। अब चैथी बार भी सेवा का मौका मिलने की कामना से हवन और पाठ किया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी एक बार फिर जनता की सेवा के लिए सरकार बनाएगी। जिला महासचिव रामविलास तिवारी ने बताया कि मतगणना तक सुल्तानपुर से कार्यकर्ता अलग-अलग शिफ्टों में दिल्ली पहुंचते रहेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, बौद्ध प्रांत सचिव अजीत श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम, जितेंद्र तिवारी, सह प्रभारी मोहम्मद अख्तर राईन, शहजादा शकील, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष वसीद अहमद, जाकिर अली, सादाब अहमद और विद्या देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने की कामना के साथ हनुमान जी का आशीर्वाद लिया और चुनाव अभियान में जुटने के लिए दिल्ली प्रस्थान किया।

## मा.शिक्षक संघ शिक्षकों के साथ पहुंचा जिला विद्यालय निरीक्षक भवन

**सुलतानपुर (वीओएल)**। नवीन पेंशन योजना से आच्छादित माध्यमिक शिक्षकों की अंशदान कटौतियों को उनके प्रान खाते में हस्तांतरित करने में हो रही देरी को लेकर आज माध्यमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर के जिलाध्यक्ष राज बहादुर पाठक एवं जिला मंत्री पंकज सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को घेरा जिले में शिक्षकों की अंशदान कटौती 1 अप्रैल 2018 से की जा रही है जो उनके वेतन से 10 प्रतिशत काटी जा रही है।

सरकारी राजांश 14 प्रतिशत सरकार के द्वारा जारी किया जाता है और शिक्षक के प्रान खाते में जमा किया जाता है लेकिन प्रदेश के अन्य जिलों में सरकारी अंश और शिक्षक अंश दोनों प्रान खाते में जमा हो चुका है किंतु सुल्तानपुर में अभी जनवरी 2023 तक ही एनपीएस का राजांश शिक्षक के खाते में जमा है जिसको लेकर शिक्षक संघ एवं शिक्षकों में काफी आक्रोश है।

वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा में वित्त एवं लेखा अधिकारी का पद रिक्त है जिसे प्राथमिक शिक्षा के वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा कार्य निर्वाह किया जा रहा है लेकिन वित्त एवं लेखा अधिकारी कभी भी माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में नहीं बैठते हैं और शिक्षकों की समस्याओं के प्रति ध्यान भी नहीं देते हैं जिससे माध्यमिक शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है इन सभी समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आज जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव करने पहुंचा था जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविशंकर ने शिक्षक नेताओं से मिलकर 15 दिन में समस्याओं के निराकरण की बात कही है एवं वित्त एवं लेखा अधिकारी को दो दिन हफ्ते में कार्यालय में बैठने का भी आदेश जारी किया।

## उपजिलाधिकारी ने तालाब को कराया अतिक्रमण मुक्त



**गौरीगंज,अमेठी। जिले में प्रशासन का भूमाफियों के खिलाफ अभियान** लगातार जारी हैं। जिसमें तहसील प्रशासन आए दिन भूमाफियों के खिलाफ अभियान चलाकर संरक्षित जमीन को भूमाफियों के कब्जे से अतिक्रमण मुक्ति करा रही हैं। मंगलवार तहसील गौरीगंज क्षेत्र के थाना जामों के गौरा जामों परगना के गोपाल पुर स्थिति गाटा संख्या 31 रकबा 0.294 हेक्टेयर तालाब को भूमाफिया कब्जा करके गेहूं की फसल की खेती कर रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह, थाना प्रभारी विनोद सिंह के साथ मौकास्थल पर पहुंचे, क्षेत्रीय लेखपाल अनूप के द्वारा नोटिस आदि विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भूमि की पैमाईश कर चिन्हांकित किया। और चिन्हित तालाब के रकबे को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया। और इस रकबे पर दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दिया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## मामूली बात को लेकर हुई मारपीट में दो महिलाएं गंभीर

**रायबरेली**। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे लालता मजरे सेमरपहा गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें दो महिलायें गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भेजा है। संगीता पत्नी मनोज सोनकर ने बताया कि गांव के ही पड़ोसी अपने घर का पानी उसके दरवाजे निकालते है जिसका विरोध करने पर कृष्णा, विपिन, सुदेवी, नितिन व ममता ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता का आरोप है उसके चीखने की आवाजे सुनकर बचाने दौड़े उसके पति मनोज की भी आरोपियों ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सुदेवी पत्नी कृष्णा ने बताया कि उसका पानी पास के घर से निकल रहा था जिसके चलते मनोज व उसकी पत्नी संगीता ने उसकी पिटाई कर दी साथ ही घर में ईंट पत्थर चला दिये जिससे घर के लोगों में दहषत है। पुलिस ने बताया कि मामले में आवष्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आठ साल लिव-इन में रहने के बाद भी शादी से किया इनकार

रायबरेली। षादी का झांसा देकर काफी समय तक साथ रहने के बावजूद आरोपी ने महिला को अपनाने से इंकार कर दिया है। महिला ने मामले की षिकायत लालगंज कोतवाली पुलिस से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सरेनी थाना क्षेत्र के गहरौली गांव निवासिनी पीड़िता रिंकी ने बताया कि उसकी षादी क्षेत्र के जगतपुर भिचकौरा गांव में हुई थी। लेकिन कुछ ही समय बाद उसके पति की मौत हो गई जिसके बाद वह अपने घर पर रहने लगी। इसी बीच सरेनी थाना क्षेत्र के अहलादपुर मजरे ऊसरू गांव निवासी विनोद उसके साथ पति की तरह पिछले 8 वर्षों से रहने लगा तथा उसे यह भरोसा भी दिया कि वह विवाह करेगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके जेवर व बर्तन आदि बिकवा दिये तथा अब अपने घर चला गया है। जहां जाने पर विनोद व उसके परिजन उसे अपनाने से इंकार कर रहे है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामले की षिकायत मिली है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने जनसंपर्क कर सुनीं लोगों की समस्याएं



**रायबरेली**। कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं ऊंचाहार पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के पूरे शमशेर का पुरवा में नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी व कांग्रेस की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर श्री सिंह ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए जननायक राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी जी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि देश के संविधान की रक्षा करें। श्री सिंह ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, जवान, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वालों की लड़ाई राहुल गांधी लड़ रहे है। छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। गांधी परिवार ने एम्स जैसा बड़ा अस्पताल रायबरेली को दिया जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण यहां की जनता अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ऊंचाहार की जनता हमारे परिवार की तरह है मैं आपके हर सुख दुख में खड़ा रहूंगा, ऊंचाहार में विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, रामदत्त पांडे, अभय सिंह, अमितेश यादव, गोलू अग्रहरि, राकेश सिंह, रवि सिंह, बाबूलाल यादव, राम अवतार सरोज, लल्लू यादव, मनोज मौर्य, बबलू पटेल, मनोज गौतम, विमल कुमार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने अखबार वितरकों को दिया ट्रैकसूट



**लालगंज, रायबरेली**। भीषण ठंड को देखते हुए समाजसेवी दीप प्रकाश शुक्ला ने समाचार पत्र वितरको को ट्रैकसूट प्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की है। वहीं अखबार वितरक ट्रैक सूट पाकर उनके चेहरे खिल उठे। कस्बे के आजाद नगर स्थिति चन्द्र शेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबन्ध निदेशक दीप्रकाश शुक्ला ने दर्जनों समाचार पत्र वितरकों को ट्रैक सूट प्रदान करते हुए कहा कि मानव के कर्म ही उसे महान बनाते हैं। समाज सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी दीप प्रकाश शुक्ला सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हैं। वही हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। श्री शुक्ला अपनी समिति के माध्यम से निर्धन असहाय व जरूरतमंदों की सेवा में सदैव अग्रसर रहते हैं। समाचार पत्र वितरक रंजन बजपेई आशीष मौर्य विजय सोनी प्रभात गुप्ता बाबू त्रिपाठी शुभम वर्मा शिवम गुप्ता अजय कुमार विकास मौर्य दिलावर खान शर्मा जी शिवकुमार शुक्ला शीतल गुप्ता रामबाबू आदि ने श्री शुक्ल के इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

# किसान कल्याण केंद्र शाहगढ़ बना शोपीस

- केन्द्र पर तैनात हैं छः कर्मचारी फिर भी केंद्र पर लटक रहा ताला




**अमेठी**। किसानों के हित के लिए जहां भाजपा की केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार किसानों को कम मूल्य पर बीज, ज़िंक, सल्फर व दवा उपलब्ध कराने के लिए किसान कल्याण केन्द्र खोले है वहीं आये दिन केन्द्र बन्द होने की वजह से किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

बताते चलें कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए जनपद सभी 13 ब्लाकों में किसान कल्याण केन्द्र खोले गए है लेकिन जनपद मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर स्थित विकास खण्ड शाहगढ़ में किसान कल्याण केन्द्र पर आये दिन ताला लटका रहता है और किसान केन्द्र से वापस जाकर दुकानों से बीज, ज़िंक, सल्फर व कीटनाशक, खरपतवार नाशक दवा लेते हैं। अखबार की टीम 1.30 बजे केन्द्र पर पहुंची तो किसान कल्याण केन्द्र शाहगढ़ पर ताला बंद मिला। आस पास के लोगो में राकेश कुमार, विनय, अमरेन्द्र, भोलानाथ तिवारी, हरिभजन आदि ने लोगों से जानकारी लिया तो इन लोगो ने बताया यह केन्द्र लगभग बंद रहता है यहां पर जो भी दबा, बीज आदि आता है वह जय मां शारदे किसान सेवा केन्द्र पर विक्रय कर दिया जाता है जिसका स्टीकर केन्द्र पर चिपकाया गया है गिने चुने लोगों को केन्द्र से दवा, बीज ही मिल पाता है। लोगों ने यह भी बताया कि केन्द्र पर दवा बीज लेने हम लोग जाते हैं तब यहां के कर्मचारी अभी कुछ नहीं है और जब किसान खेती के बारे मे अन्य जानकारी चाहता है तो उसे जय मां शारदे किसान केन्द्र शाहगढ़ की दुकान पर जाने को बोल दिया जाता है।

**केन्द्र पर तैनात हैं छः कर्मचारी फिर नहीं मिल रहा किसानों को कृषि का लाभ**

विकास खण्ड शाहगढ़ में स्थित किसान कल्याण केन्द्र पर कुल छः कर्मचारी जिसमें रामफल केन्द्र प्रभारी, एसडीओ अशोक खर्रे, जितेन्द्र, रणबीर, सोमेश अलग अलग पदों पर नियुक्ति है। इस सम्बन्ध में जब केन्द्र प्रभारी रामफल से पूछा गया कि किस लिए केन्द्र बन्द है तो उन्होंने कहा कि हम मुख्यालय पर आये अन्य कर्मचारी बाहर निकलें है हम चा बजे के बाद आयेंगे।

**जिला कृषि अधिकारी बोले**

किसान कल्याण केन्द्र शाहगढ़ पर आये समय ताला बंद होने के बारे में जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्टाप की कमी है जो भी स्टाप है वे पंचायत स्तर के कर्मचारी हैं और वे फार्मर रजिस्ट्री व अन्य कार्य में लगे हैं। जानकारी के अनुसार केन्द्र पर गोदाम प्रभारी नियुक्त होने के बाद भी ताला बंद रहता है।

## सपा विधायक ने पत्रकारों को किया सम्मानित




**बछरावां, रायबरेली**। बछरावां नगर के प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर आज चाय पार्टी के दौरान बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती द्वारा बछरावां प्रेस क्लब बछरावां के पत्रकार साथियों को अध्यक्ष कंचन द्विवेदी के नेतृत्व में माल्यार्पण, अंग वस्त्र व डायरी पेन अर्पित करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक श्याम सुंदर भारती ने बताया कि हमारे पूर्व 2022 के चुनाव में पत्रकार भाइयों ने हमारा सहयोग किया था इसके हम आभारी है सदैव बछरावां के पत्रकारों में सत्य का साथ दिया है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा बछरावां विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गई। बछरावां प्रेस क्लब अध्यक्ष कंचन द्विवेदी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने निष्पक्षता से सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया है। उनकी ईमानदारी कर्मठता से सभी लोग वाकिफ हैं हम सभी साथी लोग उनको आश्वस्त करते हैं की उनका हर मौके पर सहयोग करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता विजय बहादुर एडवोकेट बाबूजी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुराग वर्मा, वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद चैधरी, एडवोकेट हेमंत कुशवाहा, ओम प्रकाश चैधरी, मुस्ताक रायनी व चांद मौजूद रहे।

संक्षेप

## मालगाड़ी से कटकर मजदूर की मौत

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह पत्नी के पैसे छीनकर शराब पीने जा रहा झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूर की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हाईवे पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंगलवार सुबह 8:30 बजे अपनी पत्नी से पैसे छीन कर पर्स छीन कर ले जाता हुआ बेलदार मजदूर शराब पीने के लिए उसके बाद मालगाड़ी से टकराकर काटा मजदूर बताया जाता है। चंद्रपुरी की झुग्गी झोपड़ियां में रहते थे। झांसी के पास गांव के पति पत्नी दोनों मजदूरी करते थे।

## ओवरलोडिंग में 24 डंपर व ट्रैक्टर सीज

**मथुरा।** सुरीर क्षेत्र में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मांट अभिनव जे जैन ने सोमवार रात चैकिंग के दौरान अवैध खनन और ओवरलोडिंग के आरोप में दो दर्जन डंपर व ट्रैक्टर सीज किए हैं। उनकी कार्रवाई से ओवरलोडिंग व अवैध खनन में संलिप्त लोगों में खलबली मच गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मांट अभिनव जे जैन ने ओवरलोडिंग और अवैध खनन के खिलाफ सघन अभियान चला रखा है। आकस्मिक चैकिंग के दौरान वह ऐसे वाहनों को पकड़ कर भारी जुमार्ना करा रहे हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सोमवार रात मांट क्षेत्र में सघन चैकिंग कर अवैध खनन और ओवरलोडिंग के आरोप में 9 डंपर और ईंटों के 15 ट्रैक्टर पकड़ लिए। जिन पर एआरटीओ और खनन अधिकारी से भारी जुमार्ने की कार्रवाई कराई है।

## युवक का मिला शव

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र अंतर्गत अडींग बाईपास से बीतीरात अज्ञात युवक का शव मिला है। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र 25 वर्ष बताई जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि अवस्था में युवक पकड़ा मिला। देखने से लगता है कि अज्ञात रात्रि दो-ढाई बजे के बीच बाई पास पर लहूलुहान वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।

## दुर्घटना में मृत महिला की हुई पहचान

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शहजादपुर के पास कल देर शाम अज्ञात मृत महिला की पहचान हो चुकी है। बताया गया कि रिफाइनरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत वाद गांव की रहने वाली सोनदेई (54) पत्नी चंद्रपाल के बेटे का आगरा के प्राइवेट मानसिक अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां वह बेटे की दवालेकर वापस लौट रही थी। तभी उसे अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## कोच के बाथरूम में मिला महिला रेलकर्मी का शव

**मथुरा।** दिल्ली से आगरा की ओर जाने वाली आंध्रा एक्सप्रेस की जनरल बोगी के बाथरूम में महिला रेलकर्मी का शव मिला है। देर रात इसकी सूचना पर आंध्रा एक्सप्रेस को मथुरा जंक्शन पर रुकवाकर राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा पंचनामा कराया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला के सिर में वजनदार वस्तु से हमलाकर उसकी हत्या की गई है। परिवारीजन उससे लूट भी होना बता रहे हैं। नई दिल्ली से आंध्रा एक्सप्रेस की जनरल बोगी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में राजबाला पत्नी रामदीपा निवासी ग्राम जुआ थाना मोहाना सोनीपत की सिर पर वारकर हत्या कर दी गई और उसकी सोने की चूड़ी व नगदी लूट ली। इसके बाद अज्ञात लोगों ने रेलकोच के बाथरूम में महिला को बंद कर दिया।

# 12 से अधिक पंचायत सचिवों को किया गया पुरस्कृत



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मथुरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों को आज राजीव भवन सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। राजीव भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने कहा कि भारत की खुशहाली का रास्ता ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरता है। मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकता है ग्रामीण इलाकों में राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा ग्राम पंचायतों के समग्र एवं समेकित विकास हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) ह्लहमारी योजना हमारा विकासह्व की प्रक्रिया को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में वर्ष 2015-16 से लागू किया गया है। जनपद मथुरा में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा अपनी तैनाती की ग्राम पंचायतो में समयबद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए (ग्राम पंचायत विकास योजना) कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 तैयार कर विभाग की ई. ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए जाने हेतू उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीमती किरन चैधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर श्रीमती लवी बंसल ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड मथुरा श्रीमती अंशु राठी ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड राया श्रीमती कान्ता सिंह ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड गोवर्धन हरेन्द्र सिंह ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड मथुरा वीरेश शर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड मथुरा वीरेन्द्रपाल ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड मथुरा मोहन श्याम वीडीओविकास खण्ड छाता रामवीर सिंह वीडीओ विकास खण्ड गोवर्धन गुपाल सिंह ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड मथुरा श्रीमती नीलम अग्रवाल ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड गोवर्धन मेम्बर सिंह ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड फरह चोखेलाल उपाध्याय ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड नन्दगांव राहुल कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खंड मांट गोपाल सिंह वीडीओ विकास खंड मथुरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम सुंदर सारस्वत अपर जिला परियोजना प्रबंधक राजेश सोलंकी जिला कंसल्टेंट पवन, शेखर कांत वर्मा, मनोज कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर वोल्वो बस में दूसरी बस ने मारी टक्कर, 25 घायल

**आगरा।** मंगलवार को तड़के तीन बजे यमुना एक्सप्रेस वे पर खंदौली थाना क्षेत्र में एक लग्जरी बस में दूसरी यात्री बस ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में 25 लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया है।

बताया गया है कि यह दुर्घटना थाना खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 160 के पास हुई। सवारियों से भरी वोल्वो बस में पीछे से आ रही दूसरी बस ने टक्कर मारी। तड़के तीन बजे हुए इस हादसे के बाद दोनों बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची खंदौली पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया। घायलों को बसों से निकालकर अस्पतालों में भेजा गया। घायलों को पहले खंदौली और एत्मादपुर के सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें होने पर उन्हें आगरा के लिए रैफर कर दिया गया। हादसा मंगलवार तड़के साढ़े तीन बजे हुआ। दिल्ली से बनारस जा रही वोल्वो बस में पीछे से आ रही एक अनियंत्रित बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बसें क्षत्रिग्रस्त हुई हैं। पुलिस ने गंभीर घायलों को इमरजेंसी भेजा जबकि घायलों की ज्यादा संख्या देख कुछ को नजदीकी खंदौली और एत्मादपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जिनमें कुछ की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगरा इमरजेंसी में रैफर कर दिया गया।

एत्मादपुर सीएचसी पर पहुंचे घायलों में 27 वर्षीय दिल्ली निवासी माधुरी पत्नी सुनील कुमार, 19 वर्षीय मयंक मेहता पुत्र नरेंद्रजीत निवासी भुवनेश्वर, नगीना पत्नी पप्पू निवासी हरदोई, स्वास्तिक पुत्र मनोज कुमार निवासी भुवनेश्वर, पप्पू पुत्र मुदित निवासी कन्नौज, काजल पुत्री अजय कुमार निवासी संतनगर दिल्ली, निशा पुत्री पप्पू व मजूम पुत्र पप्पू निवासी हरदोई हैं। जयमंती पत्नी सत्य प्रकाश व सुनीता पत्नी निपेंद्र निवासी इटावा, कृष पुत्र रमेश निवासी पंजाब को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एसएन इमरजेंसी भेज दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि सभी घायल मरीजों को स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, फार्मासिस्ट इत्यादि की मदद से उपचार कराया गया। एत्मादपुर। यमुना एक्सप्रेस के पर सड़क हादसे की सूचना पर सीएचसी प्रभारी के एक मैसेज पर एंबुलेंस चालक एक्टिव हो गए। घायल सवारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एत्मादपुर लेकर आए।

## रैली निकाल कर नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक




**टूंडला।** राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज प्रभु नगर देव खेड़ा फिरोजाबाद के एक दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों ने अधिग्रहित बस्ती सलेमपुर में नशा मुक्ति अभियान रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया। प्रबंधक भुवनेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। तथा नशा ना करने के लिए स्वयंसेवकों से कहा कि नशा से कितने दुष्परिणाम होते हैं, कि नशा एक जहर है जो जीवन को पूरी तरह वर्बाद कर देता है। प्रधानाचार्य अनीता यादव ने कहा कि नशा एक ऐसा रोग है जो जीवन को बर्बाद कर देता है। नशा समाज के लिए अभिशाप है। नशा से कैंसर जैसी भयंकर बीमारियां होती हैं। कार्यक्रम अधिकारी एडलसिंह ने कहा कि समाज में नशा को बिल्कुल जड़ से उखाड़ देना चाहिए ताकि हम अपने जीवन को सामाजिक जीवन से जोड़ सके। स्वयंसेवकों ने घर घर जाकर तंबाकू का मंजन तथा गुटका न खाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुखबीर सिंह सुरेश कुमार मनोज कुमार ज्योति पचौरी श्याम लता रेनू आदि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा : सुनील जैन



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फीरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के कुशल निदेशक में यातायात सुरक्षा रैली निकाल कर राहगीरो को जागरूक किया। रैली का प्रारंभ विद्यालय के शिक्षक सुरेश पचौरी एवं अमित उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर किया। शिक्षक सुरेश पचौरी ने स्वयंसेवियों को यातायात की शपथ दिलाई।स्वयंसेवक बैनर लगाकर नारो के साथ आगे बढ़े। रैली की यात्रा गांव श्रीनगर तक गई। वहां दो पहिया वाहन चालकों को समझाया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करे। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने कहा कि वाहन चलाते समय किसी प्रकार का नशा न करें। तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। पैदल यात्री जेब्रा लाइन का इस्तेमाल करके ही रोड क्रॉस करें। यदि सभी लोग मिलकर एकजुट होकर प्रण करके यातायात नियमों का पालन करेंगे और अपना पूर्ण सहयोग करेंगे तो हम सब मिलकर जल्द ही सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने में सफल हो सकेंगे। सभी वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझे। इस अवसर पर आलोक उपाध्याय, शीरध्वज शर्मा, कौशल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र सिंह दिनेश राय, हेमलता पाल, रिचा गुप्ता, पंकज शर्मा, ऋषि शर्मा, हिमांशु भारद्वाज, आदि उपस्थित रहे।

## हेमू कालानी की शहादत सदियों तक रहेगी याद



- देश भक्ति के प्रेरणा स्रोत को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन और फलों का वितरण किया

**आगरा।** भारतीय सिन्धु सभा ने मंगलवार को दरेसी स्थित होटल लाल्स इन पर अमर शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व को याद किया। संगोष्ठी की शुरूआत हेमू कालानी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। सभी मौजूद लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने के लिए जिन वीर सपूतों ने अपना बलिदान दिया, उनमें क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी भी थे, जो मात्र 19 वर्ष की उम्र में शहीद हो गये थे। हेमू कालाणी (23 मार्च,1923-21 जनवरी,1943) सिंध के सक्खर (अब पाकिस्तान में) जन्मे थे। पेसूमल कालाणी एवं जेठी बाई के पुत्र हेमू बचपन से ही साहसी थे। स्कूल जाने के साथ ही वह क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय हो गए थे।

इस मौके पर भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम दास देवनानी ने कहा, यह भी एक अजीब संयोग ही कहा जाएगा कि हेमू कालानी की जन्मतिथि एवं अमर शहीद श्री भगतसिंह जी की पुण्यतिथि एक ही है, अर्थात 23 मार्च। कालानी की शहादत ने युवाओं में आजादी के विचार व देशप्रेम की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान की। कालानी की शहादत से आजादी की भावना को बल मिला। उनके बलिदान ने समूचे सिंध में युवाओं में एक नए जोश का सूत्रपात किया। वहीं प्रदेश महामंत्री चंद्र प्रकाश सोनी ने कहा, आजादी के मतवाले अमर शहीद हेमू कालाणी को श्रद्धांजलि प्रदान करने के उद्देश्य से हेमू कालाणी जी की माताजी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के सेनानियों द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया था। 14 अक्टूबर 1983 को भारतीय डाक व तार विभाग द्वारा अमर शहीद श्री हेमू कालाणी की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया गया था एवं भारत के संसद भवन में 21 अगस्त 2003 को हेमू कालाणी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस प्रतिमा का लोकार्पण तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जी द्वारा किया गया था। साथ ही, देश के कई भागों में अमर शहीद हेमू कालाणी के नाम पर कई मार्गों का नामकरण किया गया है। संगोष्ठी में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## सीडीओ ने की राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रौहन वैश्य की अध्यक्षता में विकास भवन कक्ष में 25 जनवरी 2025 को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को ह्यह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्यह्य मतदाता थीम पर आयोजन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में शासन के निदेशी के तहत बताया गया कि प्रत्येक बूथ पर विभिन्न स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने वाले मतदाताओ को शपथ दिलायी जायेगी। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों ट्रांसजेण्डर अन्य वर्गो के मतदाताओं को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने हेतु कॉलेजों महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल कॉलेजों में प्रभातफेरी स्लोगन, राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता ऑनलाइन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। साथ ही साथ उन्होने कहा कि 25 जनवरी 2025 को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नये मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही साथ आयोग द्वारा तैयार की गयी ई0वी0एम0, वी0पी0पैट तथा पंजीकरण समावेशन इत्यादि से सम्बन्धित फिल्म को आयोजित समारोह में दिखाया जायेगा। साथ ही साथ प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य करने वाले बी0एल0ओ0 को जनपद स्तर पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सहभागिता हेतु जागरूकता लाने के लिये आशा स्वंय सहायता समूह की महिलाओं आदि की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशुराजा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डे, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक राजेन्द्र कुमार एंव नरसिंह आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बुजुर्गो और बच्चो को दी व्हीलचेयर हाथ की छड़ी और नी-केप

**आगरा।** ताजगंज 500 मीटर बाजार संगठन एवं हेल्प एज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बुजुर्गो और बच्चो को व्हीलचेयर, हाथ की छड़ी, नी-केप आदि दिव्यांगों के सहायक उपकरणों का वितरण ताजगंज स्थित पुरानी मंडी मेट्रो स्टेशन



चौराहा पर किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट संजीव त्यागी, सहायक पुलिस आयुक्त ताज सुरक्षा सैयद अरिब अहमद और पूर्व विधायक गुटियारी लाल दुवेश ने दीप प्रवज्जलित कर किया। संस्थापक चेतन अरोरा ने बताया कि पिछले तीन माह से चिन्हित करीब सौ दिव्यांगों को व्हीलचेयर, हाथ की छड़ी, नी-केप का वितरण किया गया है। व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियो से ताजगंज थाने की भी कायाकल्प करने की अपील की ताकि पर्यटकों यहाँ के थाने की सुन्दर फोटो अपने कमरे में कैद कर ले जा सके। अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने बताया कि युवा गीतकार मन शुक्ला ने ताजगंज को व्यापारियों व प्रसाशन के साथ तालमेल बना कर स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए बनाया गीत भी गा कर सुनाया। संचालन रविंद्र वर्मा एवं अमित शिवहरे ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ब्रजमोहन अरोरा, डीजीसी क्राइम बंसत गुप्ता, गुरलीन कौर, अतुल तिवारी, संदीप अरोरा, ब्रह्मदत्त शर्मा, राहुल शिवहरे, मयंक अग्रवाल, रामचरण पोरवाल, रविकांत दुवेश, गोविन्द वर्मा, शिव नाथ जादौन, नरेश सहगल, शिवम्शर्मा, प्रदीप राठौर, राजेश गुप्ता, सुमाइल खान, अली हुसैन, राहुल शिवहरे, अली हुसैन, महेश राजपूत, आसिफ, आरिफ आरिफ तैमूरी, अंजुम, पवन, देवेंद्र बघेल, महंत पिंटू मिश्रा, रघुनाथ, इराशाद, अनुपम जैन, सुनील, आसिफ आदि मौजूद रहे।

## संस्कृति विवि, नेहरू युवा केंद्र ने निकाली यातायात जागरूकता रैली



**मथुरा।** संस्कृति विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई (एनएसएस) ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के साथ मिलकर मथुरा शरह में यातायात सुरक्षा हेतु जनजागरण रैली का आयोजन किया। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार इस रैली के माध्यम से यातायात संबंधी नियमों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य के अतिरक्त यह भी बताना था कि यातायात के नियमों के उल्लंघन के क्या परिणाम हो सकते हैं। यह जागरूकता रैली मथुरा शहर के भूतेश्वर तिराहे से शुरू होकर गोवर्धन चौराहे पर विसर्जित हुई। यातायात पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ और उनके सहयोग से संस्कृति विवि के विद्यार्थियों और नेहरू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारे और बैनरों के साथ लोगों को यातायात नियमों के उल्लंघन के गंभीर परिणामों से लोगों को अवगत कराया। रैली में चल रहे युवाओं ने लोगों को दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेल्मेट और चार पहिया वाहन चालकों और सवारियों के लिए सीट बेल्ट लगाने की जरूरत को विस्तार से बताया। रैली में चल रहे विद्यार्थियों ने बताया कि यातायात विभाग के द्वारा मार्गों पर बने हुए चिह्नों का क्या महत्व है और उनके अनुसार वाहन चलाने के क्या-क्या फायदे हैं। रैली के साथ चल रहे यातायात पुलिस कर्मियों ने बताया नियमों का उल्लंघन करने पर कैसे चालान काटे जाते हैं। रैली भूतेश्वर तिराहे और गोवर्धन चौराहे के मध्य कृष्णानगर होकर गुजरी। संस्कृति विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना के सह समन्वयक डा. केके पाराशर की देखरेख और मार्ग निर्देशन में इस रैली का आयोजन किया गया। रैली को सफल बनाने में रमन चतुवेर्दी, विष्णु चैधरी, भानु सैनी, धर्मेंद्र कुमार, डा. नीलम ने भरपूर सहयोग दिया।

## डीएम ने किया गोवर्धन दानघाटी मंदिर के आसपास का निरीक्षण

- वृहद गौशाला पैंठा सहित रैन बसेरों का किया निरीक्षण

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील गोवर्धन स्थित विश्व प्रसिद्ध गिर्राज जी महाराज मंदिर के आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। उत्कृष्ट साफ सफाई व्यवस्था, ट्रांसफार्मर के चारों ओर जाली, रेडी पट्टी वालों को व्यवस्थित करने आदि के निर्देश दिए। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी ने वृहद गौशाला पैंठा का निरीक्षण रात्रि 8:00 बजे किया। उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देश कि प्रतिदिन 2 बार गौशाला में गोबर की सफाई कराई जाए। नियमित रूप से प्रतिदिन चिकित्सक गौशाला आए और पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करे। उन्होंने हरा चारा व भूसा के भंडार को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि ठंड के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। सम्पूर्ण गौशाला में उत्कृष्ट साफ सफाई होनी चाहिए। जो भी गोबर इधर उधर पड़ा हुआ है, उसके लिए एक बड़ा गड्ढा बनवाकर उसमें गोबर डाला जाए। लोगों से आधिकाधिक भूसा दान में लिया जाए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने रात्रि 8:30 बजे गोवर्धन बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं, जन सामान्य, यात्रियों आदि से वार्ता की। रैन बसेरे की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रैन बसेरे में चारपाई/ फोल्डिंग बेड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने 2 फायर सिलेंडर लगवाने के निर्देश दिए। रजाई, गद्दे, अलाव, महिलाओं हेतु की गई व्यवस्थाओं आदि का जायजा किया। उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने शौचालय का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने रैन बसेरे को और बड़ा करने के निर्देश दिए।

## ओवरलोडिंग डंपरों का सिलसिला जारी



**टूंडला।** मुख्यमंत्री के आदेश हवा हवाई कर नगर के सुभाष चौराहा पर से गुजरने वाले ओवरलोड डंपरों का सिलसिला लगातार जारी है, प्रदेश की योगी सरकार ने ओवरलोड मालवाहक वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए है मगर आगरा से टूंडला सुभाष चौराहा से होकर एटा के लिए जाने वाले गिट्टी बालू के दर्जनों ओवरलोड डंपर लगातार बेखौफ धड़ल्ले से गुजर रहे है। इन ओवरलोड डंपरों में बॉडी लेवल से 1से 2 फुट ऊपर गिट्टी रेत बालू भरकर ले जाया जा रहा है। इन ओवरलोड डंपरों से आए दिन सड़क हादसे भी होते रहते है मगर फिर भी इस पर परिवहन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विभाग कानों में रुई डाले चैन की नींद सो रहा है। लगता है कि परिवहन विभाग किसी बड़ी अनहोनी घटना के इंतजार में हैं। वहीं सुभाष चौराहा एटा रोड पर इन डंपरो की वजह से जाम लग जाता है, इन डंपरों में कानफोड़ू प्रेसर हॉर्न लगे हैं जो लोगों के कान फोड़ राहगीरों को विचलित कर रहे हैं जिस कारण कई बार छोटे वाहन चालकों का ध्यान भटक जाता हैं और वे सड़क हादसे का शिकार हो जाते हैं। आखिर परिवहन विभाग अपनी कुंभकर्णी नींद से जाग कर कब इन पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करेगा यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है। क्योंकि परिवहन विभाग द्वारा यहां मुख्यमंत्री के आदेश भी हवा हवाई किए जा रहे हैं।

## सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को लेकर डीएम ने की बैठक

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के संबंध में बैठक हुई संपन्न। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल कुमार, एल.डी.एम सहित जनपद में समस्त बैंको के डीसी व मुख्य बैंको के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत 250 युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिन्हें दिनांक 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर ऋण प्रादन किया जाएगा। उक्त के दृष्टगत बैंको के साथ बैठक की जा रही है कि सभी आवेदनों पर नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त शाखा प्रबंधक अपने-अपने बैंको में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत ऋण हेतु लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराए और युवाओं को स्व-रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी शाखा प्रबंधक आवेदनों को ससमय जांचे तथा भौतिक निरीक्षण कर अधिकाधिक ऋण के आवेदकों को नियमानुसार निस्तारित कराए। इस कार्य में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रो० एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, निदेशक आरसेटी, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, नोडल उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश अपने-अपने विभागों के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराए।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर विराजेंगी स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भाागवत

- त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये-लक्ष्मीनारायणन



**मथुरा।** आनन्दकन्द लीलापुरूषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की पुण्य जन्मभूमि पर ताम्रपत्र पर अंकित स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी की स्थापना माघ कृष्ण एकादशी तद्नुसार 25 जनवरी को प्रातःकालीन बेला में की जायेगी। इस संबंध में जानकरी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त आईएएस डा. सुब्रह्मण्यम लक्ष्मीनारायण- एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायणन ने अपनी जीवनभर की जमापूँजी से स्वर्ण मण्डित श्रीमद्भागवत जी की स्थापना का जो संकल्प लिया था वह 25 जनवरी को श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर साकार होगा।

संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने आगे बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पवित्र परिसर में स्थापित श्रीभागवत-भवन में महर्षि वेदव्यास जी की प्रतिमा के सन्मुख ऐसी स्वर्ण मण्डित श्रीमद्भागवत जी को शास्त्रीय मयार्दाओं एवं विधि के अनुसार स्थापित किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि सन्त, शास्त्रीय मतानुसार भगवान श्रीकृष्ण के वांग्मय स्वरूप श्रीमद्भागवत जी का श्रवण, वाचन, दर्शन, चिन्तन, मनन एवं परायण आदि सभी मनोरथ अक्षुण्ण पुण्यप्रद है। इसी भाव से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पवित्र परिसर में श्रीभागवत भवन की स्थापना की गयी। वर्ष 1982 में श्रीभागवत-भवन की प्राण-प्रतिष्ठा के समय ताम्रपत्र पर अंकित संपूर्ण श्रीमद्भागवत जी, श्रीभागवत-भवन के उत्तरी दीवार पर स्थापित की गयीं थी। आज भागवत भवन में लगभग 42 वर्ष के उपरान्त स्वर्ण मण्डित श्रीमदभागवत जी की स्थापना निश्चित ही श्रद्धालुओं को दिव्य आनन्द और पुण्य की प्राप्ति करायेंगी।

संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने आगे बताया कि स्वर्ण श्रीमद्भागवत जी की स्थापना से पूर्व 24 जनवरी को परम पुनीत विश्राम घाट पर श्रीयमुनाजी श्रीभागवतजी का पूजन होगा। पूजन के उपरान्त मंगल ध्वनि एवं मंत्रोच्चारण के मय शोभायात्रा प्रारम्भ होगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीकेशवदेवजी, श्रीगणेश जी एवं महर्षि वेदव्यासजी की झॉंकियों के साथ-साथ 1008 सनातनी महिलाऐं मंगल कलश लेकर श्रीमद्भागवत की अगुवाई करेंगी। 108 साधु-सन्त उद्दाम संकीर्तन के साथ इस शोभायात्रा की शोभा में वृद्धि करेंगे। दोपहर लगभग 1:00 बजे श्रीमद्भागवत जी के शोभायात्रा विश्राम घाट से प्रारम्भ होगी और लगभग 3:00 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पवित्र परिसर में पधारेंगी।

संक्षेप

## एनएचसी फूड्स ने की शुद्ध लाभ में 384 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

मुंबई। एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का पीएटी 384 प्रतिशत बढ़कर 208.33 लाख रुपए दर्ज किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 43.03 लाख रुपए था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन से आय 58 प्रतिशत बढ़कर 7352.97 लाख रुपए हुई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के में 4649.69 लाख रुपए थी।तिमाही और नौ महीने की अवधि के दौरान एनएचसी फूड्स का प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद मजबूत टॉपलाइन और बॉटमलाइन विकास हासिल करने की असाधारण क्षमता को दशार्ता है। उत्पाद और बाजार विस्तार पर कंपनी का ध्यान वास्तव में उत्पादन, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास में रणनीतिक निवेश की ओर केंद्रित है।

## फ्लिपकार्ट और एपीएफबीसी ने किया वर्कशॉप का आयोजन

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने असम प्रोजेक्ट ऑन फॉरेस्ट्स एंड बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन के साथ मिलकर एक ओरिएंटेशन एवं ऑनबोर्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप का लक्ष्य एपीएफबीसी द्वारा बनाए गए क्लस्टर लेवल फेडरेशन एवं स्वयं सहायता समूहों को फ्लिपकार्ट समर्थ प्रोग्राम के बारे में महत्वपूर्ण इनसाइट्स एवं जानकारियां प्रदान करते हुए सशक्त करना, इस प्रोग्राम से उद्यमियों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करना, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का लाभ उठाने में सक्षम बनाना और देशव्यापी बाजार तक पहुंच प्रदान करना है। एपीएफबीसी को समर्थ पार्टनर के रूप में जोड़ा जाएगा, जिससे उत्पादों की बिक्री करते हुए इससे संबद्ध स्वयं सहायता समूहों और सीएलएफ के लिए आजीविका के अवसर सृजित होंगे।

## कोका-कोला का उद्देश्य महाकुंभ को यादगार बनाना

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया महाकुंभ 2025 के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। यह विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है, और कंपनी इसे हाइड्रेशन, उपभोक्ता सुविधा, और स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसरों के माध्यम से बेहतर बनाने का लक्ष्य रखती है। कोका-कोला इंडिया का उद्देश्य करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए इस आयोजन को यादगार बनाना है, साथ ही सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव भी उत्पन्न करना। महाकुंभ क्षेत्र में मजबूत रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के माध्यम से, कोका-कोला इंडिया और एसएलएमजी बेवरेजेज यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनके विविध पेय पोर्टफोलियो तक उपभोक्ताओं की पहुंच आसानी से हो।

## इंडिया असिस्ट की यूपी सरकार से साझेदारी

नई दिल्ली। इंडिया असिस्ट ने महाकुम्भ 2025 के दौरान और इसके बाद भी लाखों यात्रियों को यात्रा का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी की है इस साझेदारी के तहत इंडिया असिस्ट प्रयागराज में महाकुम्भ क्षेत्र में टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर (पर्यटन जानकारी केन्द्र) संचालित कर रहा है, साथ ही इस तरह के टूरिस्ट इन्फोर्मेशन सेंटर रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे पर भी स्थापित किए गए हैं ह्यह्यभारत विभिन्न अनुभवों और संस्कृति के खजाने का देश है और महाकुम्भ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का अविश्वसनीय संगम है। इस साझेदारी के माध्यम से हम चाहते हैं कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालु आत्मविश्वास के साथ मेले का सहज अनुभव पा सकें।

## बीओबी ने झारखंड में खोली 5 महिला शाखाएं

झारखंड। देश में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज ओडिशा और झारखंड राज्यों में महिलाओं द्वारा, महिलाओं के लिए के ध्येय के तहत पांच महिला बैंक शाखाएं शुरू करने की घोषणा की। पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित इन शाखाओं को बैंक की महिला कर्मचारियों और महिला ग्राहकों के साथ-साथ आम ग्राहकों के लिए एक सहयोगी और सशक्त परिवेश बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

# सेंसेक्स में 1235 अंकों की गिरावट




मुंबई। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के साथ ही दुनिया में व्यापार युद्ध गहराने की आशंका और विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को धड़ाम हो गए। व्यापक बिकवाली से सेंसेक्स 1,235 अंकों का गोता लगाते हुए सात महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। इस चौतरफा बिकवाली के बीच निवेशकों ने एक ही दिन में सात लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी गंवा दी।

विश्लेषकों ने कहा कि ट्रंप के फैसलों को लेकर व्यापार जगत में व्याप्त आशंकाएं उनके शपथ लेने के साथ ही गहराने लगी हैं। इसके साथ दिग्गज कंपनियों आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली से भी धारणा प्रभावित हुई। बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,235.08 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 75,838.36 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,431.57 अंक फिसलकर 75,641.87 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ। यह छह जून, 2024 के बाद का सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 367.9 अंक गिरकर 22,976.85 पर आ गया था। बड़े पैमाने पर बिकवाली होने से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 7,52,520.34 करोड़ रुपये घटकर 4,24,07,205.81 करोड़ रुपये (4.90 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। अस्थिरता हावी होने के बीच घरेलू बाजारों में काफी गिरावट देखी गई। ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण के ही दिन पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा कर दी जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई। तीसरी तिमाही के नतीजों में कमजोरी के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट की वजह से भी संस्थागत विदेशी निवेशक अधिक निकासी कर सकते हैं। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो के शेयरों में सर्वाधिक 10.92 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई। कमजोर तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के निवेशकों ने बिकवाली का रुख किया। इसके अलावा एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक में दो प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.94 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई।

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान




नयी दिल्ली। डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

डेलॉयट इंडिया ने अपनी आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में मंगलवार को कहा कि देश को वैश्विक अनिश्चितताओं से अलग हटकर अपनी घरेलू क्षमता का उपयोग करने की जरूरत है। साथ ही भारत को उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप ढलना होगा और सतत वृद्धि के लिए अपनी घरेलू क्षमताओं का इस्तेमाल करना होगा। वैश्विक तथा घरेलू चुनौतियों के बावजूद, भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में आगे बढ़ रहा है। यह उच्च मूल्य वाले विनिर्माण निर्यातों में बढ़ती हिस्सेदारी से स्पष्ट है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक व मशीनरी एवं उपकरणों के क्षेत्र में। डेलॉयट इंडिया ने अपने नवीनतम आर्थिक परिदृश्य में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने वार्षिक जीडीपी वृद्धि अनुमान को संशोधित कर 6.5 से 6.8 प्रतिशत कर दिया है, जबकि अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इसे 6.7 से 7.3 प्रतिशत पर रखा है। डेलॉयट इंडिया ने अक्टूबर में अपनी आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर 7 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। पहली तिमाही में चुनाव संबंधी अनिश्चितताओं तथा उसके बाद की तिमाही में मौसम संबंधी व्यवधानों के कारण निर्माण तथा विनिर्माण में मामूली गतिविधि से सकल स्थिर पूंजी निर्माण अपेक्षा से कमजोर रहा। पहली छमाही में सरकार का पूंजीगत व्यय वार्षिक लक्ष्य का मात्र 37.3 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 49 प्रतिशत से काफी कम है तथा इसमें अपेक्षित गति प्राप्त करने में देरी हो रही है। डेलॉयट ने अपनी रिपोर्ट में कहा, सरकार खुदरा निवेशकों के बढ़ते महत्व को स्वीकार करती है और आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 में उनकी भागीदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। इन उपायों में निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाना, घरेलू बचत को बाजार की अस्थिरता से बचाने के लिए सुरक्षा तंत्र को बढ़ाना और अभियानों तथा प्रोत्साहनों के जरिये वित्तीय समझ को बढ़ावा देना शामिल हो सकता है।

## आईपीओ शेयरों के सूचीबद्ध होने से पहले उनमें कारोबार शुरू करने की सेबी की योजना: बुच

मुंबई। बाजार नियामक सेबी एक ऐसी प्रणाली शुरू करने पर विचार कर रहा है, जहां निवेशक आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में शेयर आवंटित होते ही उन्हें बेच सकते हैं। सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अनाधिकृत बाजार की गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने यह घोषणा भी की कि दो शीर्ष प्रॉक्सी सलाहकार फर्म एक पोर्टल शुरू करने वाली हैं।

जो संबंधित पार्टी लेनदेन के लिए भंडार की तरह काम करेगा और हितधारकों के लिए कंपनी में संचालन मानकों का आकलन करने में उपयोगी होगा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कई आईपीओ में बहुत अधिक अभिदान देखा गया है और कई बार शेयरों के सूचीबद्ध होने के दिन निवेशकों को भारी लाभ हुआ है। ऐसे में अनाधिकृत बाजार की गतिविधियां भी बढ़ी हैं, जहां आवंटन की स्थिति में पहले से तय शर्तों के आधार पर शेयरों को बेचा जा सकता है। हमें लगता है कि अगर निवेशक ऐसा करना चाहते हैं, तो उन्हें उचित विनियमित तरीके से यह अवसर क्यों नहीं दिया जाए? उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि विचार यह है कि जो भी अनाधिकृत बाजार चल रहा है, हमें लगता है कि वह उपयुक्त नहीं है। अगर आपको आवंटन मिला है।

## रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ बंद



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती लाभ गंवाते हुए 14 पैसे की गिरावट के साथ 86.59 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक और घरेलू स्तर पर अधिक आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए रुपये में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.28 पर सकारात्मक रुख के साथ खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.28 के उच्च तथा 86.59 के निचले स्तर पर पहुंचा। अंत में यह 86.59 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.45 के पिछले बंद स्तर से 14 पैसे की गिरावट है। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख तथा कच्चे तेल की कीमतों में रात भर की गिरावट के कारण भारतीय रुपया बढ़त के साथ खुला। हालांकि, घरेलू बाजारों में गिरावट के कारण घरेलू मुद्रा ने शुरुआती बढ़त खो दी। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार ने भी रुपये पर दबाव डाला। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक फरवरी तक कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने को लेकर चेतावनी के बाद अमेरिकी डॉलर में सुधार हुआ है। हमें अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कमजोर घरेलू बाजारों के कारण रुपया के कमजोर बने रहने की आशंका है। डॉलर के लिए आयातक मांग से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट से रुपये को निचले स्तरों पर समर्थन मिल सकता है। अमेरिकी सरकार के रुख के बीच बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.66 पर रहा।

## ट्रंप ने दी ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से चेतावनी दी कि अगर ब्रिक्स समूह के देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अमेरिकी डॉलर की जगह किसी दूसरी मुद्रा को लाने के लिए कोई कदम उठाते हैं तो वह उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।

ब्रिक्स देशों में भारत भी शामिल है। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं तो ठीक है, लेकिन हम उनके अमेरिका के साथ व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर ये देश वैश्विक व्यापार में डॉलर के इस्तेमाल को कम करने के बारे में सोचते भी हैं तो उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाया जा सकता है। ब्रिक्स दस देशों - रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात - का एक अंतर-सरकारी संगठन है। दिसंबर में भी ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को इस तरह के कदम के खिलाफ चेतावनी दी थी। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था, हमें इन देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। वर्ना उन्हें 100 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा।

# भारतीय खाद्य पदार्थों के लिए अपार संभावनाएं: चिराग पासवान



दावोस। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर ले जाने की वकालत करते हुए कहा कि भारतीय प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के लिए यहां पहुंचे पासवान ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें आवंटित खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है। पासवान ने सोमवार शाम दावोस पहुंचने के बाद कहा, हमारा मकसद किसानों की अधिक मदद करना और साथ ही देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हमारे किसानों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए पासवान ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मंत्री ने कहा, हमारे किसानों को पहले फसल कटाई के बाद कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमने इसके लिए कई नए कार्यक्रम देखे हैं। इनसे न केवल किसानों को फसल कटाई के बाद मदद मिली है, बल्कि इन्होंने क्षेत्र में बड़ी संख्या में उद्यमियों को तैयार करने में भी योगदान दिया। मैं ग्रामीण क्षेत्र की बात कर रहा हूं, सिर्फ बड़े या मझोले श्रेणी के शहरों की नहीं। मेरा मानना है कि हमारे खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास की अपार संभावनाएं हैं। विश्व आर्थिक मंच की पांच दिवसीय वार्षिक बैठक 24 जनवरी को संपन्न होगी। इस दौरान पासवान यहां कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय व्यंजनों को विश्व स्तर पर किस तरह पसंद किया जाता है, यह सभी जानते हैं। मंत्री ने कहा कि सदियों से भारतीय मसाले हर जगह प्रसिद्ध हैं। हमारे देश में उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक इसकी कई किस्में हैं। ये सभी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, वैश्विक स्तर पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। यदि हम पिछले एक दशक के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात 13-14 प्रतिशत से बढ़कर 23-24 प्रतिशत हो गया है। पासवान ने कहा, इससे पता चलता है कि वैश्विक बाजार में इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। मैं इसी दिशा में काम कर रहा हूं, ताकि भारतीय ब्रांडों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले।

# भारतीय प्रतिभाएं हर जगह अपना लोहा मनवा रही हैं



दावोस। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि भारतीय कामगार नेतृत्व की भूमिका सहित हर जगह अपनी क्षमता साबित करते हैं और सफलता की यह कहानी वैश्विक मंच पर और आगे बढ़ेगी। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर इस स्की रिसॉर्ट शहर में पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में मंत्री ने कहा कि पूरा विश्व देख रहा है कि भारत कौशल विकास तथा शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह काम कर रहा है।

उन्होंने विश्व के समक्ष भारत की विकास गाथा पर और अधिक जोर दिए जाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच की बैठक एक बहुत बड़ा कार्यक्रम है। इसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े लोग, विभिन्न देशों के नेता, सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठन और कॉरपोरेट घरानों के लोग शामिल होते हैं। चौधरी ने दावोस पहुंचने के तुरंत बाद कहा कि जो लोग अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर काम कर रहे हैं और जो लोग नए विचारों पर काम कर रहे हैं, वे सभी यहां आते हैं। एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल बहुत उम्मीदों के साथ यहां आया है और मुझे यहां भारत का प्रतिनिधि बनने का शानदार अवसर मिला है। भारत में कौशल विकास तथा हमारे युवाओं के विकास के लिए जो काम किया जा रहा है, वह जमीनी स्तर पर दिख रहा है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत कौशल विकास के क्षेत्र में बहुत गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कामगार जहां भी काम करने जाते हैं, अपनी क्षमता साबित करते हैं और शीर्ष नेतृत्व की भूमिकाओं सहित अपना सही स्थान हासिल करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम उन कहानियों को साझा करने के लिए दावोस आए हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भारत को और अधिक निवेश मिलेगा तथा जो कंपनियां अभी तक भारत में मौजूद नहीं हैं, वे भी वहां आएंगी। विश्व आर्थिक मंच की पांच दिवसीय वार्षिक बैठक 24 जनवरी को संपन्न होगी। इस दौरान चौधरी कई देशों के नेताओं के साथ-साथ यहां आने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें करेंगे। वह कुशल कार्यबल को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा सतत विकास को आगे बढ़ाने के भारत के दृष्टिकोण को साझा करेंगे।

पेज एक का शेष

## तुर्किये के

आग को तेजी से फैलने में मदद की होगी। कार्तलकाया, इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पर्वतीय क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है। तुर्किये में स्कूलों की छुट्टियां चल रही हैं और इस दौरान क्षेत्र के होटल आम तौर पर भरे हुए रहते हैं। आयदीन के कार्यालय ने कहा कि दकमल के 30 ट्रक और 28 एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया। एहतियात के तौर पर रिजॉर्ट के अन्य होटलों को खाली करा लिया गया है।

## ट्रंप के 80

शरणार्थियों को नागरिकता देने की नीतियों में बदलाव से जुड़े कार्यकारी आदेशों के अलावा ट्रंप का एक अहम आदेश जन्म से मिलने वाली नागरिकता खत्म करने से जुड़ा है। इसके तहत अब अवैध शरणार्थियों के बच्चों को अमेरिका में जन्म होने के बावजूद अमेरिकी नागरिकता नहीं मिल पाएगी। बच्चों के माता-पिता में कम से कम एक का अमेरिकी नागरिक या रहवासी होना जरूरी है। डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको की खाड़ी और अलास्का के माउंट डेनाली का नाम बदलने का कार्यकारी आदेश जारी किया। ट्रंप ने बताया कि वह मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने हवाई में पहाड़ी चोटी का नाम बदलकर माउंट मैकिनली करने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति विलियम मैकिनली ने टैरिफ और प्रतिभा के जरिए अमेरिका को अमीर बनाया था। ऐसे समय जब चीन खुले तौर पर दुनिया को प्रदूषित कर रहा है, तब अमेरिका प्रदूषण कम करने के नाम पर ई-वाहनों को लाकर अपने उद्योगों को बर्बाद नहीं करेगा। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश के तहत अब संघीय सरकार (राष्ट्रपति के अंतर्गत आने वाले प्रशासन) के कर्मचारियों को वगीर्कृत किया जाएगा। इससे उन्हें निकालने में आसानी होगी, जिससे सरकार अपने आकार को छोटा करेगी और गैर-जरूरी खर्चों में भी कटौती करेगी। ट्रंप ने कार्यकारी आदेश जारी कर अमेरिका में संघीय सरकार के संचार, नीतियों और फॉर्म्स से 'लिंग विचारधारा मार्गदर्शन' को हटा दिया है। इस आदेश के तहत अब यह आधिकारिक नीति होगी कि अमेरिका में सिर्फ दो ही लिंग हैं- पुरुष और महिला।

## आरजी कर मामला

दायर करने के लिए अदालत की अनुमति प्राप्त कर ली है। उच्च न्यायालय के सूत्रों ने कहा कि अगर अपील दायर करने की प्रक्रिया मंगलवार तक पूरी हो जाती है तो मामले से संबंधित न्यायिक प्रक्रिया इसी सप्ताह शुरू हो सकती है। सियालदह अदालत ने रॉय को राज्य द्वारा संचालित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के साथ दुष्कर्म करने और उसकी हत्या का दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने मृत्युदंड की मांग को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह दुर्लभतम अपराध नहीं है। अदालत ने रॉय को 50 हजार रुपये का जुर्माना भरने का भी आदेश दिया और राज्य सरकार को मृत चिकित्सक के परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति दास ने मामले में एकमात्र दोषी रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने अपने आदेश में यह भी कहा कि हमारा कर्तव्य क्रूरता का बदला क्रूरता से लेना नहीं है, बल्कि ज्ञान, करुणा और न्याय की गहरी समझ के माध्यम से मानवता को ऊपर उठाना है...। सियालदह अदालत के फैसले पर असंतोष व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा था कि अगर इस मामले को कोलकाता पुलिस ने संभाला होता तो दोषी के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित हो जाता। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम सभी ने मौत की सजा की अपील की थी, लेकिन अदालत ने मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा दी है... मामला हमसे जबरन छीन लिया गया। अगर यह कोलकाता पुलिस के पास होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले। सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने हैंडल में अधिक आलोचनात्मक टिप्पणी करते हुए बनर्जी ने बताया कि राज्य सरकार सियालदह अदालत के फैसले को चुनौती देगी और कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

## यूपी के

वहीं लोक सेवा आयोग ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर समकक्ष योग्यता को परिभाषित करने की मांग की थी। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से उप्र अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा छठवें संशोधन नियमावली व उप्र विशेष अधीनस्थ शैक्षणिक (प्रवक्ता संवर्ग) सेवा दूसरे संसोधन नियमावली 2024 के प्रख्यापन का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा था। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति दे दी है।

इस नियमावली संशोधन के अनुसार विवाद को देखते हुए विभाग ने इन दोनों पदों की योग्यता में से समकक्ष शब्द को हटाकर, संबंधित विषय में स्नातक/परास्नातक व नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड की डिग्री तय कर दिया है। वहीं इस नियमावली में संशोधन के साथ ही लगभग 10 हजार पदों पर शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। विभाग की ओर से जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए अब लोक सेवा आयोग को संशोधित अधियाचन भेजा जाएगा।

## छत्तीसगढ़:

और उड़ीसा से विशेष अभियान दल (एसओजी) के सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल इस अभियान में शामिल है। अधिकारी ने बताया कि उड़ीसा के नुआपाड़ा जिले की सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के कुल्हाड़ीघाट रिजर्व वन में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर 19 जनवरी की रात को अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार को अभियान के दौरान दो महिला नक्सलियों को मार गिराया गया और मुठभेड़ स्थल से एक सेल्फ-लोडिंग राइफल सहित बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और बारूदी सुरंग बरामद किए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार (केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार) के तहत छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से मार्च 2026 तक इस खतरे से मुक्ति पा लेगा।

## सैफ को

रात 12वीं मंजिल स्थित घर में 54 वर्षीय खान पर एक घुसपैठिए ने चाकू से हमला किया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई और चिकित्सकों ने उनकी रीढ़ में फंसा चाकू का टुकड़ा सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया था। अस्पताल में रहने के दौरान खान को न्यूरोसर्जरी और प्लास्टिक सर्जरी जैसी दो महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा। पुलिस ने रविवार को अभिनेता पर हमले के आरोप में ठाणे से बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) को गिरफ्तार किया था।

## सीएम धामी ने

रुड़की नगर निगम की भाजपा प्रत्याशी अनीता अग्रवाल के पक्ष में आयोजित रोड-शो का नेतृत्व किया। रोड-शो शिव चौक से शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक पर समाप्त हुआ। धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों के हितार्थ विद्युत व्यवस्था, पेयजल, सड़कें, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया है, जिसके परिणामस्वरूप राज्यवासियों को बेहतर जीवन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों के हितार्थ उन्होंने देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून बनाया है, जिसके फलस्वरूप अब पारदर्शिता के साथ सरकारी भर्तियां हो रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य की डेमोग्राफी बदलने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की है। राज्य में शीघ्र ही सख्त भूकानून लागू किया जाएगा।

## शामली : एसटीएफ

अरशद ने गिरोह की कमान संभाल ली। एसटीएफ के मुताबिक हरियाणा के शूटर मनजीत दहिया को साथ मिलाकर अरशद ने गैंग को पुनर्जीवित किया और हत्या, लूट समेत विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया। एसटीएफ के अनुसार सहारनपुर जिले के गंगोह थाना क्षेत्र के बाढ़ी माजरा निवासी अरशद के खिलाफ कुल 21 मामले दर्ज हैं। सोनीपत निवासी मनजीत उर्फ ढिल्ला के खिलाफ हरियाणा, सहारनपुर और शामली में कुल पांच मामले तथा करनाल निवासी सतीश के खिलाफ हरियाणा के करनाल और पानीपत तथा उत्तर प्रदेश के शामली में चार मामले दर्ज हैं।

## नक्सल मुक्त भारत का संकल्प : अमित शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बताया कि ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), विशेष अभियान समूह (एसओजी) ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया गया, जो नक्सलवाद पर एक और बड़ा प्रहार है। शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है।

## बेसहारा और

अलाव जलाया और जरूरतमंद लोगों को सर्दी में राहत पहुंचाने का काम किया। वहीं, दूसरी टीम ने राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती , मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग, मेदांता अस्पताल, लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने का काम किया। शहर में जगह-जगह अलाव जलाये जाने से आसपास के जिलों से काम करने लखनऊ आए मजदूरों, अपने परिजनों का इलाज कराने आए तीमारदारों, रिक्शा-ऑटो रिक्शा चालकों और ट्रेनों और बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को जाड़े की रात काटने में काफी सुविधा हो रही है।

## जेपीसी बैठक :

यह है कि अगर ऐसा किया गया तो उन संपत्तियों का क्या होगा, उनका प्रबंधन कौन करेगा। जैदी ने बताया कि उन्होंने जेपीसी के सामने यह बात रखी कि सारी दरगाहें, कर्बलाएं, इमामबाड़े, खानकाहें और कब्रिस्तान ऐसी सम्पत्तियां हैं जो इस्तेमाल में आती हैं लेकिन वक्फ के रूप में लिखित रूप से दर्ज नहीं हैं। उनका कहना था कि हालांकि वे इस्तेमाल के लिहाज से वक्फ में ही आती हैं और उनका प्रबंधन वक्फ अधिनियम के जरिए ही होता है। शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि और कई कानूनी पहलू हैं जिन्हें उन्होंने जेपीसी के सामने रखा है। उन्होंने बताया कि बैठक में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के साथ-साथ सांसद ए. राजा, इमरान मसूद, असदुद्दीन ओवैसी, मुहिबुल्लाह नदवी तथा राज्य सरकार के विभिन्न प्रतिनिधि शामिल थे।




## संक्षेप

### सेतु एफसी ने ओडिशा एफसी को 2-0 से हराया

भुवनेश्वर। अम्नाह नबाबी के दो गोल की मदद से सेतु एफसी ने मैच के ज्यादातर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएल फुटबॉल मैच में मौजूदा चैम्पियन ओडिशा एफसी को 2-0 से शिकस्त दी। अम्नाह ने मैच के 69वें और 82वें में गोलकर टीम की जीत पक्की की। इससे पहले मैच के 23वें मिनट में जेनिफर येबोआ को मैदान पर गिराने के कारण सेतु एफसी की अनु साबु को रेड कार्ड दिखा दिया गया। इसके बाद से टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। सेतु एफसी की इस जीत ने मौजूद सत्र में ओडिशा एफसी के अजेय क्रम को रोक दिया। टीम सात अंक के साथ तालिका में दूसरे पायदान पर पहुंच गयी जबकि ओडिशा एफसी चार अंकों के साथ चौथे पायदान पर है।

### प्रज्ञानानंदा ने अर्जुन को हराया, संयुक्त बढत पर

विज्क आन जी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अर्जुन एरिगेसी पर जीत दर्ज करके टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ संयुक्त बढत बना ली है। प्रज्ञानानंदा और अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा ने 60 चालों के बाद जीत दर्ज की। एरिगेसी की तीन दिन में यह दूसरी हार है जो पहले दिन पी हरिकृष्णा से पराजित हुए थे। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना को ड्रॉ पर रोका। उनके तीन में से दो अंक है। हरिकृष्णा को पदार्पण कर रहे भारत के ही लियोन ल्यूक मेंडोसा ने ड्रॉ पर रोका। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट के अभी नौ दौर बाकी हैं। गुकेश, कारूआना और जर्मनी के विंसेंट केमेर तीसरे स्थान पर हैं जबकि हरिकृष्णा। . 5 अंक लेकर चार खिलाड़ियों के साथ अगले स्थान पर हैं। चैलेंजर वर्ग में भारत की आर वैशाली को कजाखस्तान की नोजेरबेक काजिबेक ने हराया जबकि दिव्या देशमुख को अजरबैजान की ऐदिन सुलेमानी ने मात दी।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

जकार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### गिल को उपकप्तान बनाना दूरदर्शी कदमः अश्विन

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्र अश्विन ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शुभमन गिल को उपकप्तान बनने के फैसले को दूरदर्शी कदम करार देते हुए कहा कि शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज की टीम में जगह लगभग पक्की है और उन्हें भविष्य के कप्तान के तौर पर तैयार किया जा सकता है। हाल ही में संपन्न ऑस्ट्रेलिया दौरे पर राष्ट्रीय टीम से संन्यास की घोषणा करने वाले अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर रविवार को कहा, इस बारे में सोचें कि मौजूदा टीम में उप-कप्तान की भूमिका के लिए और किस पर विचार किया जा सकता है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाने का निर्णय सही है या गलत, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया कदम है।

# भारत ने मलेशिया को दस विकेट से हराया

## आईसीसी अंडर 19 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाते हुए हैट्रिक समेत पांच रन देकर पांच विकेट लिया

एजेंसी



कुआलालंपुर। पदार्पण कर रही बायें हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने आईसीसी अंडर 19 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाते हुए हैट्रिक समेत पांच रन देकर पांच विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने मलेशिया को मंगलवार को दस विकेट से हराया। वैष्णवी और बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन देकर तीन विकेट) ने मलेशियाई बल्लेबाजी की रीढ तोड़ दी और पूरी टीम 14.3 ओवर में 31 रन पर आउट हो गई।

भारत ने 2.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। जी तृषा ने 12 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 27 रन बनाये। भारत अब चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। श्रीलंका के भी चार अंक है लेकिन भारत का रन औसत (प्लस 9.1) श्रीलंका (प्लस 5.5) से बेहतर है। पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए वैष्णवी ने मलेशिया को एक के बाद एक झटके दिये। उन्होंने नूरिन बिन्ती रोसलान, नूर इस्मा दानिया और सिति नाजवान को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया। उन्होंने 14वें ओवर में हैट्रिक ली जब मलेशिया का स्कोर नौ विकेट पर 30 रन हो गया। वैष्णवी ने मैच के बाद कहा, यह सपने जैसा पदार्पण हुआ है जिसमें हैट्रिक और पांच विकेट मिले। मैं भारत के सीनियर स्पिनरों राधा यादव और रविंद्र जडेजा को आदर्श मानती हूं। भारतीय गेंदबाजों ने दस वाइड गेंदें नहीं डाली होती तो मलेशिया का स्कोर और खराब होता।

**इंग्लैंड के खिलाफ नये सिरे से शुरूआत करने उतरेगी टीम इंडिया, शमी की वापसी पर फोकस**

कोलकाता। फिट होकर टीम में लौटे मोहम्मद शमी की वापसी पर सभी की नजरें होंगी जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टी20 टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य आस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे पर शर्मनाक हार से मिले जख्मों पर मरहम लगाने का भी होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जायेंगे जो अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों के लिये खुद को आंकने का सुनहरा मौका है। शमी वनडे विश्व कप 2023 में चार मैचों से बाहर रहने के बावजूद भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जिन्होंने 24 विकेट लिये थे। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 57 रन देकर सात विकेट चटकाये थे। वह टी20 क्रिकेट में कुल 24 विकेट ले चुके हैं और इसमें अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को फाइनल में मिली हार के बाद से टखने की चोट के कारण शमी टीम से बाहर हैं। इसके बाद उनके बायें घुटने में सूजन आ गई थी। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमर में चोट होने से चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका खेलना तय नहीं है जिससे शमी पर काफी दारोमदार होगा। शमी ने बंगाल के लिये रणजी ट्रॉफी में वापसी की और सात विकेट लेकर सत्र की पहली जीत दिलाई। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 11 और विजय हजारे ट्रॉफी में पांच विकेट लिये। शमी ने टी20 कैरियर में 2014 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 23 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को अभी तक भुला नहीं पाई है जिसके बाद टीम में अनुशासन बहाल करने के लिये बीसीसीआई ने कड़े दिशा निर्देश जारी किये हैं। हरफनमौला अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने आईओसी प्रमुख थॉमस बाक से की मुलाकात



लुसाने। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के 30 जनवरी से लुसाने में होने वाले विशेष सत्र से पहले आइओसी के प्रमुख थॉमस बाक से मुलाकात की।

क्रिकेट को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है और इस दृष्टि से यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आईसीसी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर दोनों प्रमुख प्रशासकों की बैठक की तस्वीरें पोस्ट की। आईसीसी ने एक्स पर पोस्ट किया, लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के बाद भी क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने को लेकर प्रयास जारी हैं। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के लुसाने में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की। शाह को पिछले साल आईसीसी का अध्यक्ष चुना गया था तथा उन्होंने एक दिसंबर को पदभार ग्रहण किया था।

वह क्रिकेट को ओलंपिक में नियमित खेल के रूप में शामिल करने को लेकर प्रयासरत हैं। शाह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ब्रिस्बेन में थे जहां उन्होंने 2032 में ब्रिस्बेन में होने वाले ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति के प्रमुख सिंडी हुक और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले से मुलाकात की, ताकि उन्हें ओलंपिक 2032 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए राजी किया जा सके।

# 38वें राष्ट्रीय खेल : उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 31 खेलों में पेश करेंगे चुनौती




लखनऊ। उत्तराखंड में आयोजित होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीम पूरी तरह से तैयार है। इन खेलों का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 31 खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

राष्ट्रीय खेलों के लिए एके त्रिपाठी (उपाध्यक्ष, यूपी हॉकी) को उत्तर प्रदेश टीम का मुख्य दलनायक (चीफ डि मिशन) नियुक्त किया गया है। आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश के दल को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन का ध्वज सौंपा गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस बार उत्तर प्रदेश का 434 सदस्यीय दल राष्ट्रीय खेलों में भाग लेगा, जिसमें 340 खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों में 195 पुरुष एवं 145 महिला खिलाड़ी हैं। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने खिलाड़ियों व आफिशियल की सूची जारी कर दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों के सुचारू प्रतिभाग एवं प्रतियोगिता स्थल पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए मुख्य दलनायक एके त्रिपाठी के साथ सुधीर शर्मा (सचिव, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन), डा.सुधर्मा सिंह (सचिव, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन) और विनय सिंह (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) को उपदलनायक (डिप्टी चीफ डि मिशन) के तौर पर नियुक्त किया गया है।

- 38वें राष्ट्रीय खेल : उत्तर प्रदेश का 434 सदस्यीय दल तैयार
- एके त्रिपाठी होंगे उत्तर प्रदेश के मुख्य दलनायक

इसके अलावा कंटिजेंट असिस्टेंट की भूमिका में एसके तिवारी व मो.तौहीद होंगे। महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी पिछली बार के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करेंगे और राज्य के गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। नेशनल गेम्स से पहले उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के समन्वय से विभिन्न शहरों में कोचिंग कैंप आयोजित किए गए हैं ताकि खिलाड़ियों की पुख्ता तैयारियां हो सके। उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डा.आरपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के दल के सभी सदस्यों को ट्रेन का थ्री टीयर का किराया और किट दी जा रही है। इसके साथ इन खेलों में उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इसमें व्यक्तिगत खेलों में स्वर्ण विजेता को 6 लाख रुपए, रजत विजेता को 4 लाख रुपए व कांस्य पदक विजेता को 2 लाख रुपए का नगद पुरस्कार मिलेगा। वहीं टीम इवेंट में पदक विजेता टीम के प्रत्येक सदस्यों में स्वर्ण विजेता को 2 लाख रुपए, रजत विजेता को 1 लाख रुपए व कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि 2023 में गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश ने 11 स्वर्ण, 23 रजत और 36 कांस्य पदक सहित कुल 70 पदक जीते थे। इस बार टीम की तैयारी पहले से अधिक मजबूत है और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

### पार्ल रॉयल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया

पार्ल। पार्ल रॉयल्स के स्पिनरों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए एसए20 लीग में जोबर्ग सुपर किंग्स पर छह विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। रॉयल्स की स्पिन चौकड़ी ब्योर्न फोर्टुन, मुजीबुर रहमान, जो रूट और डुनिथ वेलालगे ने स्पिन का जाल बुनकर सुपर किंग्स को छह विकेट पर 146 रन पर रोक दिया। जवाब में उन्होंने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 150 रन बनाकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। फोर्टुन ने पावरप्ले में दो विकेट चटकाये जबकि मुजीबुर ने 28 रन देकर एक विकेट लिया। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। हमने स्पिनरों पर भरोसा किया और वह सही साबित हुआ। मेरे पास इतने सारे विकल्प थे जो बहुत अच्छी बात है। सुपर किंग्स ने आखिरी पांच ओवर में 65 रन बनाये। इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो ने 40 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन जोड़े जबकि डोनोवान फरेरा ने 19 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये। लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने 14 गेंद में 27 रन की पारी खेली। तेज गेंदबाज हार्डस विजोएन ने प्रिटोरियस और जो रूट को लगातार आउट करके वापसी की कोशिश की लेकिन रॉयल्स ने मैच पर पकड़ ढीली होने ही नहीं दी। मिलर ने आखिर में फिनिशर की भूमिका निभाते हुए मिचेल वान बुरेन (44 रन) के साथ चौथे विकेट के लिये 71 रन जोड़े।

# चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं होना मलाल नहीं : सूर्य

एजेंसी




कोलकाता। भारतीय टी20 टीम के कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने को स्वीकार करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा निराशा इस बात की है कि वह वनडे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए चुने गए खिलाड़ी टीम में शामिल होने के हकदार हैं। चयनकर्ताओं ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम के लिए सूर्यकुमार को नजरअंदाज किया है। वह हालांकि बुधवार से यहां जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। सूर्यकुमार को मैदान के चारों ओर शॉट सहजता से बड़े शॉट खेलने की क्षमता के कारण मौजूदा समय में टी20 प्रारूप के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। वह हालांकि टी20 प्रारूप की सफलता को वनडे में जारी रखने में विफल रहे है। एकदिवसीय में उन्होंने 37 मैचों में 25.76 के औसत से 773 रन बनाये है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरूआती मैच की पूर्व संध्या पर जब सूर्यकुमार से पूछा गया क्या चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने से वह मायूस हैं तो उन्होंने कहा, कोई मायूस क्यों होगा? मैं अगर अच्छा (वनडे में) करूंगा तो टीम में जगह मिलेगी। मैंने अगर अच्छा नहीं किया तो ऐसा नहीं होगा। इसे स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है। उन्होंने कहा, इसके साथ ही अगर आप टीम (चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गयी) को देखे तो यह शानदार है। इस टीम में जो भी है वे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं। उन सब से इस प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और मैं उनके लिए काफी खुश हूं। सूर्यकुमार ने कहा, मुझे यह मलाल है कि मैंने इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर मैंने अच्छा किया होता तो मैं उस टीम में होता। जिस खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया है वह जगह का हकदार है। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह और चोट से वापसी कर रहे मोहम्मद शमी अगर फिट रहे तो चैम्पियंस ट्रॉफी में किसी भी टीम के खिलाफ खतरनाक संयोजन साबित होंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुमराह चोट के कारण पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके थे। सूर्यकुमार ने कहा, उन्होंने एक साथ काफी क्रिकेट खेला है। वे अनुभवी गेंदबाज हैं। जब भी आप भारत के लिए खेलते हैं तो यह एक अलग तरह की भावना होती है। इसमें जिम्मेदारी का भी एहसास होता है और आप देश के लिए खेलना पसंद करते है। दोनों को एक साथ गेंदबाजी करते देखना अच्छा होगा जैसा कि हमने एकदिवसीय विश्व कप में देखा था।

# जोकोविच ने अल्काराज को हराकर ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर बढ़ाया कदम

एजेंसी



मेलबर्न। नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां कार्लोस अल्काराज को हराकर रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। सैंतीस साल के जोकोविच में बायें पैर में खिंचाव के दर्द से पार पाते हुए विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अपने से 16 साल छोटे खिलाड़ी को 4-6, 6-4, 6-3, 6-4 से हराकर 12वीं बार इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की।

स्पेन के 21 साल के तीसरी रैंकिंग वाले अल्काराज ने पूर्व विश्व नंबर एक के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीतकर मजबूत शुरुआत की थी लेकिन जोकोविच ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए अगले तीन सेट में अपना दबदबा दिखाया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज जोकोविच सामने ग्रैंड स्लैम के अपने 50वें सेमीफाइनल मैच में दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव की चुनौती होगी। ज्वेरेव ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिल अमेरिका के टॉमी पॉल को 7-6 (1), 7-6 (0), 2-6, 6-। हराया।

**टॉमी पॉल को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव**

मेलबर्न। दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां टॉमी पॉल को हराकर अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। जर्मनी के इस खिलाड़ी ने रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज अमेरिका के पॉल के खिलाफ तीन घंटे 28 मिनट तक चले मुकाबले को 7-6, 7-6, 2-6, 6-। से अपने नाम किया। मैच के दूसरे सेट में जब ज्वेरेव 4-2 से पीछे चल रहे थे तब चेयर अंपायर ने कोर्ट में चिड़िया का पंख गिरने के कारण उनके हासिल किये गये अंक का रिप्ले दिखाने को कहा। रिप्ले के कारण मैच में आयी रुकावट से ज्वेरेव थोड़े गुस्से में आ गये और उन्होंने अंपायर से कहा, क्या? एक पंख? इस कोर्ट के आसपास लाखों की संख्या में पंख गिरते रहते हैं। एक यहां है, एक वहां है। उन्होंने मैच के बाद इस बारे में पूछे जाने पर कहा, मुझे नहीं पता की अंपायर का फैसला सही था या गलत। यह कोई कड़ी चीज नहीं है। पंख से टकराने बाद भी टेनिस गेंद की दिशा में कोई बदलाव नहीं आयेगा।

**आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में बाडोसा से हारी कोको गाफ**

मेलबर्न। अमेरिका की तीसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में स्पेन की 11वें नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा से 5.7, 4.6 से हारकर बाहर हो गई।

इस वर्ष 9.0 के रिकॉर्ड के साथ रॉड लावेर एरिना आई गाफ नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीतने के बाद एक भी मैच नहीं हारी थी। उन्होंने इस साल मेलबर्न पार्क पर चार मैचों में एक ही सेट गंवाया। बाडोसा 27 वर्ष की उम्र में अपने कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम खेलेंगी। उन्होंने कहा, मैं भावुक हो गई हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती थी जो मुझे लगता है कि मैने किया। मुझे अपने प्रदर्शन पर गर्व है। अब उनका सामना दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका या 27वीं रैंकिंग वाली अनास्तासिया पावलुचेंकोवा से होगा। सबालेंका पिछली दो बार की चैम्पियन भी है।

**आर्यना सबालेंका लगातार तीसरे खिताब से दो जीत दूर**

मेलबर्न। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को यहां पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 2-6, 6-2, 6-3 से हराया। इस तरह से वह मेलबर्न पार्क में लगातार 19 मैच जीत चुकी हैं। गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में उनका मुकाबला अपनी अच्छी सहेली और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा से होगा। सबालेंका को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा। तीसरे और निर्णायक सेट में भी एक समय स्कोर 33 से बराबरी पर था। इसके बाद सबालेंका ने लगातार तीन गेम जीतकर मैच अपने नाम किया। सबालेंका अगर इस बार भी चैंपियन बनती है तो फिर वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में मार्टिना हिंगिस के बाद खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। इससे पहले दिन के पहले क्वार्टरफाइनल में पाउला बडोसा ने तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 7-5, 6-4 से हराया था।

### हिमा दास ने महाकुंभ में गंगा में लगाई डुबकी

महाकुंभ नगर (उत्तर प्रदेश)। सोलह महीने का निलंबन पूरा करने के बाद नये सत्र में वापसी की तैयारी कर रही स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास ने महाकुंभ नगर आकर गंगा में डुबकी लगाई। उनके अध्यात्मिक गुरू ने यह जानकारी दी। जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता और धिंग एक्सप्रेस के नाम से मशहूर हिमा यहां अपने दोस्तों के साथ आई थी और अपने अध्यात्मिक गुरू केशव दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज निर्मोही अखाड़े से जुड़े हैं। महाराज ने कहा, जब हिमा को महाकुंभ में पूर्वोत्तर शिविर के बारे में पता चला तो वह आये बिना रह नहीं सकी। वह अपने दोस्तों के साथ आई, गंगा में डुबकी लगाई और रविवार को चली गई। उन्होंने कहा, वह इस अनुभव को लेकर काफी रोमांचित थी और नामघर (असम का पारंपरिक पूजा कक्ष) देखने भी आई। नामघर में एक मणिकूट (आंतरिक गर्भगृह), एक कीर्तन घर (प्रार्थना कक्ष) और एक रंगली सुहा (प्रवेश द्वार) होता है। मणिकूट में भगवान नारायण की मूर्ति या भगवद् ग्रंथ रखे होते हैं। 25 वर्ष की हिमा 16 महीने का निलंबन खत्म होने के बाद वापसी की तैयारी में है। उनका निलंबर 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक था।

# गणतंत्र दिवस कप 2025 के उद्घाटन मैच में एलपीएआई की जीत



भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) द्वारा नवनिर्मित क्रिकेट पिच पर आयोजित एलपीएआई गणतंत्र दिवस कप 2025 के उद्घाटन मैच में एलपीएआई ने एसएसबी को 21 रन से हराया। टॉस जीतकर ररइ ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और एलपीएआई को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

एलपीएआई के कप्तान **आशुतोष** ओझा और राधिका ने पहले चार ओवर में एक विकेट खोकर 40 रन बनाए। कप्तान आशुतोष ने 15 और राधिका ने 13 रन बनाये, जबकि मुस्कर राय ने 11 रन बनाये। पूरी टीम ने 12 ओवर में 91 रन का स्कोर खड़ा किया, और 9 विकेट खो दिए। 92 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एसएसबी की टीम संघर्ष करती हुई नजर आई। केवल अर्मत कुमार ही दहाई का आंकड़ा छू सके, और पूरी टीम 71 रन पर आलआउट हो गई। एलपीएआई की तरफ से अनिल ने 3 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया।

मैच के मुख्य अतिथि इमिग्रेशन के अध्यक्ष राम अवध सिंह थे, जिन्होंने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएचए हसीब अहमद, कस्टम अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सचान और अन्य मेहमान भी उपस्थित रहे। मैच के अंपायर संदीप सिंह और शैलेन्द्र यादव थे। एलपीएआई के मेनेजर श्री सुधीर शर्मा ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

# 2026 तक नक्सल समस्या होगी खत्म

## ओडिशा- छग सीमा पर 16 नक्सलियों के ढेर होने से लगा नक्सली आंदोलन को बड़ा झटका : शाह

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बताया कि ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ),विशेष अभियान समूह (एसओजी) ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में 16 नक्सलियों को मार गिराया गया, जो नक्सलवाद पर एक और बड़ा प्रहार है। शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नक्सलवाद को एक और करारा झटका।

हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर एक संयुक्त अभियान में 16 नक्सलियों को मार गिराया। एक अधिकारी ने कहा कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में सोमवार देर रात और मंगलवार की सुबह हुई ताजा गोलीबारी में माओवादियों को मार गिराया गया। वहीं सोमवार को अभियान के दौरान दो महिला नक्सलियों को मार गिराया गया और मुठभेड़ स्थल से एक सेल्फ-लोडिंग राइफल सहित बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और बारूदी सुरंग बरामद किए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार (केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार) के तहत छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से मार्च 2026 तक इस खतरे से मुक्ति पा लेगा। साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है, गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा। इस मुठभेड़ के साथ ही इस वर्ष अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 40 नक्सली मारे जा चुके हैं। 16 जनवरी को राज्य के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए थे। बाद में माओवादियों ने एक बयान में स्वीकार किया कि 16 जनवरी की मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए थे। पिछले वर्ष राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को मार गिराया था।

# ट्रंप ने ट्रांसजेंडर संरक्षण वापस लेने के वादे को किया पूरा, किये हस्ताक्षर



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कुछ शासकीय आदेशों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें ट्रांसजेंडर लोगों के लिए सुरक्षा वापस ले ली गई और संघीय सरकार के भीतर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों को समाप्त कर दिया गया। ट्रंप ने अपने उद्घाटन भाषण में इसे सार्वजनिक और निजी जीवन के हर पहलू में जाति और लिंग को सामाजिक रूप से नियोजित करने के प्रयासों को समाप्त करने के कदम के रूप में वर्णित किया। संघीय नीति के लिए दोनों बड़े बदलाव हैं और ट्रंप के प्रचार अभियान के दौरान किए गए वादों के अनुरूप हैं।

एक आदेश में घोषणा की गई है कि संघीय सरकार केवल दो अपरिवर्तनीय लिंगों को मान्यता देगीः पुरुष और महिला। यह परिभाषा इस बात पर आधारित होगी कि लोग अंडे या शुक्राणु के साथ पैदा हुए हैं, न कि उनके गुणसूत्रों पर। इस बदलाव को महिलाओं को लैंगिक अतिवाद से बचाने के तरीके के रूप में पेश किया जा रहा है। अमेरिकन फेमिली एसोसिएशन जैसे रुढ़िवादी समूह इस बदलाव की प्रशंसा कर रहे हैं और उनका कहना है कि यह सच्चाई को स्वीकार करता है। लेकिन अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन और अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन सहित विशेषज्ञों का मानना है कि लिंग एक स्पेक्ट्रम है, न कि केवल पुरुषों और महिलाओं को बताने वाली बाइनरी संरचना। आदेश के तहत, प्रवासियों और बलात्कार पीड़ितों के लिए संघीय जेलों और आश्रयों को आदेश में परिभाषित लिंग के आधार पर अलग किया जाना है। संघीय करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल परिवर्तन सेवाओं के लिए नहीं किया जा सकता था। संघीय जेल के कुछ कैदियों ने लिंग परिवर्तन की सर्जरी करवाई है और कई ने संघीय निधियों से हार्मोन थेरेपी जैसे उपचार करवाए हैं।

### संक्षेप

## कश्मीर के पर्यटक स्थल गुलमर्ग में बर्फबारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पर्यटक रिसॉर्ट गुलमर्ग और सोनमर्ग समेत उंचाई वाले कुछ अन्य इलाकों में रात के दौरान ताजा बर्फबारी देखने को मिली। हालांकि, पूरी घाटी के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत मिली। अधिकारियों ने यहां मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोजिला में भी बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार को छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है, जबकि एक दिन बाद छिटपुट स्थानों पर बहुत हल्की बारिश या हल्की बर्फबारी की संभावना है। बादल छाए रहने के कारण पूरी घाटी में रात के तापमान में वृद्धि हुई। मौसम विभाग ने कहा कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान सोमवार रात को एक डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो पिछली रात शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों में से एक पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे से चार डिग्री अधिक है। स्कीइंग के लिए मशहूर उत्तरी कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

## पेपर लीक युवाओं के अधिकार छीनने का हथियार, संसद में उठाऊंगा मुद्दा : राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों के आंदोलन का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि पेपर लीक भारत के गरीब युवाओं का अधिकार छीनने, उनके हुनर और सपनों को दबाने का हथियार है। उन्होंने यह भी कहा कि वह संसद में इस विषय को उठाएंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पिछने दिनों बीपीएससी परीक्षा में कथित पेपरलीक के खिलाफ आंदोलन कर रहे युवाओं से पटना में मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इस मुलाकात का वीडियो अपने यूट्यूब चैन पर अपलोड करके लिखा, पेपर लीक भारत के गरीब युवाओं का अधिकार छीनने, उनके हुनर और सपनों को दबाने का हथियार है।

हर भाजपा शासित प्रदेश में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं और उसके ऊपर से अपने हक की आवाज उठाते युवाओं पर बर्बरता के साथ अन्याय कर उनके विरोध को कुचला जाता है। उन्होंने कहा, हाल में बिहार में हुए बीपीएससी परीक्षा घोटाले और उसके बाद लाठीचार्ज और पुलिस द्वारा हिंसा से पीड़ित छात्रों से मुलाकात कर गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई।

## राहुल से डरती है सरकार : प्रियंका

एजेंसी



बेलगावी (कर्नाटक)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्यंवसेक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि दोनों की विचारधारा कायरों की है, जबकि मुख्य विपक्षी दल देश के लिए मर-मिटने का विचार रखता है। उन्होंने यहां जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से डरती है क्योंकि वह संविधान की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण इस रैली में शामिल नहीं हो सके। प्रियंका गांधी ने रैली में कहा, यह संविधान कोई पुस्तक नहीं है, बल्कि आपका (जनता) सुरक्षा कवच है। बाबासाहेब ने इसमें लोकतंत्र की सुरक्षा समाहित की है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि बाबासाहेब सामाजिक न्याय और अधिकार का प्रतीक हैं। कांग्रेस नेता ने संसद में गृह मंत्री अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए कहा, बहुत सरकारें आईं और बहुत सरकारें गईं, अनेक पार्टियों की सरकारें बनी, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई जिसके गृह मंत्री ने संसद में खड़े होकर बाबासाहेब का अपमान किया हो। आज तक कोई सरकार (सत्ता में) नहीं रही जिसके मंत्रियों ने चुनाव में घूम-घूम कर संविधान बदलने का ऐलान किया हो।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन से 17 की मौत, आठ लापता

जकार्ता। इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन होने के कारण 17 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य के दौरान 17 लोगों के शव बरामद किए, जो मुख्य द्वीप जावा के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गांवों में अचानक आई बाढ़ में बह गए थे और मलबे तथा चट्टानों के नीचे दब गए थे। उन्होंने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन की घटना में आठ लोगों के लापता होने की सूचना है। स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गस कैटुरसारी ने बताया कि सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियों में आई बाढ़ ने मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगन रीजेंसी के नौ गांवों को अपनी चपेट में ले लिया और पर्वतीय क्षेत्र में पर्वतीय ढलानों से मिट्टी, चट्टानें दरककर नीचे गिर गईं तथा कई पेड़ भी उखड़ गए। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने सबसे ज्यादा प्रभावित पेटुंगक्रिओनो गांव से मंगलवार तक कम से कम 17 शव निकाले। उनके अनुसार, बचावकर्मी उन आठ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं जो अब भी लापता हैं।

## भाजपा का घोषणापत्र खतरनाक : सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा बंद

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र को देश के लिए खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि पार्टी मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और सरकारी स्कूलों में शिक्षा को खत्म करना चाहती है। केजरीवाल ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर घोषणापत्र में अपने असली इरादे जाहिर करने का आरोप लगाया और मतदाताओं को पार्टी का समर्थन नहीं करने को लेकर आगाह किया।

उन्होंने कहा, अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वे मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं खत्म कर देंगे और दिल्ली में गरीबों के लिए जीना मुश्किल कर देंगे। यह आम आदमी के कल्याण पर सीधा हमला है। भाजपा ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को दिल्ली के लिए जारी अपने पहले चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता, प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपये की सहायता, 500 रुपये में एलपीजी (घरेलू गैस) सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों को 2,500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जारी पार्टी के दूसरे घोषणापत्र में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की जिनमें सरकारी संस्थानों में किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक जरूरतमंद छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा शामिल है।

घोषणापत्र में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य सिविल सेवा (पीसीएस) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को वित्तीय मदद देने का भी वादा किया गया है जिसके तहत दो प्रयासों तक 15,000 रुपये की मदद दी जाएगी। केजरीवाल ने भाजपा को अपने घोषणापत्र में सरकारी संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान किए जाने की बात लिखने को लेकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि भाजपा सभी छात्रों के लिए यह सुविधा बंद करने की योजना बना रही है।

## प्रियंका गांधी स्त्री शक्ति, राहुल युवा शक्ति : खरगे

एजेंसी



बेलगावी (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा की तुलना अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाली विभूतियों - कित्तूर रानी चेन्नम्मा और झांसी की रानी लक्ष्मी बाई से की और कहा कि वह स्त्री शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

उन्होंने राहुल गांधी को युवा शक्ति का प्रतीक बताया। यहां गांधी भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने 1924 में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में बेलगावी में हुए कांग्रेस के एक मात्र अधिवेशन के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने कहा, अगर कोई कित्तूर की चेनम्मा हैं तो प्रियंका गांधी हैं। अगर कोई झांसी की रानी हैं तो प्रियंका गांधी हैं। वह बहुत मजबूत हैं। राजीव गांधी की हत्या के बाद उन्होंने ही परिवार को संभाला। हमारे पास स्त्री शक्ति (प्रियंका गांधी में) और युवा शक्ति राहुल गांधी हैं। जय बापू, जय भीम, जय संविधान विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा गया और उन पर हाल ही में राज्यसभा में भारतीय संविधान और इसके निर्माता बी.आर. आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया गया। केंद्रीय मंत्री शाह ने आरोपों को झूठ बताकर खारिज कर दिया था।

### इंटरटेनमेंट...

## मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दूसरा शो आयोजित



मुंबई। रविवार को कोल्डप्ले ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अपना दूसरा शो आयोजित किया। इस दौरान क्रिस मार्टिन ने अपने प्रदर्शन के दौरान शाहरुख खान को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने शाहरुख खान को हमेशा के लिए याद किया जाने वाला बताया। सोशल मीडिया पर वह वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

जिस पर शाहरुख ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट शुरू करने से पहले एक म्यूजिक प्ले किया और कहा- शाहरुख खान फॉरएवर। इतना सुनते ही भीड़ क्रेजी हो गई और खुशी के मारे चिल्लाने लगी। स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों ने अपने फोन की लाइटें चमकाते हुए हूटिंग की। सोशल मीडिया यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी अपने दोस्तों के साथ कॉन्सर्ट देखने गई थीं। सोमवार को शाहरुख खान ने वायरल वीडियो को शेयर करते हुए क्रिस मार्टिन को थैंक्स कहा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है- सितारों को देखो, कैसे वो आपके लिए चमक रहे हैं। क्रिस मेरे भाई, तुमने मुझे खास फील करवाया है। आपको प्यार और आपकी टीम को बड़ा सा हग। आप करोड़ों में एक हैं मेरे दोस्त, इंडिया आपसे प्यार करता है। इसके साथ ही शाहरुख ने वायरल वीडियो पर लिखा है- क्रिस मार्टिन फोरएवर एंड एवर। शाहरुख खान और क्रिस मार्टिन यह प्यार भरा रिश्ता देखकर फैंस को भी काफी खुशी हुई है। फैंस ने भी शाहरुख और क्रिस मार्टिन को लेकर अलग-अलग तरह के रिएक्शन सोशल मीडिया पर दिए हैं।

## बीबी18 फिनाले से बिना शूट किए निकलने पर बोले अक्षय



मुंबई। अक्षय कुमार ने उन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है, जिनमें कहा जा रहा था कि वे सलमान खान के देर से आने के कारण बिग बॉस 18 के सेट से बिना शूटिंग किए वापस चले गए थे। अक्षय कुमार ने स्पष्ट किया कि उनके पास पहले से ही कुछ जरूरी कमिटमेंट्स थे, जिसकी वजह से उन्हें जाना पड़ा था। हाल ही में दिल्ली में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब अक्षय से पूछा गया कि क्या सलमान की देर से आने के कारण उन्हें सेट से बिना शूट किए जाना पड़ा था, तो उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, 'मैं समय पर वहां पहुंच चुका था, लेकिन सलमान थोड़े देर से पहुंचे। उन्हें कुछ पर्सनल काम था, इसलिए उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें करीब 40 मिनट की देरी होगी। लेकिन मुझे वहां से जाना पड़ा, क्योंकि मेरे पास पहले से कुछ कमिटमेंट्स थे। हमने इस बारे में बात की और मैं सेट से निकल गया, लेकिन वीर वहीं थे और उन्होंने सलमान के साथ शूट किया था।' हालांकि, सलमान खान ने भी फिनाले एपिसोड में बताया था।

**सलमान खान लेट नहीं थे, बस मेरे पास कुछ जरूरी कमिटमेंट्स थे**

## आपत्तिजनक अफवाहों पर भड़कीं तब्बू

मुंबई। एक्ट्रेस तब्बू ने अपने खिलाफ फैलाए गए आपत्तिजनक अफवाहों पर गुस्सा जाहिर किया है, जिसमें कहा गया था कि 'मुझे शादी में दिलचस्पी नहीं है, बल्की ? मुझे सिर्फ अपने बिस्तर पर मर्द चाहिए।' तब्बू की टीम ने ऐसी खबरों को प्रसारित करने वाले मीडिया हाउस को फटकार लगाई है। इस मामले में तब्बू की टीम ने एक सार्वजनिक बयान जारी किया है। जिसमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की आलोचना की है, जिनमें शादी के बारे में एक्ट्रेस के विचार पब्लिश किए थे। तब्बू की टीम ने अपनी इस हरकत के लिए मीडिया हाउस से औपचारिक रूप से माफी मांगने को कहा है।

## सैफ 5 दिन बाद अस्पताल से डिस्चाज, कार से उतरकर खुद बिल्डिंग के अंदर गये



**मुंबई**लीलावती अस्पताल से घर पहुंचने में सैफ अली खान को करीब 15 मिनट लगे। वे कार से उतरकर बिल्डिंग के अंदर गए। एक्टर सैफ अली खान को 5 दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे उन पर चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी हुई और इलाज चला। सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से घर पहुंचने में करीब 15 मिनट लगे। इस दौरान वे सड़क पर लोगों का हंसकर अभिवादन करते हुए दिखे। जब वे घर पहुंचे तो खुद ही कार से उतरकर बिल्डिंग के अंदर गए। सैफ व्हाइट शर्ट, नीली जींस, काला चश्मा पहने दिखे। उनके पीठ पर पट्टी लगी दिख रही थी। उनके घर के बाहर भारी सुरक्षा व्यवस्था है। बेरिकैडिंग की गई है। सैफ अब सतगुरु शरण अपार्टमेंट में नहीं रहेंगे, जहां उन पर हमला किया गया। पास ही फॉर्च्यून हाइट्स इमारत में उनका सामान शिफ्ट किया गया है, ये एक्टर का दफ्तर है। सैफ अली खान मंगलवार की शाम 4 बजकर 30 मिनट पर अस्पताल से डिस्चार्ज हुए। घर जाते वक्त सैफ अली खान लोगों का हंसकर अभिवादन कर रहे थे। सैफ अली खान ने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से हाथ मिलाया। सैफ की पीठ पर भी पट्टी दिखी। कहा जा रहा है कि यहीं पर हमलावर ने चाकू से वार किया था। सैफ की सुरक्षा एक्टर रोनित रॉय की एजेंसी को सौंपी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जानलेवा हमले के बाद सैफ अली खान ने अपनी सिक्योरिटी टीम बदल दी है। अब उन्हें एक्टर रोनित रॉय की सिक्योरिटी एजेंसी सुरक्षा मुहैया कराएगी। रोनित की फर्म अमिताभ बच्चन, आमिर खान और अक्षय कुमार जैसे बड़े स्टार्स को सिक्योरिटी प्रोवाइड करा चुकी है।

मुंबई पुलिस ने मंगलवार तड़के क्राइम सीन रीक्रिएट किया। इसके लिए आरोपी शरीफुल को पुलिस सोमवार रात 1 बजकर 15 मिनट पर लॉकअप से निकालकर सबसे पहले बांद्रा स्टेशन पहुंची। तड़के 3-4 बजे के बीच उसे सैफ की सोसाइटी में ले जाया गया। आरोपी को ठीक उसी तरह से एक बैग पैक भी पहनाया गया था।

**सुरक्षा की जिम्मेदारी एक्टर रोनित रॉय की एजेंसी को सौंपी**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K